**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.8 | 23.0 |
| डालटनगंज | 32.6 | 25.3 |
| धनबाद | 31.2 | 25.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, शुक्रवार 22 अगस्त 2025 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 135 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


**ब्रीफ न्यूज**

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमले के बाद उनकी सुरक्षा को और कड़ी करते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है. मुख्यमंत्री की सुरक्षा में अब दिल्ली पुलिस के साथ-साथ सीआरपीएफ के जवान भी तैनात रहेंगे. यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी है. इसी बीच दिल्ली के सातों भाजपा सांसदों- रामवीर सिंह बिधूड़ी, बांसुरी स्वराज, हर्ष मल्होत्रा, मनोज तिवारी, प्रवीण खंडेलवाल, कमलजीत सहरावत और योगेंद्र चंदेलिया ने आज मुख्यमंत्री से उनके आवास पर जाकर उनका कुशलक्षेम पूछा.

### पंजाब में बब्बर खालसा का आतंकी गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ।** पंजाब पुलिस ने आतंकी संगठन बब्बर खालसा के इशारे पर काम करने वाले एक आतंकी को गिरफ्तार करके हैंड ग्रेनेड तथा अन्य हथियार बरामद किए हैं. पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि पकड़े गए अमृतसर के पंडोरी निवासी मलकीत सिंह के पास से एक हैंड ग्रेनेड, एक पिस्तौल और 10 ज़िंदा कारतूस बरामद किए गए हैं. डीजीपी के अनुसार प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उसका ब्रिटेन में बैठे गैंगस्टर धर्मा संधू से सीधा संबंध है, जो बब्बर खालसा इंटरनेशनल के सदस्य हरविंदर रिंदा का करीबी सहयोगी है. पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है.

### लोस अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली ।** लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी. इस सत्र में 14 विधेयक प्रस्तुत किए गए और 12 विधेयक पारित हुए. विपक्ष के बिहार में मतदाता सूची अपडेट की प्रक्रिया और अन्य मुद्दों पर हंगामा के चलते कार्यवाही प्रभावित रही. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सत्र के समापन पर सदन में हुए कार्यों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि नियोजित व्यवधानों के कारण 120 घंटे की तय चर्चा में से केवल 37 घंटे ही चर्चा संभव हो पाई. सत्र 21 जुलाई को प्रारंभ हुआ था और आज इसकी समाप्ति की घोषणा की जा रही है.

### फिजी के प्रधानमंत्री सितिवेनी आएंगे भारत

**नई दिल्ली ।** प्रशांत महासागर में भारत के महत्वपूर्ण मित्र देश फिजी के प्रधानमंत्री सितिवेनी लिगमामादा राबुका, 24 अगस्त को भारत की तीन दिन की राजकीय यात्रा पर यहां आएंगे. विदेश मंत्रालय ने आज यहां बताया कि श्री राबुका के साथ उनकी पत्नी सुलुएती राबुका भी आएंगी तथा उनके साथ आने वाले प्रतिनिधि मंडल में फिजी के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा मंत्री रातू अटोनियो लालबालावु और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे. राबुका की वर्तमान पद पर यह पहली भारत यात्रा होगी. नई दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान, पीएम राबुका 25 अगस्त को पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी अतिथि के सम्मान में दोपहर के भोज देंगे.

### जीएसटी में होने जा रहा है बड़ा बदलाव, आम आदमी को मिलेगी राहत

# जीओएम ने दी मंजूरी, जीएसटी में खत्म होंगे 12% व 28% वाले स्लैब

एजेंसी । नयी दिल्ली

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को तर्कसंगत बनाने को लेकर राज्यों के वित्त मंत्रियों के समूह (जीओएम) की महत्वपूर्ण बैठक में केंद्र सरकार के प्रस्ताव को मान लिया गया.




मीटिंग में टैक्स स्लैब को घटाकर 5 प्रतिशत और झ18 प्रतिशत करने के केंद्र के प्रस्ताव पर चर्चा की गई, जिस पर जीओएम ने सहमति जताई है. केंद्र सरकार ने जीएसटी में बड़े पैमाने पर बदलाव का प्रस्ताव दिया है, जिसमें 12% और 28% स्लैब को हटाकर केवल 5% और 18% की दो दरें रखने की बात कही गई है. इसके अलावा, तंबाकू और पान मसाला जैसे गुड्स पर 40% की विशेष दर लागू की जा सकती है. दरअसल केंद्र सरकार जीएसटी में बदलाव के जरिए आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग और एमएसएमईएस को राहत देना चाहती है. वह इसके जरिए टैक्स सिस्टम को आसान भी करना चाहती है.

**वित्त मंत्री बोलीं, मध्यम वर्ग हो होगी राहत :** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी के मामले पर कहा था कि दरों को युक्तिसंगत बनाने से आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग एवं और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) को अधिक राहत मिलेगी. साथ ही एक आसान और पारदर्शी कर व्यवस्था सुनिश्चित होगी. बता दें कि मौजूदा समय में पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाया जाता है. खाद्य एवं आवश्यक वस्तुओं पर शून्य या पांच प्रतिशत कर लगता है. वहीं विलासिता एवं अहितकर वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की दर से कर लगता है, जिसके ऊपर उपकर भी लगता है.

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से कहा था कि इस साल दिवाली में बड़ा तोहफा मिलने वाला है. हम नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स लेकर आ रहे हैं. सामान्य लोगों के लिए टैक्स कम कर देंगे, रोजमर्रा की चीजें सस्ती हो जाएगी, लोगों को बहुत फायदा होगा.

### जीएसटी की चार दरों को हटाकर लाया जाएगा नया सिस्टम



बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में छह सदस्यीय मंत्री समूह ने 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की मौजूदा चार दरों वाले सिस्टम को बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. अब इसकी जगह दो दरें ही लागू होंगी. जरूरी सामान पर 5 प्रतिशत और सामान्य चीजों पर 18 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रस्ताव रखा गया था. वहीं तंबाकू जैसे कुछ नुकसानदेह सामानों पर 40% की दर लागू होगी.

### जीओएम ने केंद्र सरकार का प्रस्ताव किया स्वीकार

#### ये सामान सस्ते होंगे इन पर टैक्स 12% से 5% होगा




- सूखे मेवे, ब्रांडेड नमकीन, टूथ पाउडर, टूथपेस्ट, साबुन, हेयर ऑयल, सामान्य एंटीबायोटिक्स, पेनकिलर दवाएं, प्रोसेस्ड फूड, स्नैक्स, फ्रोजन सब्जियां, कंडेंस्ड मिल्क, कुछ मोबाइल, कुछ कंप्यूटर, सिलाई मशीन, प्रेशर कुकर, गीजर जैसी चीजें सस्ती होंगी.
- इनके अलावा बिना बिजली वाले पानी के फिल्टर, इलेक्ट्रिक आयरन, वैक्यूम क्लीनर, 1000 रुपए से ज्यादा के रेडीमेड कपड़े, 500-1000 रुपए की रेंज वाले जूते, ज्यादातर वैक्सीन, एचआईवी/टीबी डायग्नोस्टिक किट, साइकिल, बर्तन पर भी कम टैक्स लगेगा.
- ज्योमेट्री बॉक्स, नक्शे, ग्लोब, ग्लेज्ड टाइल्स, प्री-फैब्रिकेटेड बिल्डिंग, वेंडिंग मशीन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहन, कृषि मशीनरी, सोलर वॉटर हीटर जैसे प्रोडक्ट भी 12% के टैक्स स्लैब में आते हैं. दो स्लैब की मंजूरी के बाद इन पर 5% टैक्स लगेगा.

#### ये सामान सस्ते होंगे इन पर टैक्स 28% से 18% होगा



सीमेंट, ब्यूटी प्रोडक्ट, चॉकलेट, रेडी-मिक्स कंक्रीट, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एसी, डिशवॉशर, निजी विमान, प्रोटीन कॉन्संट्रेट, चीनी सिरप, कॉफी कॉन्संट्रेट, प्लास्टिक प्रोडक्ट, रबर टायर, एल्युमिनियम फॉयल, टेम्पर्ड ग्लास, प्रिंटर, रेजर, मैनिक्योर किट, डेंटल फ्लॉस.

**जीओएम में अलग-अलग राज्यों के वरिष्ठ मंत्री :** जीओएम सरकार की एक विशेष समिति है, जिसमें अलग-अलग राज्यों के सीनियर मिनिस्टर शामिल होते हैं. इसे जीएसटी से जुड़े जटिल मुद्दों, जैसे टैक्स रेट बदलना या राजस्व विश्लेषण, पर चर्चा और सिफारिशें देने के लिए बनाया जाता है. यह जीएसटी काउंसिल को सुझाव देता है, जो अंतिम फैसला लेती है. इनमें 6 से 13 सदस्य तक हो सकते हैं. जैसे जीएसटी रेट रेशनलाइजेशन जीओएम में 6 सदस्य हैं. इसमें बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, और केरल के प्रतिनिधि शामिल हैं. हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर जीएसटी जीओएम में 13 सदस्य हैं.

**अब आगे क्या होगा :** नई दरें लागू होने की तारीख तय की जाएगी और कारोबारियों/उपभोक्ताओं को इसके बारे में पहले से सूचना दी जाएगी ताकि वे तैयार हो सकें. जीएसटी काउंसिल में केंद्र और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि (आमतौर पर वित्त मंत्री) शामिल होते हैं. केंद्र की वित्त मंत्री इसकी अध्यक्ष होती हैं.अगर काउंसिल 75% बहुमत से प्रस्ताव पास कर देती है, तो केंद्र और राज्य सरकारें इसे लागू करने के लिए जरूरी कानूनी और तकनीकी कदम उठाएंगी.

**कब तक हो सकता है फैसला :** जीएसटी काउंसिल की बैठकें आमतौर पर हर कुछ महीनों में होती हैं. चूंकि यह प्रस्ताव बड़ा है और जीओएम ने पहले ही समर्थन दे दिया है, अगली बैठक शायद सितंबर या अक्टूबर 2025 में हो सकती है. अगर मंजूरी मिलती है, तो नई दरें 2026 की शुरुआत तक लागू हो सकती हैं.

### दागी पीएम-सीएम और मंत्रियों को हटाने का मामला

## संविधान संशोधन विधेयक राज्यसभा में भी किया पेश

एजेंसी । नई दिल्ली

गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गंभीर आपराधिक मामलों में 30 से अधिक दिन की हिरासत में रहने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को पद से हटाये जाने से जुड़े संविधान के 130वें संशोधन विधेयक सहित तीन विधेयकों को राज्यसभा में पेश किया. अमित शाह ने कल इन्हें पहले लोकसभा में पेश किया था और गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया. विधेयकों को आगे विचार के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेजे जाने का प्रस्ताव भी शाह ने रखा. सदन ने इसे मंजूरी प्रदान कर दी. संयुक्त संसदीय समिति में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्य होंगे. समिति अगले सत्र के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन तक सदन को रिपोर्ट देगी. इन तीन विधेयकों में- संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025; केंद्रशासित प्रदेशों की सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 शामिल हैं. विधेयक के प्रावधानों के अनुसार भ्रष्टाचार और अन्य गंभीर मामलों में जेल में बंद प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को 30 दिन के बाद पद से हटाया जा सकता है. हालांकि रिहा होने पर वे दोबारा पदभार ग्रहण कर सकते हैं. विधेयक के उद्देश्य में कहा गया है कि ऐसा नैतिक उत्तरादायित्व सुनिश्चित करने के लिए किया गया है. संविधान संशोधन विधेयक के अलावा अन्य दो विधेयक केन्द्रशासित प्रदेशों और जम्मू-कश्मीर में इस तरह के प्रावधानों से जुड़े हैं.

### विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर पहुंचे मास्को, बोले-

## भारत व रूस का द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने पर देगा जोर

एजेंसी । नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने शुक्रवार को मास्को में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ बैठक की. इसमें दोनों देशों ने संतुलित और टिकाऊ तरीके से द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार करने की अपनी साझा महत्वाकांक्षा की पुष्टि की. भारत की ओर से दवा, कृषि और वस्त्र क्षेत्र में निर्यात बढ़ाने को लेकर आवश्यकता पर बल दिया गया ताकि व्यापार असंतुलन सुधारा जा सके. दीर्घकालिक उर्वरक आपूर्ति, ऊर्जा सहयोग और भारतीय कुशल श्रमिकों को रूस में अवसर उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई. इसके अलावा रूसी सेना में भारतीयों से जुड़े मुद्दे को भी जयंशंकर ने अपने समकक्ष के साथ उठाया.



बैठक के बाद दोनों नेताओं ने साझा पत्रकार वार्ता को संबोधित किया. इसमें विदेश मंत्री जयशंकर ने रूस और भारत के विशेष रिश्तों को दुनिया के सबसे स्थिर प्रमुख संबंधों में से एक बताया. जयशंकर ने कहा कि भू-राजनीतिक सामंजस्य, नेतृत्व का विश्वास और जनता का आपसी लगाव इन संबंधों का प्रमुख आधार है. विदेश मंत्री ने अपने समकक्ष को भारत आने का निमंत्रण भी दिया.

### पालघर की दवा कंपनी में गैस रिसाव के कारण चार लोगों की गई जान



एजेंसी । महाराष्ट्र

महाराष्ट्र के पालघर जिले के तारापुर-बोईसर औद्योगिक क्षेत्र में दवा कंपनी में गैस रिसाव से चार लोगों की मौत हो गई. गुरुवार दोपहर बोईसर औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्लॉट नंबर 13 में मेडली फार्मा कंपनी में नाइट्रोजन रिएक्शन टैंक से गैस लीक होने की घटना हुई. इस हादसे में कुल छह लोग प्रभावित हुए. सभी को शिंदे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है और उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है. मृतकों की पहचान कल्पेश राउत, बंगाली ठाकुर, धीरज प्रजापती और कमलेश यादव के रूप में हुई है. जिन दो लोगों की हालत गंभीर हैं उनकी पहचान रोहन शिंदे और निलेश हाडल के रूप में हुई है.

### वोट अधिकार यात्रा : मुंगेर में राहुल गांधी बोले-

## भाजपा-आयोग ने मिलकर लोस में भी हेरफेर किया था

- मुंगेर में बारिश के बीच दिया भाषण, कहा-मोदी-अडानी मिलकर आपकी आवाज दबा रहे हैं

संवाददाता । पटना

बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के पांचवें दिन राहुल गांधी ने मुंगेर में बारिश के बीच जमकर भाषण दियात्र उन्होंने कहा कि कुछ सालों से चुनाव हो रहे हैं. पब्लिक का मूड एक होता है लेकिन नतीजा दूसरा निकलता है. सबको लगता था क चुनाव में कुछ न कुछ गलत हो रहा है. उन्होंने कहा कि वोट चोरी संविधान पर हमला है. देश के हर व्यक्ति को पता होना चाहिए कि संविधान उनकी रक्षा करता है. यह आपकी आवाज है जिसे पीएम मोदी और अडाणी मिलकर दबा रहे हैं. संविधान पर हमला कर रहे हैं, लेकिन कोई भी ताकत संविधान को छू नहीं पाएगी, यह मेरा वादा है आपसे. राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में भी ऐसा ही करने की तैयारी है.



पिछली बार भी हमारे गठबंधन की हार के पीछे भी चुनाव चोरी का ही मामला होगा. हर प्रदेश में पीएम और चुनाव आयोग मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं. इस बार हमारे हाथ में सबूत है. हम बिहार में एक वोट चोरी नहीं करने देंगे. बिहार की शक्ति इस यात्रा में दिख रही है.

वहीं यात्रा के दौरान शेखपुरा में जेएपी का सिपाही शंभू सिंह की तेजस्वी की गाड़ी के नीचे आ गए. उनके दाहिने पैर की हड्डी तीन जगहों से टूट गयी. उन्हें गंभीर हालत में पटना रेफर किया गया है.

### ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक को अस्पताल से मिली छुट्टी

एजेंसी । नयी दिल्ली

ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नवीन पटनायक को बुधवार शाम अस्पताल से छुट्टी मिल गई. पानी की कमी की वजह से उन्हें रविवार शाम को भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था. तीन दिन बाद अब उनकी तबीयत पूरी तरह ठीक है. बीजेडी नेता संजय दास बर्मा ने बताया कि पटनायक अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिए गए हैं.

अस्पताल सूत्रों के अनुसार, उनकी हालत अब स्थिर है और सुधार हो चुका है. बीजेडी प्रमुख नवीन पटनायक ने अस्पताल से छुट्टी के बाद ओडिशा की जनता और डॉक्टरों को धन्यवाद दिया. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए उन्होंने रहा कि मैं ओडिशा की जनता को मेरी सेहत के लिए की गई प्रार्थनाओं और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं. साथ ही, अस्पताल के सभी डॉक्टरों और स्टाफ को भी मेरी देखभाल के लिए धन्यवाद देता हूं. उन्होंने कहा कि वे अब बिल्कुल ठीक हैं.



### उपराष्ट्रपति चुनाव : लोस की एक और रास की पांच सीटें खाली हैं

## उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने किया नामांकन

- वर्तमान में लोकसभा में 542 सदस्य हैं, जिनमें से 293 राजग के हैं. रास की प्रभावी संख्या 240 है, जिनमें 129 सदस्य राजग के हैं.

एजेंसी । नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में इंडी गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल किया. इस दौरान उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मौजूद रहे. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को नामांकन किया था. उपराष्ट्रपति का चुनाव 9 सितंबर को होना है. गुरुवार को नामांकन का आखिरी दिन है. वर्तमान में राजग का संख्यात्मक रूप से पलड़ा भारी है. दोनों सदनों की संयुक्त क्षमता 788 है, जिसमें एक लोकसभा और पांच राज्यसभा की सीटें रिक्त हैं. यानी दोनों सदनों की प्रभावी संख्या 782 है. राजग की स्थिति फिलहाल अच्छी है. वर्तमान में लोकसभा में 542 सदस्य हैं जिनमें 293 राजग के हैं. राज्यसभा की प्रभावी संख्या 240 है, जिसमें 129 सदस्य राजग के हैं.

### क्रिकेट : पाकिस्तान संग मैचों पर भारत सरकार का बड़ा ऐलान : नहीं होंगे द्विपक्षीय मुकाबले

## भारतीय टीम पाक और पाक की टीम भारत नहीं आएगी

एजेंसी । नयी दिल्ली

भारत-पाकिस्तान के बीच खेलों पर केंद्र सरकार की ओर से बड़ा ऐलान हुआ है. भारत सरकार ने साफ किया है कि भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी और पाकिस्तान की टीम को भी भारत आने की अनुमति नहीं दी जाएगी. वहीं एशिया कप और आईसीसी टूर्नामेंट जैसे मल्टीनेशन टूर्नामेंट का आयोजन अलग माना जाएगा. इनमें भारत भाग ले सकता है, बशर्ते वे किसी न्यूट्रल वेन्यू पर आयोजित हों.

खेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत की नीति में कोई बदलाव नहीं किया गया है और पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट संबंध बहाल करने का सवाल ही नहीं उठता. लेकिन चूंकि एशिया कप एक मल्टीनेशन टूर्नामेंट है, ऐसे में टीम इंडिया इसमें खेलने उतरेगी. इस फैसले के बाद यह साफ हो गया है कि भारत-पाकिस्तान भिड़ंत केवल एशिया कप या आईसीसी टूर्नामेंट जैसे मंचों पर ही देखने को मिलेगी. इस अधिकारी ने कहा- भारतीय टीमें और खिलाड़ी उन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में हिस्सा लेंगे, जिनमें पाकिस्तान की टीमें या खिलाड़ी भी शामिल होंगे उसी तरह, भारत में होने वाले मल्टीनेशन टूर्नामेंटों में पाकिस्तान की टीमों और खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति मिलेगी.




**कब है भारत पाकिस्तान का एशिया कप में मैच :** एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को भिड़ंत होगी. वहीं फाइनल मैच 29 सितंबर को होगा. यह टूर्नामेंट टी20 इंटरनेशनल फॉर्मेट में खेला जाएगा. वहीं टूर्नामेंट की शुरुआत 9 सितंबर से हो रही है. वैसे भारत और पाकिस्तान की एशिया कप में भिड़ंत 3 बार हो सकती है.

**भारत और पाकिस्तान ने कब से नहीं ली द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज :** भारत और पाकिस्तान ने 2012-13 सीजन के बाद से कोई द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज नहीं खेली है. तब से दोनों देशों की पुरुष और महिला टीमें सिर्फ मल्टीनेशन टूर्नामेंट और मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट में ही आमने-सामने हुई हैं. भारत ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए 2023 में पाकिस्तान में होने वाले एशिया कप और 2025 में होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी में जाने से इनकार कर दिया था. इसके बाद ये टूर्नामेंट तटस्थ स्थलों पर आयोजित किए गए. हाल ही में पाकिस्तान की हॉकी टीम ने भी भारत यात्रा करने से इनकार कर दिया, जबकि एशिया कप हॉकी 28 सितंबर से राजगीर में शुरू होना है. इसी बीच कई पूर्व भारतीय क्रिकेटरों समेत अलग-अलग आवाजे उठ रही हैं कि भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान के खिलाफ अपना एशिया कप मैच नहीं खेलना चाहिए. यह मांग पहलगाम आतंकी हमले के बाद तेज हुई, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे. इस हमले के बाद भारत ने सीमा पार आतंकी ढांचे को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया.

### असम : सीएम हिमंता बिस्वा ने की घोषणा, कहा-

## असम में 18+उम्र वालों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा

एजेंसी । गुवाहाटी

असम सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए राज्य में 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को नए आधार कार्ड जारी करने पर एक साल तक रोक लगाने का निर्णय लिया है. हालांकि ये रोक अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और चाय बागान मज़दूरों पर लागू नहीं होगी. मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बताया कि जिन समुदायों के लोग अभी तक आधार कार्ड नहीं बनवा पाए हैं, उन्हें सितंबर महीने में आवेदन करने का मौका मिलेगा. इसके बाद आवेदन करने पर सिर्फ़ विशेष परिस्थितियों में ही आधार कार्ड जारी किया जाएगा. सीएम हिमंता ने कहा कि असम मंत्रिमंडल ने आज निर्णय लिया है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और चाय बागान श्रमिकों को छोड़कर 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को एक वर्ष तक आधार कार्ड जारी नहीं किए जाएंगे. अगर अन्य जातियों के किसी व्यक्ति ने अभी तक आधार कार्ड प्राप्त नहीं किया है, तो वे सितंबर माह के भीतर इसके लिए आवेदन कर सकते हैं.



मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्यंत दुर्लभ मामलों में आवेदन विंडो बंद होने के बाद जिला आयुक्त (डीसी) को आधार कार्ड जारी करने का अधिकार होगा. हालांकि अनुमोदन देने से पहले उन्हें स्पेशल ब्रांच रिपोर्ट और फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल रिपोर्ट की जांच करनी होगी.

### झारखंड में बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई

## 1188 एफआईआर, 1.96 करोड़ का लगाया जुर्माना

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने 19 और 20 अगस्त को राज्यव्यापी जांच अभियान चलाकर बिजली चोरी के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया. अभियान के दौरान 7600 परिसरों की जांच की गई, जिसमें 1188 उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी के मामले दर्ज किए गए और कुल 1.96 करोड़ का जुर्माना लगाया गया.रांची जिले में सबसे अधिक 131 मामलों में प्राथमिकी दर्ज हुई और 19.43 लाख का जुर्माना लगाया गया. इसके बाद हजारीबाग में 122 लोगों पर केस दर्ज कर 22.95 लाख और डालटनगंज में 117 मामलों में 11.63 लाख का जुर्माना वसूला गया.जेबीवीएनएल के जीएम (एटीपी) श्रवण कुमार ने बताया कि लोग बिजली चोरी की सूचना उनके मोबाइल नंबर 94311-35515 पर दे सकते हैं. सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी. यह अभियान बिजली चोरी पर रोक लगाने और नियमित बिजली आपूर्ति बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया गया.

### केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की झारखंड को सौगात

## हजारों करोड़ की सड़क परियोजनाओं और रिवर फ्रंट विकास की घोषणा

**शुभम संदेश। रांची**



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड के विकास को नई रफ्तार देने के लिए हजारों करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं और नदी तटों के सौंदर्यीकरण की योजनाओं की घोषणा की है. इन परियोजनाओं से राज्य में आधुनिक सड़क ढांचा तैयार होगा, जिससे यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और क्षेत्रीय संपर्क को मजबूती मिलेगी. गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने इस बारे X पर जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मंत्री गडकरी का धन्यवाद किया. सांसद दुबे के अनुसार, झारखंड के अलग-अलग इलाकों में हजारों करोड़ रुपए की लागत से नई सड़कें बनाई जाएंगी, जिससे लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का विकास तेज़ होगा. महगामा से एकचारी तक फोर लेन पर 1500 करोड़ रुपये खर्च होंगे घोषित परियोजनाओं में महगामा से एकचारी तक फोर लेन सड़क के निर्माण पर 1500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जबकि देवघर से हंसडीहा तक चार लेन सड़क 1700 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जाएगी. इसके अलावा देवघर से मधुपुर तक फोर लेन सड़क और एक बायपास मार्ग का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिस पर 2500 करोड़ रुपये खर्च होंगे.

**नए राष्ट्रीय राजमार्गों का भी निर्माण होगा**

झारखंड के सड़क नेटवर्क को और सशक्त बनाने के लिए नए राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया जाएगा, जिसमें मधुपुर से जामताड़ा (मरगोमुंडा होकर), बाराहाट से कहलगांव तक और गोड्डा से ढाका मोड़ तक की सड़कें शामिल हैं. इन परियोजनाओं से क्षेत्रीय विकास, सुगम आवागमन और पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा.

**गोड्डा में कझिया और देवघर में ढ़डवा रिवर फ्रंट विकास की योजना**

साथ ही, गोड्डा में कझिया रिवर फ्रंट और देवघर में ढ़डवा रिवर फ्रंट के विकास की भी योजना है, जिससे धार्मिक और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था और सौंदर्यीकरण को नई दिशा मिलेगी.

### सरला बिरला स्कूल में स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 का शुभारंभ

# शैक्षणिक संस्थान नवाचार और रचनात्मकता के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करें : राज्यपाल

**शुभम संदेश। रांची**





राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शिक्षण संस्थानों से आग्रह किया कि वे नवाचार और रचनात्मकता के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करें. विज्ञान, प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में देश की उपलब्धियों की सराहना करते हुए चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 सौर मिशन की टीमों को बधाई दी. उन्होंने भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के प्रेरणादायक योगदान का उल्लेख करते हुए उन्हें युवाओं के लिए एक आदर्श बताया. वे सरला बिरला स्कूल में स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 का उद्घाटन करने के बाद अपने विचार रख रहे थे. उन्होंने कहा कि एक्सपो 2025 ज्ञान, नवाचार, कौशल विकास और आधुनिक सोच का जीवंत संगम है. यह युवाओं, शोधकर्ताओं, नीति-निर्माताओं और उद्यमियों को एक साझा मंच प्रदान करता है, जो भारत के उज्ज्वल भविष्य की दिशा को दर्शाता है.

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस विचार को उद्धृत किया, "जब हम अपनी जड़ों से जुड़ते हैं और वैश्विक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ते हैं, तभी स्वर्णिम भारत का सपना साकार होता है." उन्होंने इस बात की विशेष सराहना की कि इस मेगा प्रदर्शनी में डीआरडीओ, इसरो, सीएसआईआर, और आईसीएमआर जैसे प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थान भी भाग ले रहे हैं, जो भारत की शोध और नवाचार क्षमता को दर्शाते हैं

"वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत" के मंत्र को बल देते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह एक्सपो विकसित भारत @2047 के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका को रेखांकित करता है. उन्होंने झारखंड की सांस्कृतिक और प्राकृतिक संपदा की भी प्रशंसा की और विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रदेश राष्ट्र के विकास में निरंतर योगदान करता रहेगा. उन्होंने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और आगंतुकों को शुभकामनाएं देते हुए स्वर्णिम भारत और समृद्ध झारखंड के निर्माण हेतु समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया.

एक्सपो का आयोजन झारखंड से राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश महासचिव डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा के दूरदर्शी मार्गदर्शन में हो रहा है. राज्यपाल संतोष गंगवार ने स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 का शुभारंभ किया. मौके पर सरला बिड़ला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) गोपाल पाठक, कुलपति प्रो. (डॉ.) सी. जेगनाथन एवं सरला बिड़ला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा शामिल हैं. तीन दिवसीय प्रदर्शनी का समापन 23 अगस्त को होगा, जिसका आयोजन पारिचित फाउंडेशन द्वारा सरला बिड़ला विश्वविद्यालय के सहयोग से किया गया है.

एक्सपो में 'आत्मनिर्भर भारत', 'मेक इन इंडिया' जैसे भारत सरकार के प्रमुख अभियानों की व्यापक जानकारी देने के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों की प्रदर्शनी लगाई गई. इन संस्थानों में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग (जीएसआई) एवं कपड़ा मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत शिल्प प्रदर्शनियां आकर्षण का केंद्र हैं.

मौके पर कुलपति प्रो. (डॉ.) सी. जेगनाथन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए झारखंड राज्य में ऐसे आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला.महानिदेशक प्रो. (डॉ.) गोपाल पाठक ने राज्यपाल संतोष गंगवार एवं पद्मश्री अशोक भगत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन सरला बिड़ला परिवार के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है.

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि यह एक्सपो युवाओं को विकास के नए आयामों से जोड़ेगा. उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य भारत की वैज्ञानिक तकनीक को हर नागरिक तक पहुंचाना है.

पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि भारत प्राचीन काल में 'सोने की चिड़िया' था. अपने जीवन में उन्होंने विकास के कई चरण देखे हैं. कुशल नेतृत्व में आज भारत अपनी परंपराओं को अपनाते हुए उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर है. उन्होंने कहा कि चेंबर ऑफ कॉमर्स जैसे संस्थानों के सहयोग से भारत एक बार फिर स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रहा है.

### झारखंड की ज्वलंत समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री से मिले सांसद

## बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण झारखंड की सबसे बड़ी समस्या : डॉ. प्रदीप वर्मा



**शुभम संदेश। रांची/नई दिल्ली**

झारखंड भाजपा के महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की और राज्य की गंभीर समस्याओं एवं चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की.इस अवसर पर डॉ. वर्मा ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण की वजह से झारखंड की जनसंख्या संरचना में तेजी से परिवर्तन हो रहा है, जो सामाजिक और सांस्कृतिक संतुलन के लिए गंभीर खतरा है.कोयल चोरी और ध्वस्त कानून व्यवस्था ने राज्य को संकट की स्थिति में खड़ा कर दिया है.

उभरते हुए संथाली आदिवासी आंदोलनकारी नेता सूर्य नारायण हांसदा एनकाउंटर पर कहा कि यह एमकाउंटर नहीं पुलिस द्वारा सुनियोजित तरीके से हत्या की गई है. डॉ. प्रदीप वर्मा ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा झारखंड में आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु किए जा रहे कार्य सराहनीय और ऐतिहासिक हैं. उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से झारखंड की इन चुनौतियों का समाधान अवश्य होगा.

## एक नजर

### राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति से मिले अनुबंध शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के सदस्य



**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय अनुबंध शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के एक शिष्टमंडल ने राजभवन में भेंट की. शिष्टमंडल ने राज्यपाल को बताया कि वे पिछले 5 से 15 वर्षों तक राज्य के महाविद्यालयों में सेवाएं देते रहे हैं, लेकिन महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद होने के कारण गंभीर बेरोजगारी की समस्या हो गई है. शिष्टमंडल ने इस दिशा में राज्यपाल से पहल करने का आग्रह किया.

### पूर्व विधायक अंबा प्रसाद को धमकी देना झारखंड की अस्मिता पर हमला :ओबीसी मोर्चा



**रांची।** ॠत्विक कंपनी के प्रोपराइटर द्वारा पूर्व विधायक अंबा प्रसाद को दी गई धमकी को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने निंदनीय और झारखंड की अस्मिता पर सीधा हमला बताया है. मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि यह धमकी केवल एक जनप्रतिनिधि को नहीं, बल्कि राज्य के मूलवासी, गरीब, एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों को दी गई है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा और झारखंड का ओबीसी समाज इस लड़ाई में अंबा प्रसाद के साथ खड़ा है. झारखंड की धरती के लाल सदियों से जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करते आए हैं और यह लड़ाई अब भी जारी रहेगी.गुप्ता ने ॠत्विक कंपनी पर अवैध खनन का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि कंपनी ऐसी गतिविधियों से बाज नहीं आई, तो जनता को उलगुलान (विद्रोह) करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि हजारों किलोमीटर दूर से आकर झारखंड की संपदा का दोहन करने वाली कंपनियों की मनमानी अब नहीं चलेगी.

### दो दिवसीय झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव आज और कल

**रांची।** झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव का आयोजन शुक्रवार-शनिवार (21-22 अगस्त) को होटल रेडिसन ब्लू में किया जा रहा है. यह आयोजन मिशन ब्लू फाउंडेशन, आईडिएट इंस्पायर इग्नाइट (आई-3) फाउंडेशन और पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है. मिशन ब्लू फाउंडेशन के निदेशक डॉ पंकज सोनी ने बताया कि कान्क्लेव 250 से अधिक प्रतिनिधि, 20+ कॉर्पोरेट हाउस, 100+ एनजीओ और 10 विश्वविद्यालय शामिल होंगे. इसमें पिचिंग सेशन, कॉर्पोरेट प्रेजेंटेशन, पैनल डिस्कशन, ओपन फोरम डिबेट, एमओयू साइनिंग, नेटवर्किंग और सीएसआर अवॉर्ड्स होंगे. इस कॉन्क्लेव का थीम ₹सीएसआर फॉर सस्टेनेबल ग्रोथः ब्रिजिंग इंपैक्ट एंड इनोवेशन₹ है.इस दो दिवसीय कॉन्क्लेव का उद्देश्य सीएसआर को झारखंड की विकास प्राथमिकताओं से जोड़ना और समाज के सबसे निचले पायदान तक प्रभाव पहुंचना है. कॉनक्लेव के पांच मुख्य फोकस क्षेत्र है, इनमें रिसर्च और इन्क्यूबेशन, नवाचार और स्टार्टअप्स को सीएसआर से जोड़ना, आदिवासी सामुदायिक विकास, आदिवासी समाज की आजीविका और सशक्तिकरण, खेल एवं कला-संस्कृति, स्थानीय प्रतिभा और परंपरा को बढ़ावा, स्वास्थ्य और शिक्षा गुणवत्तापूर्ण जीवन और शिक्षा तक पहुंच तथा इंडस्ट्री, अकादमिक, गवर्नमेंट इंटरफेस, साझेदारी और नीति संवाद करना है.

- **250 से अधिक प्रतिनिधि, 20+ कॉर्पोरेट हाउस, 100+ एनजीओ व 10 विवि होंगे शामिल**

### एटीएस टीम के डीएसपी व एसआई पर फायरिंग के आरोपी बॉबी की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और सब इंस्पेक्टर सोनू साहू पर जानलेवा फायरिंग करने के आरोपी बॉबी साव को विशेष कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है. गुरुवार को हुई सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी की याचिका खारिज कर दी. यह घटना 17 जुलाई, 2023 को रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र स्थित शाहीटांड़ में हुई थी. दो दिन बाद 19 जुलाई को एटीएस ने बॉबी को लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड स्थित भौरों गांव से गिरफ्तार किया था.

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने उठाये सवाल

## राज्यपाल से किस हैसियत से मिले तुपुदाना ओपी प्रभारी?



**शुभम संदेश। रांची**

राजधानी के तुपुदाना ओपी के प्रभारी दुलाल महतो ने बजरंग दल के नेताओं के साथ जाकर राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर ली. मुलाकात की तस्वीर जैसे ही सामने आई हंगामा हो गया. झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने थानेदार की राज्यपाल से मुलाकात पर सवाल खड़े कर दिए. इरफान अंसारी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा- "रांची जिला के तुपुदाना ओपी प्रभारी दुलाल महतो किस हैसियत से सीधे महामहिम राज्यपाल से मिलने चले गए? क्या उन्होंने विभागीय अनुमति ली थी? उनके साथ बजरंग दल के नेता क्या कर रहे थे? यह घोर अनुशासनहीनता है. डीजीपी साहब उचित कार्रवाई करें". इरफान अंसारी के इस पोस्ट के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया. पुलिस सूत्रों के अनुसार इस घटना पर विभागीय स्तर पर रिपोर्ट तलब की जा सकती है. यह मामला अब प्रशासनिक और राजनीतिक हलके में चर्चा का विषय बन गया है.

### श्रद्धानंद रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय में लगा जनता दरबार, 74 मामलों में त्वरित कार्रवाई

## कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सुनी लोगों की समस्याएं अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

**शुभम संदेश। रांची**



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए और कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. मंत्री तिर्की ने अधिकारियों से संवाद कर समस्याओं पर त्वरित पहल की आवश्यकता पर ज़ोर दिया. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी व्यवस्थाएं जनता की सुविधा के लिए होती हैं और कांग्रेस का यह जनसंपर्क अभियान आम लोगों की शिकायतों के समाधान का एक सशक्त माध्यम बन रहा है.

**जनता दरबार में 74 उठे प्रमुख मुद्दे:** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने जानकारी दी कि जनता दरबार में कुल 74 लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं. इनमें प्रमुख रूप से पेंशन में देरी, बिजली बिलों में अनियमितता, तालाबों के जीर्णोद्धार, यूरिया की कालाबाजारी, जल संकट, मइया सम्मान योजना से संबंधित लाभ, जाति-आय प्रमाण पत्रों की समस्याएं और गंभीर बीमारी से जुड़े मामले शामिल थे.

**बिजली बिल व यूरिया की समस्या पर सख्त निर्देश:** हिंदपीढ़ी निवासी मो. शमीम जलील के ₹1,32,000 के भारी भरकम बिजली बिल की शिकायत पर मंत्री तिर्की ने संबंधित अधिकारियों से बात कर तत्काल सुधार के निर्देश दिए. साथ ही अन्य उपभोक्ताओं को भी राहत देने के लिए व्यवस्था बनाने की बात कही ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें.

**यूरिया की कालाबाजारी पर है पैनी नजर:** यूरिया की कालाबाजारी की शिकायतों पर उन्होंने कहा कि सरकार सजग है और इस पर पैनी नजर है. पलामू में चार दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए जा चुके हैं. मांग बढ़ने के कारण समस्या उत्पन्न हुई है, लेकिन किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

- **इन फरियादियों ने रखीं अपनी समस्याएं:** जनता दरबार में अपनी समस्याओं को प्रमुखता से रखने वालों में लाल झाड़ी देवी, संतोष जायसवाल, जोशना एक्का, नवीन कुमार सिंह, रालहो कुजूर, भोला दास, शबनमपरवीन, शिवाआशीष कुमार, अजय मंडल, लकी कुमारी, हेमलाल तुरी, ममता तिर्की, ओमप्रकाश गोप, राम भंजन सिंह मुंडा, मुन्ना नायक, पंकज महतो, अनिल दास, प्रिया रंजन सिंह फिरोज अंसारी राजेश चौधरी जय किशोर ठाकुर सहित अन्य शामिल थे.

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी

## झारखंड शराब घोटाले की जांच में जान-बूझकर बरती गई ढिलाई

**सीबीआई से जांच करायें**

**शुभम संदेश। रांची**



झारखंड के कथित शराब घोटाले में सीनियर आईएएस विनय चौबे को जमानत मिलने के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कई सवाल खड़े किये हैं. इसे लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चिट्ठी भी लिखी है. बाबूलाल ने कहा है कि शराब घोटाले की जांच में जान-बूझकर ढिलाई की गई है ताकी आरोपियों को आसानी से जमानत मिल जाए.

**बिना विलंब किए दोषी अफसरों पर कार्रवाई की जाए :** बाबूलाल ने कहा बिना विलंब किए दोषी अफसरों पर कार्रवाई की जाए, ताकि जांच की आंच कहीं आप तक न पहुंच जाए. मैंने पूर्व में भी कई पत्रों के माध्यम से आपको इस तथाकथित शराब नीति की खामियों और एक बड़े घोटाले के प्रति सचेत किया था. लेकिन आपने उन पर कोई कार्रवाई करना उचित नहीं समझा. आज मैं पुनः पूरे दावे के साथ कह रहा हूं कि यह पूरा खेल छत्तीसगढ़ शराब सिंडिकेट से जुड़े झारखंड एवं रायपुर से लेकर दिल्ली तक के बड़े माफिया को बचाने के लिए रचा गया है. मुझे जानकारी मिली है कि कुछ बड़े अधिकारियों ने एक बहुत बड़ी डील करके जान-बूझकर समय पर चार्जशीट दाखिल नहीं होने दी, क्योंकि उन्हें यह अच्छी तरह पता था कि ऐसा न करने पर आरोपियों को जमानत मिलनी तय है." उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खुद एसीबी के मंत्री हैं, इसलिए मामले में संज्ञान लें और एसीबी की जांच को बंद कर पूरे मामले की सीबीआई जांच करायें, ताकि वास्तविक दोषियों को पकड़ा जा सके और केस करने, पकड़ने और फिर डील कर जमानत की सुविधा प्रदान कराने वाले षड्यंत्रकारियों पर कारवाई हो सके.

**पत्र में नेता प्रतिपक्ष मरांडी ने क्या-क्या लिखा है**

बाबूलाल ने सीएम को लिखे पत्र में कहा है, "मुझे आशंका थी कि शराब घोटाले की जांच और गिरफ्तारी केवल जनता की आंखों में धूल झोंकने, बड़े षड्यंत्रकारियों को बचाने और भयादोहन कर मोटी रकम वसूली का रास्ता निकालने का एक प्रयास है और दुर्भाग्य से यह आशंका अब सच साबित हो रही है. जिस प्रकार आनन-फानन में एसीबी ने एक बड़े अधिकारी को पूछताछ के लिए बुलाया और तुरंत गिरफ्तार कर लिया, उस समय दिखाई गई तत्परता अब न जाने कहां गायब हो गई है. यह बात आम जनमानस को पच नहीं रही है कि आपकी सरकार तीन महीने के भीतर एक चार्जशीट तक दाखिल नहीं कर पाई, जिसके कारण एक-एक कर जेल में बंद सारे आरोपियों को जमानत मिल रही है."

मरांडी ने आगे लिखा, "भ्रष्टाचार के ऐसे गंभीर मामलों में जांच एजेंसियां अभियुक्तों से पूछताछ करती है, तो उसके पूरे बयान को बाक़ायदा प्रमाणस्वरूप हूबहू रिकार्डिंग करा कर सुरक्षित रखती है. खासकर बड़े अधिकारियों या दूसरे प्रभावशाली अभियुक्तों के मामले में तो यह किया ही जाता है. मुझे पता चला है कि एसीबी ने जिन अधिकारियों व पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की है, उनमें से किसी की भी पूरी पूछताछ की रिकॉर्डिंग नहीं रखी गयी है, ताकि जांच अधिकारी को जो मन मुताबिक लगे, वही बयान दर्ज करे, जिसको चाहे उसको फंसा दे और जिसको चाहे उसको बचा ले. यह मेरे समझ से परे है कि ये सब गोरखधंधा, समय पर चार्जशीट न करने की हिम्मत कोई अधिकारी कैसे कर सकता है?



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शुक्रवार 22 अगस्त 2025 । भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14, संवत 2082 । रांची एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 135 । मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

### कर्नाटक की सरकारी परामर्शी एजेंसी आईडेक ने दिया नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव के समक्ष दिया प्रेजेंटेशन

# रिंग रोड के पास दुबलिया में आईएसबीटी के साथ बनेगा झारखंड का सबसे बड़ा मॉल

❖ प्रधान सचिव ने संकल्प योजना के प्रारूप में मामूली संशोधन का दिया निर्देश

❖ मुख्यमंत्री के संतुलित नगरीय विकास की परिकल्पना को दिया जा रहा मूर्त स्वरूप

❖ मॉल बनने से रिंग रोड और आसपास के क्षेत्रों का होगा समतुल्य पर्यटकीय विकास

❖ आईएसबीटी एवं मॉल निर्माण के क्रियान्वयन की जवाबदेही जुडको को ही सौंपी गयी है




शुभम संदेश । रांची

रिंग रोड के निकट दुबलिया में प्रस्तावित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल ( आईएसबीटी ) के साथ राज्य का सबसे बड़े मॉल बनेगा. मॉल बनाने की संकल्पना योजना ( कंसेप्ट प्लान ) का प्रेजेंटेशन गुरुवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार के समक्ष किया गया.

कर्नाटक की सरकारी परामर्शी एजेंसी आईडेक के प्रतिनिधियों ने प्रधान सचिव के कार्यालय कक्ष में कंसेप्ट प्लान का प्रेजेंटेशन किया. प्रधान साचिव कुमार ने आईडेक के प्लान के प्रारूप में कुछ फेरबदल कर एक सप्ताह के भीतर प्रारूप तैयार करने का निर्देश दिया है. प्रधान सचिव ने कहा कि मॉल ऐसा बनाया जाए, जिससे लोग जाम एवं भीड़भाड़ से दूर शांत प्राकृतिक वातावरण में खरीदारी करते हुए समय बीता सकें. प्रधान सचिव के



इस निर्देश के आलोक में भव्य मॉल की डिजायन बनायी जा रही है. जिसमें हरियाली, झारंखड के सांस्कृतिक परिवेश, पर्यावरण , स्वच्छता, आधुनिकता एवं सुरक्षा का पूरा समावेश रहेगा। उम्मीद की जा रही है कि रिंगरोड के निकट मॉल बनने से आसपास के क्षेत्रों का नगरीय विकास होगा. पतरातू , रामगढ़ , कुड़ू और लोहरदगा तक के लोगों को ब्रॉंडेड सामग्री उपलब्ध होगी.



## आईएसबीटी का प्रारूप

स्केपिंग, यात्रियों के लिए आरामायक शेड , शुद्ध हवा, बांस की कलाकृतियां, झारखंड की संस्कृति पर अधारित संरचना, एलईडी स्क्रीन, वर्कशॉप, कंपाउंड वाल, कार –बाइक पार्किंग, डोरमैट्री, अस्पताल, सुरक्षा कक्ष, पेट्रोल– डीजल एवं सीएनजी पंप, लैंड स्केपिंग .

**ग्राउंड फ्लोर :** एलायटिंग बस–वे 17,इंटरसिंटी बस –वे 21, इंटर स्टेट बस –वे 18 , इंट्रा स्टेट बस –वे 15 . कुल 211 बस पड़ाव, शौचालय, सुरक्षा कक्ष, टिकट काउंटर, एटीएम , लैंड स्केपिंग, कियोस्क

**पहला तल्ला :** फूड कियोस्क, वातानुकूलित प्रतीक्षालय, रेस्टोरेंट , डोरमैट्री, रेस्टोरेंट, शौचालय

## रिंग रोड के निकट प्रस्तावित मॉल का प्रारूप

दो बेसमेंट प्लस ग्राउंड फ्लोर : 5 .59 लाख स्क्वायर फीट . बेसमेंट के साथ 7 .36 स्क्वायर फीट, सुविधा कियोस्क, इवेंट जोन, एग्जीबिशन एरिया, डायनिंग एवं सीटिंग एरिया .

ग्राउंड फ्लोर : 28 दुकानें, एट्रीयम ( खुले आसमान के नीचे छायादार छोटी दुकानें ) 7, उंचाई युक्त ग्लास पैनल, वर्टिकल फिन्स

फस्ट, सेकेंड एवं थर्ड फ्लोर : प्रत्येक तल पर 29 दुकाने, सात एट्रीयम

फोर्थ फ्लोर : दुकानें –27, एट्रीयम –7

पंचवा तल्ला : दुकाने 18 , एट्रीयम 7, रेस्टोरेंट– एक

छठा तल्ला : दुकानें– 11, एट्रीयम– 7, मल्टीप्लेक्स– 4, रेस्टोरेंट –2 . एट्रीयम– 7



# 130वां संविधान संशोधन विधेयक लोकतंत्र पर हमला : सुप्रियो भट्टाचार्य

शुभम संदेश । रांची



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने 130वें संविधान संशोधन विधेयक पर कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला करार दिया. उन्होंने इस विधेयक को ₹लोकतंत्र का अंतर₹ बताते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में बने रहने के लिए ईडी, सीबीआई और चुनाव आयोग जैसे संस्थानों का दुरुपयोग कर रही है. भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार सहित कई राज्यों में चुनावी प्रक्रिया में अनियमितताओं के बाद अब भाजपा ने विपक्षी नेताओं को जेल में डालने और उन्हें 30 दिनों तक कैद में रखने की योजना बनाई है, जिससे उनका राजनीतिक सफर खत्म हो सके. उन्होंने दावा किया कि भाजपा को मिली 240 लोकसभा सीटों में से करीब 100 सीटें 'चोरी' की गई हैं और वास्तविक जनसमर्थन सिर्फ 140 सीटों पर है.

भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि भाजपा लगातार विपक्ष को दबाने और खत्म करने की कोशिश में नई रणनीतियां अपना रही है. संसद में सरकार की ओर से दिए गए जवाब का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि अब तक 1729 विपक्षी नेताओं पर ईडी और सीबीआई की कार्रवाई हुई है, जिनमें से सिर्फ दो को दोषी ठहराया गया और दोनों झारखंड से हैं. झामुमो नेता ने भाजपा पर भ्रष्टाचार और अनैतिक आचरण को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि जैसे ही कोई नेता भाजपा में शामिल होता है, उसे 'पवित्र' मान लिया जाता है. भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि झारखंड से उठी विरोध की लहर ने भाजपा को हिला दिया है और अब यह लहर बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश होते हुए पूरे देश में भाजपा को टक्कर देगी. भट्टाचार्य ने ऐलान किया कि इस संविधान संशोधन के विरोध में झामुमो राज्यभर में केंद्र सरकार के खिलाफ पुतला दहन करने के साथ चरणबद्ध जनांदोलन शुरू करेगा.

### 130वां संविधान संशोधन संवैधानिक नैतिकता के पक्ष में, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ: अजय साह

# जेल में रहकर सरकार चलाने की परंपरा अब होगी समाप्त : भाजपा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि जेएमएम संवैधानिक प्रक्रिया का विरोध कर रहा है. 130वां संविधान संशोधन विधेयक, जिसे संसदीय प्रक्रिया के तहत संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया है, पूरी तरह से संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करता है. उन्होंने कहा कि इसे असंवैधानिक कहना हास्यास्पद है और जेएमएम नेताओं की संवैधानिक समझ पर प्रश्न खड़ा करता है. उन्होंने बताया कि स्वतंत्र भारत में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब एक क़ानून संवैधानिक नैतिकता के आधार पर बनाया जा रहा है, जो संविधान निर्माताओं की सोच और दृष्टि के अनुरूप है. साह ने कहा कि जिस नैतिक राजनीति की नींव पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने रखी थी, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार



आगे बढ़ा रही है. प्रदेश प्रवक्ता ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि एक समय इंदिरा गांधी ने 39वें संविधान संशोधन के जरिए खुद को न्यायिक जांच प्रक्रिया से ऊपर रखने का प्रयास किया था, जबकि इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विधेयक के अंतर्गत प्रधानमंत्री के पद को भी क़ानून के दायरे में लाकर एक ऐतिहासिक उदाहरण प्रस्तुत किया है.

साह ने कहा कि इस क़ानून के लागू होने के बाद मुख्यमंत्री और मंत्री द्वारा जेल के अंदर से सरकार चलाने की परंपरा समाप्त हो जाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी समेत वे सभी दल, जिन्होंने कभी ऐसे ही संशोधन का समर्थन किया था, आज इस पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था के ख़िलाफ़ एकजुट होकर खड़े हैं.उन्होंने आरोप लगाया कि जिन नेताओं को अपने काले कारनामों के उजागर होने और सज़ा मिलने का डर है, वही इस कानून का विरोध कर रहे हैं, जबकि हर वह नागरिक, जो एक स्वच्छ और जवाबदेह लोकतंत्र की परिकल्पना करता है, इस विधेयक का समर्थन कर रहा है. साह ने दोहराया कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करने, शासन में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार-मुक्त भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है.

## झारखंड के एनडीए सांसदों ने उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का किया सम्मान



**रांची/नयी दिल्ली।** नयी दिल्ली में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के आवास पर झारखंड एवं बिहार के एनडीए सांसदों ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का अभिनंदन व स्वागत किया और जीत की अग्रिम बधाई दी.

इस अवसर पर झारखंड से भाजपा,आजसू,जदयू के सांसद उपस्थित थे. इनमें केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, निशिकांत दुबे, बीडी राम, विद्युत वरण महतो, मनीष जायसवाल, कालीचरण सिंह, ढुल्लू महतो, चंद्रप्रकाश चौधरी, खीरू महतो आदि शामिल थे.

### गिरिडीह में तालाब में गिरी बेकाबू कार

# रांची में रह कर यूपीएससी की तैयारी कर रही युवती की मौत



शुभम संदेश । गिरिडीह

गिरिडीह जिले में गुरुवार को एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जब एक तेज रफ्तार वरना कार अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी. यह घटना बेंगाबाद थाना क्षेत्र के करणपुरा के पास गिरिडीह-देवघर मुख्य मार्ग पर घटी. कार के तालाब में गिरने के बाद स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे और पुलिस को सूचना दी.हादसे में पचम्बा के बोडो (टीवी सेंटर) के समीप रहने वाले संजय सिन्हा की पुत्री कोमल कुमारी की मौत हो गई. कोमल रांची में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रही थी और कुछ दिन पहले ही गिरिडीह अपने घर आई थी. गुरुवार शाम वह अपने एक साथी के साथ कार से बेंगाबाद से लौट रही थी, तभी यह हादसा हुआ.

सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग सदर अस्पताल पहुंचे, जहां परिजनों के विलाप से माहौल बेहद गमगीन हो गया. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कार कोमल चला रही थी या कोई और. साथ ही कार में सवार युवक की भी तलाश जारी है. पुलिस सभी संभावित पहलुओं से घटना की जांच कर रही है.

## गोड्डा पुलिस ने फिरौती के लिए अगवा युवक को 6 घंटे में छुड़ाया, दो आरोपी गिरफ्तार

शुभम संदेश । गोड्डा

गोड्डा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए फिरौती के लिए अपहृत युवक को मात्र छह घंटे में सकुशल बरामद कर लिया. पुलिस ने इस मामले में दो अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार भी किया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है. यह घटना 20 अगस्त की रात करीब 10 बजे घटी, जब ककना-बिसाहा मुख्य मार्ग से एक युवक का अपहरण कर लिया गया था. अपहरणकर्ताओं ने युवक की रिहाई के बदले 2 लाख रुपये की फिरौती की मांग की थी.

सूचना मिलते ही गोड्डा पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता दिखाते हुए एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया, जिसने तकनीकी और जमीनी जांच शुरू की. सघन सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस को हंसडीहा-महगामा मुख्य मार्ग पर सिमड्डा और बढ़ौना गांवों के पास कुछ संदिग्ध मोटरसाइकिलें दिखाई दीं. पुलिस को देखते ही वहां मौजूद 7–8 युवक भागने लगे, जिनमें से दो को पुलिस ने धर दबोचा और अपहृत युवक को सुरक्षित बरामद कर लिया.

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोड्डा निवासी 32 वर्षीय सुदर्शन मंडल और 20 वर्षीय देवानंद राज के रूप में हुई है. पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था. पुलिस अब फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है.

## सैनिक स्कूल तिलैया : तीन लाख तक आय तो नहीं देनी होगी फीस, 10 लाख से ऊपर तो पूरी फीस लगेगी

शुभम संदेश । कोडरमा/ रांची

झारखंड सरकार ने सैनिक स्कूल तिलैया में पढ़नेवाले छात्रों को फीस में सब्सिडी देने की योजना में बदलाव का प्रस्ताव तैयार किया है. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा तैयार इस नए प्रस्ताव के अनुसार, छात्रों को उनके अभिभावकों की वार्षिक आय के आधार पर ट्यूशन फीस में छूट दी जाएगी. प्रस्ताव के अनुसार जिन बच्चों के माता-पिता का वार्षिक आय तीन लाख से कम है, उन्हें कोई फीस नहीं देना होगा. वहीं 10 लाख से अधिक आय वाले अभिभावकों को पूरी फीस देनी होगी. विभाग द्वारा फीस सब्सिडी से संबंधित स्लैब तैयार किया गया है.

स्लैब के अनुसार तीन लाख तक के पारिवारिक आय वाले अभिभावक या



### प्रस्तावित सब्सिडी स्लैब इस प्रकार है

- **आय 3 लाख तक:** छात्रों को 100% फीस माफ़ी, यानी पूरी छात्रवृत्ति दी जाएगी.
- **आय 3,00,001 से 5 लाख के बीच:** छात्रों को 75% फीस माफ़ी मिलेगी.
- आय 5,00,001 से 7.5 लाख के बीच: छात्रों को 50% फीस माफ़ी दी जाएगी.
- **आय 7.5 लाख से 10 लाख के बीच:** छात्रों को 33% फीस माफ़ी का लाभ मिलेगा.
- **आय 10 लाख से अधिक:** इन परिवारों के छात्रों को कोई फीस माफ़ी नहीं दी जाएगी.

माता-पिता को सौ फीसदी फीस माफी दी गयी है. फिर तीन लाख से पांच लाख और पांच लाख से साढ़े सात लाख एवं साढ़े सात लाख से 10लाख तक के पारिवारिक आय वाले परिवार के बच्चों के लिए अलग अलग स्लैब निर्धारित किए गए हैं. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार तैयार प्रस्ताव पर स्कूली शिक्षा मंत्री सह मुख्यमंत्री की फिर से सहमति लेने के बाद इसे स्वीकृति के लिए कैबिनेट को भेजा जाएगा.

## एसीबी ने 12 हजार घूस लेते कर्मचारी को गिरफ्तार किया

**पलामू।** पलामू जिले के रमकंडा प्रखंड कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी अरुण कुमार यादव को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने 12हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया. बताया गया कि आरोपी किसी सरकारी कार्य को आगे बढ़ाने के बदले रिश्वत मांग रहा था. पूर्व में दर्ज शिकायत की पुष्टि के बाद एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर यह कार्रवाई की. आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और कानूनी प्रक्रिया भी जारी है.

## हजारीबाग में भीषण सड़क हादसा

**हजारीबाग।** हजारीबाग में बीती देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो ट्रक, एक कंटेनर और एक ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त हो गए.इस हादसे के कारण एनएच-19 पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे घंटों तक यातायात ठप रहा.

# बीआईटी मेसरा कैंपस में टहल रही एमबीए की छात्रा पर ब्लेड से हमला, हंगामा

## क्लास का बहिष्कार कर स्टूडेंट्स ने किया प्रदर्शन, कैंपस की सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**शुभम संदेश। रांची**

राजधानी रांची के बीआईटी मेसरा कैंपस में बीती रात एमबीए की एक छात्रा पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने ब्लेड से हमला कर उसे घायल कर दिया। यह घटना उस समय हुई, जब छात्रा कैंपस के अंदर ही टहल रही थी. हमले के बाद कैंपस में हड़कंप मच गया और छात्रों ने देर रात तक जमकर हंगामा किया. गुरुवार को भी विरोध स्वरूप छात्रों ने क्लासेज बंद रखने का फैसला लिया और कैंपस में ही एकजुट होकर नारेबाजी कर रहे हैं. स्टूडेंट्स नारे लगा रहे हैं- वी वान्ट जस्टिस.




**हाथ पर ब्लेड से वार, शोर सुन पहुंचे छात्र :** मिली जानकारी के अनुसार, बीआईटी मेसरा कैंपस में एमबीए पीजी डिपार्टमेंट की एक छात्रा बुधवार रात कैंपस के अंदर घूम रही थी। तभी अचानक किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके हाथ पर ब्लेड से वार कर दिया और मौके से फरार हो गया. हमले के बाद छात्रा जोर-जोर से चिल्लाने लगी. उसकी आवाज सुनकर पास ही मौजूद कई छात्र मौके पर पहुंचे और उन्होंने हमलावर को पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह भाग निकला.

**छात्रों का हंगामा, पुलिस और प्रशासन अलर्ट:** घटना के बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा. बड़ी संख्या में छात्र कैंपस में एकत्रित हो गए और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे. बीआईटी मेसरा प्रशासन की ओर से ओपी प्रभारी संजीव कुमार ने छात्रों को शांत कराने की कोशिश की और भरोसा दिलाया कि दोषी को जल्द पकड़ा जाएगा.

### छात्रा अस्पताल में, हमलावर की पहचान नहीं पाई

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में छात्रा ने बताया कि वह हमलावर को पहचान नहीं सकी और यह भी नहीं देख पाई कि वह किस दिशा में भागा. हमले में छात्रा के हाथ पर गंभीर चोट आई है और उसे तुरंत अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया. छात्रा की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है.

### पुलिस जुटी जांच में, खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

मेसरा ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान करने की कोशिश की जा रही है. बीआईटी मेसरा ओपी प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि "घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है. सभी संभावित पहलुओं पर ध्यान दिया जा रहा है. फुटेज से कुछ सुराग मिलने की उम्मीद है.

### कैंपस में सुरक्षा नहीं तो पढ़ाई नहीं करेंगे

छात्रों ने गुरुवार को भी इस घटना के विरोध में क्लास बंद रखने का ऐलान किया और कैंपस में ही एकजुट होकर नारेबाजी करते रहे. उनका कहना है कि जब तक कैंपस की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक वे पढ़ाई नहीं करेंगे. छात्रों की मांग है कि सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ाई जाए और रात में पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जाए.

---

## झारखंड के युवाओं के लिए भारतीय सेना में भर्ती होने का सुनहरा मौका

# रांची में आज से सेना भर्ती रैली युवाओं को मिलेगा देशसेवा का मौका

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के युवाओं के लिए भारतीय सेना में भर्ती होने का सपना अब साकार हो सकता है. राजधानी रांची के खेलगांव में शुक्रवार से शुरू हो रही सेना भर्ती रैली 2025-26 उन युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर लेकर आई है, जो देशसेवा के जज़्बे से ओतप्रोत हैं. यह रैली शुक्रवार 22 अगस्त से 4 सितंबर 2025 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें राज्यभर के योग्य और इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे.

**खेलगांव स्थित रैली ग्राउंड में तैयारियां पूरी:** जिला प्रशासन और सेना अधिकारियों के संयुक्त प्रयास से रैली की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं. खेलगांव स्थित रैली ग्राउंड में 1.6 किलोमीटर लंबा रनिंग ट्रैक, आराम करने के लिए विश्राम क्षेत्र और सीजीआई शीट से सुरक्षित बैरिकेडिंग की गई है। अभ्यर्थियों की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए विधि-व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, और चौतरफा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।



### प्रतिभागी का झारखंड का मूल निवासी होना अनिवार्य

रैली में भाग लेने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास तय की गई है, लेकिन इसके साथ ही यह अनिवार्य है कि प्रतिभागी झारखंड का मूल निवासी हो. भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उम्मीदवारों को ऑनलाइन चरित्र प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा. साथ ही, अभ्यर्थियों को अपना एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी साथ लाना अनिवार्य होगा.

**मेडिकल टीम और एंबुलेंस मौजूद रहेगा:** चिकित्सा सुविधा के तहत प्रहर दिन सुबह चार बजे से मेडिकल टीम और एंबुलेंस मौके पर मौजूद रहेगी, जो किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराएगी. प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे किसी भी दलाल या बिचौलिए के झांसे में न आएं और केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करें.यह भर्ती रैली न सिर्फ युवाओं को सेना में शामिल होने का अवसर प्रदान करती है, बल्कि उन्हें एक सम्मानजनक करियर की दिशा में आगे बढ़ने का रास्ता भी दिखाती है.

---

## पीएम नरेंद्र मोदी से सांसद आदित्य साहू परिवार के सदस्यों के साथ मिले



**रांची।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुरुवार को आदित्य साहू ने अपने परिवार के सदस्यों, जिसमें उनकी डेढ़ माह की पोती भी शामिल है, के साथ प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने मुलाकात की. प्रधानमंत्री को झारखंड की सांस्कृतिक पगड़ी और गमछा देकर सम्मानित किया.

## आवेदन तिथि के बाद का प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं करने के मामले में सुनवाई पूरी

**शुभम संदेश। रांची**

जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में आवेदन की तिथि के बाद का प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किए जाने को लेकर दायर 44 याचिकाओं पर सुनवाई पूरी करने के बाद झारखंड हाईकोर्ट की पूर्णपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया. इस मामले में कई हाईकोर्ट के अलग अलग फैसले होने के कारण इस मामले को हाईकोर्ट की पूर्णपीठ में भेजा गया था. गुरुवार को चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान, जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने सुनवाई की.

## एक नजर

### राज्यपाल संतोष गंगवार से मिले कुशवाहा अति पिछड़ा संघर्ष अधिकार मोर्चा के सदस्य



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को कुशवाहा अति पिछड़ा संघर्ष अधिकार मोर्चा के शिष्टमंडल ने राजभवन में भेंट की. शिष्टमंडल ने राज्यपाल से झारखंड राज्य में रह रहे कुशवाहा (कोइरी), सुकियार (मेहता) व चासा (चासियार) जातियों को बीसी-1 (अति पिछड़ा वर्ग) की सूची में सम्मिलित करने हेतु पहल करने का आग्रह किया.

### धुर्वा बस स्टैंड के पास विधिवत भूमि पूजन के साथ ही दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू हुईं

**रांची।** भव्य दुर्गा पूजा समिति, धुर्वा बस स्टैंड, रांची द्वारा आगामी दुर्गा पूजा 2025 की तैयारियों की विधिवत शुरुआत भूमि पूजन से की गई. पूजा कार्यक्रम का आयोजन पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ किया गया. पूजा स्थल को शुभ प्रतीकों से सजाया गया था. पंडित द्वारा पूजा कराकर भूमि शुद्धिकरण किया गया उसके पश्चात खूंटी पूजन हेतु बांस को लगाया गया. युवाओं ने पूरे आयोजन में श्रद्धा और समर्पण के साथ भाग लिया. भव्य दुर्गा पूजा समिति ने सभी स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं से आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव में भाग लेने की अपील की है. आने वाले दिनों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, और सामाजिक कार्यों का भी आयोजन किया जाएगा.



---

## सरला बिरला विवि में दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन

# आदिवासी समाज से काफी कुछ सीखा जा सकता है : अशोक भगत



**शुभम संदेश। रांची**

इंडियन कौंसिल ऑफ़ सोशल साइंस रिसर्च (आईसीएसएसआर), नयी दिल्ली के सहयोग से सरला बिरला विश्वविद्यालय में बिरसा मुंडा के विजन और कृतित्व पर इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया. इसमें बतौर मुख्य अतिथि पद्मश्री अशोक भगत ने ग्राम स्वराज की स्थापना की बात कही.भगत ने उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज से काफी कुछ सीखा जा सकता है. समाज की ताकत को पहचानना अत्यंत आवश्यक है. समाज के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की चर्चा करते हुए उन्होंने अबुआ राज की स्थापना पर जोर दिया. इस दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन एसबीयू के फैकल्टी ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट द्वारा जनजातीय गौरव स्कीम के तहत किया जा रहा है.

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सी जगनाथन ने बिरसा मुंडा के कृतित्व और उनसे जुड़े प्रेरक प्रसंग की चर्चा करते हुए आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन से जुड़ाव की बात कही. महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने कहा कि बिरसा मुंडा की जीवनी बताती है कि किस तरह एक व्यक्ति पूरे समाज को बदल पाने में सक्षम है. उन्होंने अबुआ राज की संकल्पना की आवश्यकता पर अपना विचार रखा.इस अवसर पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो एसबी डांडिन, डीन डॉ अरबिंद भंडारी, डॉ. पूजा मिश्रा, डॉ. विदुषी शर्मा समेत विवि के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

## रांची विश्वविद्यालय में अव्यवस्था के खिलाफ आजसू छात्र संगठन का उग्र प्रदर्शन

# शव यात्रा निकालकर किया प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार, प्रशासनिक भवन में जड़ा ताला

**शुभम संदेश। रांची**

रांची विश्वविद्यालय में फैली अव्यवस्थाओं और छात्रों की लंबित समस्याओं को लेकर गुरुवार को आजसू छात्र संगठन ने जोरदार प्रदर्शन किया. सैकड़ों छात्रों ने प्रशासन के खिलाफ शव यात्रा निकालते हुए विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार नारेबाजी की और प्रशासनिक भवन के समक्ष विश्वविद्यालय का प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार किया.प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर भ्रष्टाचार और लापरवाही का आरोप लगाते हुए कुलपति, रजिस्ट्रार और अन्य अधिकारियों को कठघरे में खड़ा किया. छात्र नेताओं ओम वर्मा और ज्योत्सना ककेरकेट्टा ने कहा कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र लगातार लेट हो रहे हैं, नामांकन और डिग्री वितरण की प्रक्रिया धीमी है, और कई विभागों में पद रिक्त हैं. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि छात्र संघ चुनाव जानबूझकर टालकर छात्रों की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है.



आक्रोशित छात्रों ने प्रशासनिक भवन को घेरकर उसमें तालाबंदी कर दी. परीक्षा विभाग, कुलसचिव कार्यालय और वित्त विभाग तक को बंद करा दिया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय का पूरा कार्य दिनभर के लिए ठप रहा. पुलिस की मौजूदगी के बावजूद छात्र पीछे नहीं हटे और घंटों तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा.

आजसू छात्र संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा. उन्होंने राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय पूरी तरह भगवान भरोसे चल रहा है और इसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है.छात्रों ने यह भी साफ किया कि यह आंदोलन केवल एक शुरुआत है, और जरूरत पड़ी तो राजधानी की सड़कों पर भी जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा.

---

### स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है : नीलम चौधरी

**रांची।** "लक्ष्य विकास हमारा प्रयास" एनजीओ के सौजन्य से वार्ड 41, सेक्टर 2, धुर्वा में एनजीओ की सचिव नीलम चौधरी द्वारा संचालित निःशुल्क योगा क्लास में भाग ले रही सैकड़ों महिलाओं को गुरुवार को पारस हॉस्पिटल के सहयोग से छाता वितरित किया गया. इस छाता वितरण कार्यक्रम में पारस हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. नीतेश कुमार, मार्केटिंग हेड मानस लाभ, गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. रितिका और श्री मृणाल कुमार शामिल हुए. "लक्ष्य विकास हमारा प्रयास" पिछले आठ वर्षों से विभिन्न सामाजिक क्षेत्र में समाज की सेवा करता आ रहा है. स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान के तहत एनजीओ की सचिव सह भाजपा प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा नीलम चौधरी जी नेतृत्व में पिछले एक साल से संचालित निःशुल्क योगा क्लास के माध्यम से सैकड़ों महिलाओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो रहा है.

## झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की राज्य सरकार से अपील

# विस से शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित कर भेजे सरकार

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने राज्य सरकार से अपील की है कि वह झारखंड के महापुरुष और राज्य के निर्माता माने जाने वाले दिशोम गुरुजी शिबू सोरेन को भारत रत्न देने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजे. पार्टी का कहना है कि 22 से 28 अगस्त के बीच चलनेवाला पूरक मानसून सत्र इस ऐतिहासिक प्रस्ताव को पारित करने के लिए उपयुक्त अवसर है. 22 अगस्त को जहां अनुपूरक बजट पेश होगा और दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी जाएगी, वहीं 26 अगस्त को अतिवृष्टि और किसानों की समस्याओं पर विशेष चर्चा के दौरान जेएमएम चाहता है कि सत्ताधारी दल इस प्रस्ताव को सदन में लाकर पारित कराए. पार्टी का तर्क है कि यह न केवल दिशोम गुरुजी को श्रद्धांजलि होगी, बल्कि झारखंड की भावनाओं को भी देश के सामने रखने का एक सशक्त माध्यम बनेगा.

जेएमएम ने कहा कि शिबू सोरेन का जीवन त्याग, संघर्ष और सेवा का प्रतीक रहा है. उन्होंने आदिवासी समाज के हित में नशाखोरी और महाजनी प्रथा के खिलाफ जनांदोलन छेड़ा, शिक्षा और सामाजिक चेतना के माध्यम से आदिवासियों को जागरूक किया और झारखंड राज्य निर्माण के आंदोलन को निर्णायक मोड़ तक पहुंचाया.

जेएमएम ने यह भी कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब तक केंद्र सरकार ने शिबू सोरेन के अभूतपूर्व योगदान को देखते हुए उन्हें भारत रत्न देने की पहल नहीं की है. पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी के सांसदों और विधायकों से भी इस दिशा में पहल करने की अपील की, यह कहते हुए कि दिशोम गुरु सिर्फ एक राजनीतिक नेता नहीं बल्कि सामाजिक न्याय के प्रतीक और सर्वमान्य नेता थे.जेएमएम का मानना है कि अगर झारखंड विधानसभा से यह प्रस्ताव पारित होकर केंद्र तक जाता है, तो यह न सिर्फ झारखंड के लिए, बल्कि पूरे देश के लोकतांत्रिक और सामाजिक मूल्यों के लिए गर्व की बात होगी. पार्टी ने सरकार से आग्रह किया है कि इस प्रस्ताव को सत्र की प्राथमिकता में शामिल कर तत्काल पारित कराए.

# झारखंड विधानसभा का पूरक मानसून सत्र आज से, चार दिन चलेगी सदन की कार्यवाही

## सत्र के हंगामेदार होने के आसार, सूर्या हांसदा, रिम्स टू और शराब घोटाले का मुद्दा गूंजेगा

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड विधानसभा का पूरक मानसून सत्र शुक्रवार से प्रारंभ हो रहा है. पहले दिन वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य सरकार प्रथम अनुपूरक बजट पेश करेगी. 23 एवं 24 अगस्त को शनिवार व रविवार होने के कारण छुट्टी रहेगी. 25 अगस्त को प्रश्नकाल और प्रथम अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद उसे पास कराएगी. फिर 25 अगस्त को प्रश्नकाल होगा. विभिन्न विधेयकों को सरकार पेश और पास कराएगी. 26 अगस्त को फिर प्रश्नकाल के बाद शेष सरकारी विधेयकों को पेश किया जाएगा. 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी की छुट्टी रहेगी. 28 को प्रश्नकाल एवं विधायकों के गैर सरकारी संकल्प लिए जाएंगे.



विधानसभा के शुक्रवार से शुरू हो रहे पूरक मानसून सत्र के हंगामेदार होने की संभावना है. चार कार्य दिवस वाले इस पूरक मानसून सत्र में विपक्ष सूर्या हांसदा एनकाउंटर का मुद्दा गरमाएगा. विपक्ष सूर्या हांसदा के एनकाउंटर को लेकर सदन में जोरदार हंगामे की रणनीति पर काम कर रहा है. मालूम हो कि भाजपा पिछले दिनों सूर्या हांसदा के हुए एनकाउंटर के बाद से ही इसको लेकर विरोध कर रहा है. इसके अलावा मुख्य विपक्षी भाजपा द्वारा अटल क्लिनिक का नाम बदल कर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक किए जाने पर भी सरकार को घेरा जाएगा. वैसे सदन में भाजपा की रणनीति को कल शुक्रवार को अंजाम दिया जाएगा। शुक्रवार को भाजपा ने मानसून सत्र को लेकर विधायकों की बैठक बुलायी गई है.

जानकार सूत्रों का कहना है कि मानसून सत्र में विपक्ष रिम्स टू की जमीन, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं, खास कर सीजीएल में गड़बड़ी को लेकर भी सरकार को घेरने की कोशिश करेगी. इसके अलावा शराब घोटाले पर भी विपक्ष सरकार को घेरने की पूरी कोशिश करेगी. सत्र शुरू होने से एक दिन पूर्व प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है. उसमें उन्होंने कहा है कि एसीबी शराब घोटाले की जांच में ढिलाई बरत रही है. इस मामले की सीबीआई से जांच करायी जानी चाहिए.

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता के दौरान जागरूकता शिविर का आयोजन

**गारू (लातेहार)** । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के सचिव शिवम चौरसिया के निर्देश पर गारू +2 उच्च विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. यह शिविर झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग के सहयोग से प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता के अवसर पर हुआ. शिविर का संचालन गारू प्रखंड की पीएलवी नीरा कुमारी, गारू थाना के कलदेव सिंह और महुआडांड़ प्रखंड के इन्द्रनाथ प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों ने भाग लिया. उन्हें निःशुल्क विधिक सेवाओं, महिलाओं एवं बच्चों के अधिकार, शिक्षा-स्वास्थ्य योजनाओं और पारिवारिक व आर्थिक विवाद निवारण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई.

### उंटारी रोड में पीडीएस वितरण में घोटाला उजागर, राज्य खाद्य आयोग ने की जांच

## तीन महीने का अंगूठा, दो महीने का राशन, खुला मामला

**शुभम संदेश । उंटारी रोड (पलामू)**

झारखंड राज्य खाद्य आयोग की टीम ने गुरुवार को पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत जोगा पंचायत में संचालित दो पीडीएस दुकानों की जांच की। यह कार्रवाई लाभुकों को समय पर और पूरा खाद्यान्न नहीं मिलने की लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर की गई।

जांच के दौरान राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष शबनम प्रवीण ने बताया कि लाभुकों की शिकायतें सही पाई गईं हैं। लाभुकों ने टीम के सामने बताया कि तीन महीने का राशन देने के नाम पर अंगूठा लिया गया, लेकिन उन्हें मात्र दो महीने का ही राशन दिया गया। अगस्त माह का राशन भी नहीं दिया गया है, जबकि डीलर रनिषाद



मछुआरा स्वयं सहायता समूहर ने राशन का उठाव कर लिया है और स्टॉक भी उपलब्ध है। वहीं, डीलर जगु चौधरी ने अगस्त का उठाव ही नहीं किया है। जांच के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू, बीडीओ श्रवण भगत, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रणधीर कुमार सहित कई अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे। आयोग की अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि सभी पीडीएस डीलर लाभुकों को समय पर और पूरा राशन उपलब्ध कराएं। साथ ही अनियमितता की रिपोर्ट संबंधित विभाग को सौंपने की बात कही गई।

### बिरजा मध्य विद्यालय में मिड-डे मील व्यवस्था की भी जांच

जांच के दौरान टीम ने जोगा पंचायत स्थित बिरजा मध्य विद्यालय का भी निरीक्षण किया। यहां शिक्षण व्यवस्था और मध्याह्न भोजन की स्थिति पर सवाल उठे। टीम ने पाया कि बच्चों को समय पर भोजन नहीं दिया जा रहा है और न ही भोजन मेन्यू के अनुरूप है। भोजन की गुणवत्ता भी काफी खराब पाई गई। आयोग ने इसकी रिपोर्ट शिक्षा विभाग को सौंपकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही है ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा सके।

## एक नजर

### बैगा कुल की जमीन पर जबरन घेराबंदी का मामला

- हिन्दू समाज में आक्रोश, प्रशासन को सौंपा गया आवेदन

**महुआडांड (लातेहार)** । महुआडांड प्रखंड के अंबाटोली पंचायत स्थित फॉरेस्ट ऑफिस के सामने हिन्दू समाज के बैगा कुल की भूमि पर गुरुवार को जबरन की जा रही घेराबंदी को लेकर हिन्दू समाज में गहरा आक्रोश है. इसको लेकर हिन्दू महासभा अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने लातेहार उपायुक्त, महुआडांड एसडीएम, बीडीओ सह सीओ एवं थाना प्रभारी को आवेदन सौंपा है. आवेदन में कहा गया है कि यह भूमि बैगा कुल की है और सार्वजनिक उपयोग में रही है, जिस पर कुछ लोग अवैध तरीके से बाउंड्री निर्माण कर रहे हैं. भूमि की न बिक्री हो सकती है न ही निर्माण वैध है. हिन्दू समाज ने प्रशासन से अविलंब घेराबंदी कार्य रोकने, अवैध कब्जा हटाने और मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है, ताकि सामाजिक तनाव और विवाद को रोका जा सके.

### जिले में यूरिया व डीएपी की किल्लत का मामला उठा

**लातेहार।** जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने किसानों को तत्काल यूरिया व डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की है. उन्होने कहा कि जिले में यूरिया और डीएपी खाद की भारी किल्लत को लेकर किसानों की परेशानी बढ़ गई है. उन्होंने लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और अनुमंडल पदाधिकारी अजय रजक समेत अन्य अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप कर किसानों को उचित दर पर खाद उपलब्ध कराने की मांग की. तिवारी ने कहा कि खेती का यह महत्वपूर्ण समय है और खाद की कमी से किसानों की फसल प्रभावित हो सकती है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि खाद की कालाबाजारी की गई या उचित मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं कराया गया तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी. जिला प्रशासन को जिम्मेदारी निभाते हुए शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए. उन्होंने साफ कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं हुआ तो कांग्रेस कार्यकर्ता किसानों के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे. तिवारी ने जिला प्रशासन से किसानों को राहत पहुंचाने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है.

### लातेहार : जदयू की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**लातेहार।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की जिला स्तरीय बैठक बाजारटांड़ स्थित कार्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नेजामुद्दीन कुरैशी ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष राम लखन सिंह ने संभाला. इस बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने पर विशेष चर्चा हुई. पार्टी के प्रदेश सचिव एवं जिला संगठन प्रभारी दिलीप पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन तभी सशक्त हो सकता है जब कार्यकर्ता जमशेदपुर के विधायक सरयू राय के सिद्धांत 'संपर्क, समस्या और समाधान' को अपनाकर काम करें. उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याओं को समझें और सरकार तक समाधान पहुंचाएं. साथ ही उन्होंने पार्टी की विचारधारा को भी स्पष्ट किया. बैठक में जिले की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा हुई, जहां पदाधिकारियों ने संगठन प्रभारी को क्षेत्रीय हालात से अवगत कराया. सभी पदाधिकारियों ने जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रहने का भरोसा दिलाया.

### समाजसेवी ने गरीब बच्ची के लिए किया रक्तदान



**मेदिनीनगर** । सदर प्रखंड के कौड़िया गांव निवासी समाजसेवी शह रामनवमी पूजा समिति के उपाध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा और युवा समाजसेवी अजय चौधरी ने मानवता का परिचय देते हुए एक गरीब बच्ची को ब्लड उपलब्ध कराने का काम किया है.जानकारी के अनुसार बुधवार को कौड़िया गांव निवासी राजू ठाकुर की पुत्री रेशमी कुमारी उम्र 17 वर्ष का अचानक तबियत बिगड़ गया.इसके बाद परिजनों के द्वारा रेशमी को इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया.जहां चिकित्सकों ने रेशमी की गंभीर हालत को देखते हुए रेशमी के परिजन को एक यूनिट ए पॉजिटिव ब्लड इंतजाम करने को कहा चिकित्सकों के कहने पर रेशमी के परिजन ब्लड की तलाश में इधर-उधर भटकने लगे.इसके बाद भी उन्हें कही ब्लड उपलब्ध नहीं हो पाया.तभी इसकी जानकारी समाजसेवी अनिल विश्वकर्मा को मिली. जानकारी मिलने पर अनिल विश्वकर्मा स्वेच्छा पूर्ण मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ब्लड बैंक पहुंचकर रेशमी के लिए रक्तदान किया.वही ब्लड चढ़ जाने के बाद अब रेशमी की तबीयत में सुधार हुई है परिजन चैन की सांस ले रहे हैं.वही इस नेक काम के लिए रेशमी के परिजनों ने अनिल विश्वकर्मा को धन्यवाद दिया है.

### परीक्षा केंद्रों के 100 मी दायरे में निषेधाज्ञा लागू

**मेदिनीनगर** ।झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जेएसी) की माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट सप्लीमेंट्री परीक्षा 2025 के सुचारु संचालन और कदाचार रोकने के उद्देश्य से प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है. 23 अगस्त से 29 अगस्त तक होने वाली इस परीक्षा के दौरान सदर अनुमंडल क्षेत्र में स्थित बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय सहित चार परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है. सदर एसडीओ सुलोचना मीणा द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा केंद्र के 100 मीटर के भीतर अभिभावकों या अन्य अनाधिकृत व्यक्तियों का ठहराव प्रतिबंधित रहेगा. इसके साथ ही पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने, बिना अनुमति के लाउडस्पीकर के प्रयोग, और फोटोस्टेट की दुकानों को खुला रखने पर रोक रहेगी. एसडीओ ने कहा कि यह निर्णय परीक्षा में अनुशासन बनाए रखने और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए लिया गया है. परीक्षा अवधि में केवल परीक्षार्थी, परीक्षा पदाधिकारी, वीक्षक एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ही परीक्षा केंद्रों के भीतर और 100 मीटर की सीमा में रह सकेंगे.

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर बैठक



**शुभम संदेश ।लातेहार**

- दिव्यांग एवं आपदा पीड़ित लाभुकों को प्राथमिकता देते हुए 90 प्रतिशत अनुदान पर पशुधन विकास संबंधी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा.

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रखंड स्तरीय समिति की बैठक लातेहार प्रखंड सभागार में आयोजित की गयी. बैठक की अध्यक्षता लातेहार प्रमुख परशुराम लोहरा ने की. बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव तथा प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी हरेंद्रपाल भगत मुख्य रूप से मौजूद थे.

बैठक में गव्य विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई. इस दौरान तय किया गया कि योजना के तहत ग्राम सभा आयोजित कर लाभुकों के आवेदन सृजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके. विशेष रूप से दिव्यांग एवं आपदा पीड़ित लाभुकों को प्राथमिकता देते हुए 90 प्रतिशत अनुदान पर पशुधन विकास संबंधी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा. जिसमें 19 गांवों का चयन किया गया है. इनमें मूरगू, जगलदगा, साबानो, अरागुंडी, हुटार, गुरगु, बचरा, होटवाग, बरैनी, नारायणपुर (धनकारा) निंदिर, हरखा, पतरातु, चोपे, मननचोटाग, अंबाझरन, दुगिला, कोदाग (बेंदी) मानिकपूरा का नाम शामिल है. बैठक जनप्रतिनिधियों ने कहा कि योजना से न केवल पशुपालक लाभान्वित होंगे बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे.

### पैसे के लेन-देन में युवक की गला दबाकर हत्या

## शव को जलाकर जंगल में फेंका, दो आरोपी गिरफ्तार

**शुभम संदेश । मेदिनीनगर**

पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत घुटवा गांव में पैसे के लेन-देन के विवाद को लेकर एक युवक की हत्या कर शव को जला देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजेश्वर सिंह (58), पिता- गणेशी सिंह और जनेश्वर सिंह (34), पिता- राजेश्वर सिंह के रूप में हुई है. पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया कि उन्होंने 16 अगस्त को मनु भुईयाँ उर्फ मनोज भुईयाँ (पिता- सुरेश भुईयाँ) की गला दबाकर हत्या कर दी थी. हत्या के बाद भुरी जंगल में शव को ले जाकर जला दिया, ताकि सबूत मिटाया जा सके.

थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि मृतक के चाचा ललन भुईयाँ के लिखित आवेदन पर



लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 111/2025 दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई थी. जांच के क्रम में पुलिस को आरोपियों की संलिप्तता की पुष्टि हुई और उन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ की गई.

आरोपियों की निशानदेही पर घटनास्थल भुरी जंगल से मृतक के जले हुए अस्थि अवशेष बरामद किए गए हैं. इसके बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

छापेमारी और जांच अभियान में थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, पुअनि विक्रमशील, राजू मांझी, एएसआई अजय कुमार, सहित लेस्लीगंज थाना की पुलिस टीम शामिल थी. पुलिस अब मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है, ताकि पूरी साजिश का खुलासा हो सके.

## सांसद ने गडकरी से की मुलाकात, सड़क परियोजनाओं की शीघ्र स्वीकृति की मांग



**लातेहार।** चतरा के सांसद कालीचरण सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट की और क्षेत्रीय सड़क परियोजनाओं की जानकारी दी. इस दौरान उन्होंने झारखंड के चतरा, लातेहार और पलामू जिलों में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और नई सड़क परियोजनाओं को जल्द मंजूरी देने का अनुरोध किया. सांसद ने कहा कि मंत्री गडकरी के नेतृत्व में देश में सड़क संरचनाओं का शानदार विकास हुआ है, जिसका लाभ झारखंड को भी मिलना चाहिए.

मुख्य प्रस्तावों में चंदवा (एनएच-39) से डोभी (गया, बिहार) तक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, रांची (रातु, काठीटांड) से डोभी तक उच्च स्तरीय सड़क और धार्मिक स्थल तथा औद्योगिक क्षेत्रों जैसे एनटीपीसी, हिंडाल्को, डीवीसी, टीवीएनएल को जोड़ने वाले मार्ग शामिल हैं.

सांसद ने कहा कि इन परियोजनाओं से धार्मिक और औद्योगिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, निवेशक आकर्षित होंगे और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे. उन्होंने विश्वास जताया कि प्रस्तावित परियोजनाओं से चतरा लोकसभा क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक विकास होगा और ग्रामीण क्षेत्रों का संतुलित विकास सुनिश्चित होगा.

### पंचायत स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में बराही विजय

**महुआडांड़ (लातेहार)** । प्रखंड अंतर्गत गढ़बुढ़नी पंचायत में पंचायत स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन किया गया. 17 अगस्त से 20 अगस्त तक टूर्नामेंट चला.जिसमें कुल बीस टीम ने भाग लिया.बुधवार को ग्राम बराही और गढ़बुढ़नी के बीच फाईनल मैच खेला गया.जिसमें बराही टीम विजेता हुई. प्रथम पुरस्कार खस्सी, दुसरा पुरस्कार जर्सी और तीसरा पुरस्कार मुर्गा दिया गया. खेल को संचालन कर रहे गढ़बुढ़नी मुखिया रेणु तिग्गा ने युवाओं को खेलकूद एवं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. और कहा कि युवाओं को खेल के माध्यम से गलत दिशा में जाने से रोका जा सकता है टूर्नामेंट को सफल बनाने में अध्यक्ष नसीम अंसारी, उपाध्यक्ष अजय किसफोट्टा, अनिल यादव, अर्जुन सिंह, रौशन तिग्गा सहित कई अन्य ग्रामीण का भी सहयोग रहा.

### एकल अभियान संस्कारयुक्त समाज का निर्माण कर रहा है

## लातेहार विधायक का जोरदार समर्थन

**शुभम संदेश् ।लातेहार**

शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में चल रहे दक्षिण झारखंड संभाग के सात दिवसीय क्षमता विकास वर्ग के तीसरे दिन के चौथे सत्र में लातेहार विधायक प्रकाश राम ने हिस्सा लिया और एकल अभियान के कार्यों की खुले दिल से सराहना की. अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि एकल अभियान समाज के लिए एक बड़ा शस्त्र है जो संस्कारयुक्त समाज का निर्माण कर रहा है. उन्होंने इसे न केवल एक सामाजिक बल्कि एक महत्वपूर्ण शैक्षिक अभियान बताया जो खासतौर पर आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है.

विधायक प्रकाश राम ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की स्थिति को बेहतर बनाना और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके. उन्होंने कहा कि एकल अभियान के प्रयास सराहनीय हैं और इसे हर संभव मदद



और समर्थन दिया जाएगा.

कार्यक्रम में अंचल समिति के रमेश प्रसाद गुप्ता ने एकल अभियान के विभिन्न पहलुओं और उपलब्धियों की जानकारी दी. वहीं, अंचल अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद ने बताया कि एकल अभियान बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ उन्हें शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने का काम कर रहा है, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है.

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह और पवन कुमार, केंद्रीय ई-शिक्षा प्रमुख रंजन बाग, संभाग अभियान प्रमुख राजनाथ उरांव, साथ ही अर्जुन, महेंद्र, फिरमोहन और 12 जिलों से आए हुए कई स्वंयसेवक भी उपस्थित थे.

इस सात दिवसीय क्षमता विकास वर्ग का उद्देश्य स्वयंसेवकों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान कर एकल अभियान के मिशन को मजबूत बनाना और शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावी बदलाव लाना है. यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है.

### हुसैनाबाद | अवैध स्पीड ब्रेकर व अतिक्रमण से सड़क हादसों का खतरा, प्रशासन खामोश

## ठोकर बन रहे जानलेवा, कई बार बिगड़ी मरीजों की हालत

- कई जगहों पर नालियों का गंदा पानी भी सड़क पर बहता है, जिससे फिसलने और दुर्घटना का खतरा बना रहता है

**पवन कुमार सिंह । हुसैनाबाद**

सड़क सुरक्षा माह के दौरान जहां वाहन चालकों पर कार्रवाई होती है, वहीं प्रशासन की लापरवाही से सड़क हादसों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है. हुसैनाबाद से हैदरनगर–मोहम्मदगंज मुख्य सड़क पर बने अवैध और मानकों के विपरीत ठोकर (स्पीड ब्रेकर) दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं. दिवान बिगहा गांव में तीन, सीमरसोत गांव के पास एक और दाता साईं की मजार के आगे एक ठोकर बना हुआ है, जो खेत की मेड़ जैसे



ऊंचे स्टॉपर बन चुके हैं.

इन ठोकरों से वाहन चालकों को हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. बीमार मरीजों को ले जाते वक्त स्थिति और बिगड़ जाती है, जबकि सामान्य यात्रियों को कमर और पीठ दर्द की शिकायत होती है. सिर्फ ठोकर ही नहीं, बल्कि अतिक्रमण भी हादसों का कारण बन रहा है. सड़कों पर महीनों तक ईंट, गिट्टी, बालू का ढेर लगा रहता है. जगह-जगह मवेशी बांध दिए जाते हैं और अस्थायी दुकानें लगाई जाती हैं. कई जगहों पर नालियों का गंदा पानी भी सड़क पर बहता है, जिससे फिसलने और दुर्घटना का खतरा बना रहता है.

शिकायत के बाद एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता ने नगर क्षेत्र में बने अवैध ठोकरों को हटाने का निर्देश नगर पंचायत के कनीय अभियंता को दिया है. साथ ही भविष्य में मानकों के अनुरूप ही ब्रेकर निर्माण की बात कही गई है.

सवाल यह है कि क्या सड़क सुरक्षा अभियान केवल चालान और हेलमेट चेकिंग तक सीमित रहेगा? जब तक अतिक्रमण और अवैध ठोकरों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक सड़क सुरक्षा सिर्फ एक औपचारिकता ही रह जाएगी.

### बरवाडीह में खेलो झारखंड 2025-26 का समापन

## विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**शुभम संदेश ।बरवाडीह (लातेहार)**

बरवाडीह प्रखंड में आयोजित खेलो झारखंड 2025-26 की प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को रेलवे स्पोर्ट्स क्लब मैदान में उत्साहपूर्वक हुआ. प्रतिभागी खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया. समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री पूरी व आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने विजेताओं को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है और इसे जीवन का अहम हिस्सा माना जाना चाहिए.

हालांकि प्रतियोगिता में उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरू के किसी भी



छात्र की भागीदारी नहीं होने से स्थानीय स्तर पर निराशा जताई गई. लोगों ने विद्यालय प्रबंधन से अपील की कि भविष्य में विद्यार्थियों को खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें. कार्यक्रम में जिप सदस्य संतोषी शेखर, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह (पिंटू), नसीम अंसारी, भाजपा नेता ईश्वरी सिंह, ननदेव सिंह समेत कई शिक्षक व गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## फैंसी बालिका फुटबॉल मैच आयोजित, 2–0 से रांची की टीम विजयी

**जयनगर (कोडरमा)।** आजाद हिंद क्लब गडगी द्वारा गडगी पानी टंकी मैदान में गुरुवार को फैंसी बालिका फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया. मैच के मुख्य अतिथि अमित कुमार यादव थे. मैच की शुरूआत जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर की. मैच के दौरान रांची व चतरा की बालिका टीम के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ. जिसमें रांची ने चतरा को 2-0 से पराजित किया. विजेता रांची टीम को कटिया मुखिया रेखा देवी, गडगी मुखिया फरीदा खातुन आदि ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया. जबकि उप विजेता चतरा टीम को मुखिया इरफान अंसारी, गणपत यादव, पूर्व मुखिया अजय यादव ने शिल्ड देकर सम्मानित किया. मैच के रेफरी मृत्युंजय कुमार थे जबकि संचालक पंकज कुमार यादव थे. अतिथियों के रूप में जिप सदस्य केदारनाथ यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, मुखिया इरफान अंसारी, माले नेता इब्राहिम अंसारी, मुखिया गणपत यादव, मुखिया प्रतिनिधि सरफुद्दीन अंसारी, पंसस प्रतिनिधि केडी यादव, पूर्व मुखिया लाखपत यादव, झारखंड आंदोलनकारी बलदेव प्रसाद यादव, बालो यादव आदि थे.

### एनडीएमए टीम ने हजारीबाग में की आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक

# आपदा प्रबंधन में तैयारी, समन्वय व तकनीक पर जोर

संवाददाता । हजारीबाग




राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन, नई दिल्ली की एक उच्च स्तरीय टीम ने गुरुवार को हजारीबाग का दौरा कर समाहरणालय सभागार में आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक की। इस टीम में एनडीएमए के उप सचिव अंबुज बाजपेयी, अवर सचिव सरोज कुजूर और कंसल्टेंट डॉ. वसीम इकबाल शामिल थे। बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने की।

इस समीक्षा बैठक में हजारीबाग के अलावा रामगढ़, दुमका और साहेबगंज जिलों के आपदा मित्र, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला एवं राज्य स्तर पर आपदा प्रबंधन की तैयारियों और रिस्पॉन्स प्रणाली का आकलन करना था। डॉ. वसीम इकबाल ने राज्य और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को आपदा जोखिम न्यूनीकरण के नजरिए से विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने एसडीएमपी/डीडीएमपी की समय-समय पर समीक्षा एवं अद्यतन पर बल दिया। बैठक में अर्ली वार्निंग और अर्ली एक्शन प्लान की स्थिति, अंतर-विभागीय समन्वय (एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सशस्त्र बल, सीएपीएफ) और सिविल-मिलिट्री कॉन्फ्रेंस की भूमिका पर विशेष चर्चा हुई। साथ ही एसईओसी व जिला ईओसी की कार्यप्रणाली और आपदा मित्र, आपदा सखी व दिदियों जैसे कम्युनिटी वॉलंटियर्स की भागीदारी को और सशक्त करने पर जोर दिया गया। बैठक में हाथी प्रकोप, सांप काटना, हीटवेव, आकाशीय बिजली, अग्निकांड एवं भारी वर्षा जैसी स्थानीय आपदाओं से निपटने की रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। मॉक ड्रिल्स और मल्टी-हैजर्ड एक्सरसाइज के आयोजन, विशेषकर सीबीआरएन (केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल, न्यूक्लियर) ड्रिल्स की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। धार्मिक आयोजनों, रेलवे, पावर सेक्टर, एविएशन और अन्य क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी विशेष सतर्कता बरतने की बात कही गई। बैठक में 'सचेत ऐप' के उपयोग और प्रचार-प्रसार को भी महत्वपूर्ण बताया गया। सभी अधिकारियों ने इस बैठक को उपयोगी और मार्गदर्शक बताया तथा आपदा प्रबंधन को केवल राहत तक सीमित न रखकर, तैयारी, भागीदारी और तकनीकी सशक्तिकरण पर आधारित बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## एक नजर

### सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर के घर चोरी, दो लाख नकद, जेवरात के साथ महंगे सामान ले उड़े चोर



**हजारीबाग।** हज़ारीबाग़ के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंघानी एनबीजेके रोड स्थित एक सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर के घर को अज्ञात चोरों ने देर रात्रि निशाना बनाया है। बताया जाता है कि सब इंस्पेक्टर गौरव समीर सिंह अपने रिश्तेदार के यहां गए हुए थे और इसी का फायदा उठाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। भुक्तभोगी के बहन और दोस्त ने बताया कि देर रात्रि और बंद घर का फायदा उठाकर छत के रास्ते से चोर घर के अंदर प्रवेश किए। जिसके बाद जमीन के महत्वपूर्ण कागजात, जेवरात, इनवर्टर, बैटरी, म्यूजिक साउंड सिस्टम, स्टेबलाइजर के अलावा कई इलेक्ट्रिक उपकरण के साथ-साथ लगभग 2 लाख रुपए कैश को चोरी कर फरार हो गए। उन्होंने आगे बताया कि घर के दरवाजे का कुंडी को भी तोड़ा गया है और सभी सामान बिखरे हुए थे। अज्ञात चोरों ने सीसीटीवी के साथ भी छेड़छाड़ किया है। सुबह होते ही इसकी जानकारी मुफस्सिल थाना पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर छानबीन में जुट गई है।

### ब्लू वेल्स में फाइलेरिया रोधी दवा का वितरण



**हजारीबाग।** ब्लू वेल्स स्कूल, मण्डई में एमडीए-आईडीए-2025 अभियान के तहत बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवा का वितरण बड़े अनुशासन और समर्पण के साथ किया गया. मेडिकल टीम की देखरेख में सहिया संजु देवी, सहयोगी पूजा शर्मा, संगिता देवी और जयन्ती देवी ने बच्चों की लंबाई के अनुसार दवाओं की खुराक निर्धारित कर वितरण किया. 90 से 120 सेंटीमीटर लंबाई वाले बच्चों को एक टैबलेट, 120 से 140 सेंटीमीटर तक के दो टैबलेट, 140 से 158 सेंटीमीटर वाले तीन टैबलेट और 159 सेंटीमीटर से अधिक लंबाई वाले चार टैबलेट खिलाए गए. इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाना है, जो मच्छर के काटने से होती है और जिसे आमतौर पर "हाथी पांव" के नाम से जाना जाता है. यह बीमारी बचपन में संक्रमण के बाद 5 से 15 वर्षों में सक्रिय हो सकती है. फाइलेरिया मुक्त भारत के लक्ष्य को लेकर यह अभियान 10 से 25 अगस्त तक पूरे देश में चल रहा है.

### बच्चों ने विज्ञान व तकनीक के मॉडल प्रस्तुत किए

**चौपारण.** आदर्श मध्य विद्यालय चौपारण के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी बड़े उत्साह और उमंग के साथ आयोजित की गई. कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बीपीएम मो. आरिफ, वरीय शिक्षक राकेश कुमार, जनार्दन प्रसाद वर्मा, राजाराम रवि, प्रतिमा राज एवं मो. सईद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित कई रचनात्मक और आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर उपस्थित सभी लोग प्रसन्न हुए. इस वर्ष प्रदर्शनी का मुख्य विषय ₹सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी₹ रखा गया था. इसके अंतर्गत भोजन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, परिवहन एवं संचार, प्राकृतिक कृषि, आपदा प्रबंधन, गणितीय प्रतिरूपण, संगणकीय चिंतन, अपशिष्ट एवं संसाधन प्रबंधन जैसे उपविषयों पर बच्चों ने मॉडल तैयार किए. स्टेट रिसोर्स पर्सन जनार्दन प्रसाद वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शोध की भावना को बढ़ावा देते हैं. वहीं राजाराम रवि ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों के मस्तिष्क को नई दिशा देने में सहायक होती है, जबकि प्रतिमा राज ने बच्चों को विज्ञान में रुचि लेने और इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया.

## सौ वर्षीय थनू गोप बने सनातन धर्म के प्रेरणास्रोत



**हजारीबाग।** अंतर्राष्ट्रीय वरीष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर सदर प्रखंड के ओरिया ग्राम के सौ वर्षीय थनू गोप वयोवृद्ध अवस्था में भी समाज एवं सनातन धर्म के लिए एक अद्भुत मिसाल बने हुए हैं. वे अपनी अटूट आस्था और समर्पण के कारण पूरे क्षेत्र में प्रेरणा के स्रोत माने जाते हैं. बीएसएनएल विभाग से सेवानिवृत्त थनू गोप, ओरिया पंचायत के सबसे बुजुर्ग एवं सम्मानित नागरिक हैं, जिन्होंने जीवनभर सामाजिक और धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है. उनके सक्रिय दिनों में थनू गोप कीर्तन मंडली के प्रमुख सदस्य, पूजा-पाठ के प्रभारी और धार्मिक आयोजनों में सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे. प्रत्येक सोमवार की संध्या वे शिव मंदिर की सफाई, व्यवस्था और आरती में पूरी श्रद्धा के साथ भाग लेते थे. उनका वाद्ययंत्र के साथ कीर्तन-भजन में लीन रहना आज भी ग्रामीणों के दिलों में गूंजता है.

### हजारीबाग में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

# फुटपाथ दुकानदारों की आंखों में छलका दर्द, मची अफरातफरी

- फुटपाथ दुकानदारों ने प्रशासन से अपील की है कि उन्हें व्यवसाय के लिए कोई वैकल्पिक स्थान सुनिश्चित किया जाए.

शुभम संदेश । हजारीबाग



हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में जिला परिषद चौक से अन्नदा चौक तक अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम, जिला परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में व्यापक अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़कों के दोनों किनारों पर लगे फुटपाथ दुकानों को हटाया गया, जिससे अफरातफरी का माहौल बन गया।

कार्रवाई के दौरान दर्जनों दुकानदार अपने सामान समेटते नजर आए, जबकि कुछ दुकानों को हटाते समय भावुक दृश्य भी सामने आए। दुकानदारों ने कहा कि यही दुकान उनके परिवार के जीवनयापन का एकमात्र सहारा है। अचानक हटाए जाने से उनके सामने बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्च और बीमार माता-पिता की दवा जैसे कई गंभीर संकट खड़े हो गए हैं। वहीं, नगर निगम की ओर से सहायक नगर आयुक्त बिपिन कुमार ने स्पष्ट किया कि सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण ट्रैफिक जाम, आपातकालीन सेवाओं में बाधा और पैदल चलने वालों को परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि किसी भी हाल में दुकानदारों को सड़क से तीन फीट दूर ही दुकान लगानी होगी, ताकि आवागमन में कोई रुकावट न हो।

हालांकि, फुटपाथ दुकानदारों ने प्रशासन से अपील की है कि उन्हें व्यवसाय के लिए कोई वैकल्पिक स्थान सुनिश्चित किया जाए, ताकि बार-बार हटाए जाने की समस्या से निजात मिले और वे शांति से अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें। दुकानदारों का कहना है कि समय-समय पर चलाए जाने वाले ऐसे अभियानों से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने स्थाई व्यवस्था की मांग करते हुए प्रशासन से रोजगार सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## युवाओं में जागरूकता और उत्साह बढ़ाया

**केरेडारी/चट्टी बरियातू।** चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (CSR) के तहत पगार फुटबॉल कप का भव्य आयोजन किया. इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से चार टीमें NTPC की, एक टीम SISF की और बाकी टीमें परियोजना प्रभावित क्षेत्रों की थीं. यह टूर्नामेंट स्थानीय युवाओं को खेल के माध्यम से जोड़ने और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था.

टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया और दर्शकों का मन मोह लिया. अंतिम मुकाबला गुरुवार को आयोजित किया गया, जिसमें SISF टीम ने पगार टीम को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया. विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.


परियोजना प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी टीमों को फुटबॉल और जर्सी प्रदान कर खिलाड़ियों के उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया. इस आयोजन से क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति रुचि और एकजुटता का संचार हुआ. इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक मोहम्मद वासिफ, श्री पवन खांडवे, श्री नीलमाधब स्वाइन, श्री शक्ति बरनवाल और श्री विजय किशोर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना की यह पहल न केवल खेलों को बढ़ावा देने का संदेश देती है, बल्कि सामाजिक समरसता और सामुदायिक विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है.

### सरादु में फर्जी जमाबंदी को रद्द कर जमीन अतिक्रमणमुक्त की मांग

# ग्रामीणों ने डीसी को दिया आवेदन

शुभम संदेश । चतरा

टंडवा प्रखंड की सरादु पंचायत के ग्रामीणों ने चतरा उपायुक्त एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को आवेदन देकर सरादु मौजा की रैयती आम खास गैरमजरूआ भूमि पर कराई गई फर्जी जमाबंदी को रद्द करने एवं भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने आवेदन में बताया कि सरादु मौजा की खतियानी जमीन, जिसमें खाता संख्या 126 के तहत खेसरा संख्या 381 (रकबा 1 एकड़ 24 डिसमिल), 382 (1 एकड़ 53 डिसमिल), खाता संख्या 66 के खेसरा संख्या 241 (24 डिसमिल), 277 (1 डिसमिल तथा 90 डिसमिल), 399 (310 डिसमिल), खाता संख्या 88 के खेसरा संख्या 11 (3 एकड़ 72 डिसमिल), खाता संख्या 101 के खेसरा संख्या 224 (1 एकड़ 6 डिसमिल) और खाता संख्या 102 के



खेसरा संख्या 321 (24 डिसमिल), 51 (3 एकड़ 21 डिसमिल) सहित अन्य कई खाता-प्लॉट शामिल हैं, जिनका जालसाजी एवं षड्यंत्रपूर्वक गलत कागजात बनाकर अवैध हस्तांतरण किया गया है।

ग्रामीणों ने कहा कि यह जमीन दशकों से गांव के स्थानीय रैयतों के स्वामित्व में है, जिनके पूर्वज यहीं रहते और खेती-बाड़ी करते आ रहे हैं। लेकिन कुछ बाहरी व्यक्तियों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन पर कब्जा कर लिया है और नकली रसीदें जारी करवाई हैं, जिससे ग्रामीणों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है।

आवेदन में दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें विक्रम सिंह, बलराम सिंह, राजेंद्र राम, आशिक मियां, अशोक राम, जीतन महतो, सुबोध सिंह, नूनी सिंह, बिजय सिंह, महेश सिंह, कैलास मुंडा, राजेश कुमार, शमीम मियां समेत अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

ग्रामीणों ने सरकार से आग्रह किया है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर फर्जी जमाबंदी को तत्काल रद्द किया जाए तथा जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराकर स्थानीय रैयतों को उनका वैध अधिकार दिलाया जाए, ताकि उनकी जमीन और जीवन दोनों सुरक्षित हो सकें।

## पौधरोपण और निःशुल्क पौधा वितरण किया गया

**सतगावां (कोडरमा)।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन एंव कोडरमा जिला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को थाना परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम व निःशुल्क फलदार पौधों का वितरण किया गया. इस दौरान थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा तथा मारवाड़ी सम्मेलन के जिला सचिव संदीप केडिया के द्वारा थाना परिसर में पौधरोपण किया गया. वहीं मारवाड़ी सम्मेलन के सचिव ने लोगों से फलदार वृक्ष लगाने की अपील की. उन्होंने कहा कि फलदार वृक्ष लगाने से लोगो को फल के साथ साथ पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है. उन्होंने बताया कि मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से जिले में प्रति वर्ष पंद्रह से अठारह हजार फलदार पौधों का वितरण किया जाता है. लेकिन सतगावां में यह कार्यक्रम पहली बार किया गया है.वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि पौधारोपण से पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ विभिन्न प्राकृतिक संसाधन प्रदान करते हैं.

### विकास की पहल, प्रेरणा व सम्मान की अनुभूति के साथ संपन्न शपथ व अभिनंदन समारोह

# नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार की स्पष्ट सोच, शिक्षा से ही विश्वकर्मा समाज का विकास संभव

शुभम संदेश । रांची / हजारीबाग

झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की नई प्रदेश कमेटी का शपथ ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह हाल ही में रांची स्थित स्थानीय विधानसभा सभागार में आयोजित किया गया। समारोह में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि, झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने समाज के लिए शिक्षा और राजनीतिक भागीदारी को विकास की आधारशिला बताया।



**शिक्षा व जागरूकता पर जोर:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही विश्वकर्मा समाज सशक्त बन सकता है। उन्होंने JPSC में सफलता प्राप्त करने वाले समाज के युवाओं—राहुल कुमार विश्वकर्मा (बिरनी, गिरिडीह), स्वीटी सुमन (बाघमारा, धनबाद), और रंजीत कुमार राणा (विशुणगढ़, हजारीबाग)— तथा डीएसपी रूपेंद्र कुमार राणा (हजारीबाग) का विशेष रूप से अभिनंदन किया, जिन्होंने समाज के गौरव को बढ़ाया। सुदिव्य कुमार ने राजनीतिक सक्रियता बढ़ाने पर भी बल दिया और कहा कि अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व पंचायत चुनावों के माध्यम से सुनिश्चित करना चाहिए। कमेटी विस्तार व सम्मानः समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने की, जबकि प्रदेश प्रधान महासचिव संतन शर्मा ने मंच संचालन संभाला। इस अवसर पर समाज की निकट भविष्य की योजनाओं के अनुकूल 200 नए प्रदेश पदाधिकारियों समेत हर जिले में महिला जिला कमेटी गठित करने की घोषणा की गई। सभी पदाधिकारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, और मंत्री ने उन्हें शपथ दिलाई। औद्योगिक प्राथमिकता की मांगः विकास राणा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज को आरा मशीन आवंटन में प्राथमिकता मिलनी चाहिए, और मुख्यमंत्री से इस संबंध में प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से संवाद स्थापित किया जाएगा।

सैकड़ों की उपस्थितिः कार्यक्रम में झारखंड के 24 जिलों से आए प्रदेश पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, महिला समिति और गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसमें अर्जुन शर्मा, संजय शर्मा, डोमन राणा, दिनेश राणा, गुप्तेश्वर शर्मा, जिला परिषद् सदस्य रविता देवी, नसीम अंसारी सहित सैकड़ों प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिससे समारोह की गरिमा बढ़ी। समापन सुदृढ़ संगठन एवं शिक्षा की ओर सम्मिलित ध्येय के साथ हुआ। इस समारोह ने एक ओर तो समाज के नेतृत्व में नयाँ जोश भरने का काम किया, वहीं दूसरी ओर शिक्षा, सम्मान और जागरूक राजनीति की दिशा में एक सशक्त प्रारंभ का संदेश दिया।

**बिजुलिया** | बिजुलिया तालाब रोड का होगा शीघ्र निर्माण

# सांसद प्रतिनिधि ने उठाई जनता की आवाज

शुभम संदेश । रामगढ़

छावनी परिषद क्षेत्र अंतर्गत स्थित बिजुलिया तालाब रोड की जर्जर स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में लंबे समय से आक्रोश था। अब इस दिशा में ठोस पहल की शुरुआत हुई है। भाजपा नेता एवं हजारीबाग सांसद के मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए छावनी परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अनंत आकाश से विशेष मुलाकात की।



धनंजय कुमार पुटूस ने बैठक के दौरान बताया कि बिजुलिया तालाब रोड की खस्ताहाल स्थिति के कारण क्षेत्रवासियों को प्रतिदिन काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर छात्र-छात्राओं, बुजुर्गों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने यह मांग रखी कि सड़क निर्माण को प्राथमिकता में रखते हुए जल्द से जल्द इसकी मरम्मत या पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा, "जनता की समस्या हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। सड़क की जर्जर स्थिति से हो रही परेशानियों की जानकारी मैं सांसद श्री मनीष जायसवाल जी को भी दूँगा। वे हमेशा जनसमस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं और मुझे भरोसा है कि उनके सहयोग से कार्य में तेजी आएगी।"

सीईओ अनंत आकाश ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि बिजुलिया तालाब रोड को जल्द ही मरम्मत या पुनर्निर्माण के माध्यम से ठीक कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क को प्राथमिकता में रखा जाएगा और यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस सकारात्मक पहल से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि वर्षों से उपेक्षित यह महत्वपूर्ण सड़क अब जल्द ही दुरुस्त होगी।

स्थानीय लोगों ने सांसद प्रतिनिधि की सक्रियता की सराहना की और आशा जताई कि जनहित से जुड़ी अन्य समस्याओं पर भी इसी तरह त्वरित कार्रवाई होगी।

# मातृ–शिशु स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर विमर्श, विशेषज्ञों ने बताए स्तनपान के लाभ

शुभम संदेश . हजारीबाग



आरोग्यम नर्सिंग कॉलेज में स्तनपान सप्ताह का आयोजन गरिमामयी एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ. इस अवसर पर मातृ–शिशु स्वास्थ्य को लेकर व्यापक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रंजन शरण और सम्मानित अतिथि प्रीति जैन उपस्थित रहीं, जबकि विशेष अतिथियों में डॉ. बी.एन. प्रसाद, डॉ. हीरालाल और प्रशासक जया सिंह मौजूद थे.

कॉलेज की शिक्षिकाएँ ज्योति तिर्की, प्रीति अग्रवाल और सुमन कुमारी साहू ने छात्राओं को स्तनपान के महत्व और उसके वैज्ञानिक पक्षों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि माँ का दूध नवजात के लिए सर्वोत्तम पोषण है, जिससे उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मज़बूत होती है. मुख्य अतिथि डॉ. रंजन शरण ने कहा कि स्तनपान नवजात शिशु के लिए अमृत समान है. इससे न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक विकास को भी मजबूती मिलती है. हर माँ को इस प्रक्रिया के प्रति जागरूक और संकल्पित होना चाहिए. आरोग्यम अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि कॉलेज का उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना नहीं, बल्कि समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना भी है. स्तनपान सप्ताह जैसे आयोजन इसी दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं. कार्यक्रम में जी.एन.एम. (2024-27), ए.एन.एम. (2024-26) और बी.एससी. नर्सिंग (2024-28) की छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया. उन्होंने नाटक, भाषण और पोस्टर के माध्यम से स्तनपान के लाभों पर रोशनी डाली.

## ब्रीफ न्यूज

### टुडुरमा में युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**गुमला ।** रायडीह थाना क्षेत्र के टुडुरमा निवासी आजाद सिंह ने बुधवार की शाम अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं है. वह विवाहित था और बेरोजगार था. परिवार के सदस्यों ने रात में ही युवक को फांसी के फंदा से उतार कर सदर अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया. गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिवार जनों को सौंप दिया.

### 7 सितंबर को होगा करम मिलन समारोह

**तमाड़ ।** के मारधान मैदान में 7 सितंबर को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) द्वारा एक दिवसीय भादर सह करम मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा. मुख्य अतिथि के रूप में जेएलकेएम अध्यक्ष टाईगर जयराम कुमार महतो मौजूद रहेंगे. महिला मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा सहित पार्टी के सभी संगठन गांव-गांव जाकर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं. वे अधिक से अधिक लोगों को समारोह में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं ताकि कार्यक्रम सफल बनाया जा सके.

### वाहन चेकिंग अभियान में बिना कागज वाहन जब्त

**सिमडेगा ।** उपायुक्त कंचन सिंह के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग ने मोटरयान निरीक्षक प्रकाश रंजन के नेतृत्व में व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया. इस अभियान में दो-पहिया, तीन-पहिया और अन्य छोटे-बड़े वाहनों की कागजात जांच की गई. जिन वाहनों के कागजात अधूरे या अवैध पाए गए, उनपर जुर्माना लगाया गया. मोटरयान निरीक्षक ने चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों और जागरूकता की जानकारी दी, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके. अभियान के दौरान जिला पुलिस बल के जवान भी मौजूद रहे और सहयोग किया.

### बुंडू नपं से लोग पूछ रहे हैं नहीं बनाना है, तो क्यों खोदा रोड

**बुंडू :** बुंडू ताऊ मैदान के पश्चिम में स्थित चिल्ड्रेन हेवेन स्कूल जाने के रास्ते में जल जमाव के कारण आसपास के लोगों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है. यह स्थिति ठीकेदार द्वारा सड़क का समतलीकरण कराये बिना ही पीसीसी सड़क बनाये जाने के कारण हुआ है. इस संदर्भ में योगेन्द्र महतो ने ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त एक एक ज्ञापन बुंडू एसडीएम ,बीडीओ, और सीओ को समर्पित किया है. जिसमें उसने बताया है कि मुहल्लावासियों के आग्रह पर ही यह पीसीसी सड़क गुही अहीर के घर से घासी महली के घर तक पीसीसी सड़क बना है. लेकिन सड़क बनानेवाले ठीकेदार की अदूरदर्शिता के कारण इस सड़क पर जल जमाव हो रहा है.

### पेट्रोल पंप चोरी का खुलासा दो युवकों को जेल भेजा गया

**टंडवा (चतरा) ।** थाना क्षेत्र के बिंगलात स्थित पेट्रोल पंप के ऑफिस से 10 अगस्त को हुई चोरी का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा किया है. थाना प्रभारी अनिल उरांव ने बताया कि शिकायतकर्ता दीपक कुमार के आवेदन पर 20 अगस्त को पुलिस ने केरेडारी थाना क्षेत्र के पचड़ा निवासी 19 वर्षीय आशिष कुमार पासवान और 18 वर्षीय संतोष पासवान को संदिग्ध हालत में गिरफ्तार किया. पूछताछ में दोनों ने चोरी की बात स्वीकार करते हुए बताया कि एक अन्य युवक के साथ मिलकर उन्होंने चोरी की है.

## सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान का 11वां जत्था बरगड्डा से हुआ रवाना, दी शुभकामनाएं

# बारिश में भी उमड़ा आस्था का जनसैलाब

- श्रद्धालुओं के पांव पखारकर, पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद लिया और उन्हें भावभीनी विदाई दी

**संवाददाता ।हजारीबाग**



हजारीबाग । झारखंड के हजारीबाग जिले में गुरुवार को आस्था और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब सांसद मनीष जायसवाल के सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियानर के तहत 11वां जत्था कटकमसांडी प्रखंड के बरगड्डा पंचायत से चारधाम यात्रा के लिए रवाना हुआ. लगातार हो रही झमाझम बारिश के बावजूद आयोजन में ग्रामीणों और तीर्थयात्रियों का उत्साह देखते ही बन रहा था. पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा.

यात्रा की शुरुआत बरगड्डा स्थित राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण से हुई. इस दौरान सांसद पुत्र करण जायसवाल, भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं और गणमान्य लोगों ने श्रद्धालुओं के पांव पखारकर, पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद लिया और उन्हें भावभीनी विदाई दी. यात्रा में शामिल श्रद्धालु वाराणसी, विंध्याचल, प्रयागराज और अयोध्या के दर्शन करेंगे.

कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष टुन्नु गोप, सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोरमा राणा, भाजपा नेता जुगनू सिंह, मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, सांसद कार्यालय प्रभारी विजय वर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाजसेवी शामिल हुए. इस अवसर पर गांव में पदयात्रा निकाली गई और विभिन्न मंदिरों में सामूहिक पूजा-अर्चना के बाद तीर्थयात्रियों की यात्रा शुभकामनाओं के साथ शुरू हुई. स्थानीय लोगों ने इस अभियान को सांसद मनीष जायसवाल की सामाजिक व आध्यात्मिक सोच का प्रतीक बताया. तीर्थ यात्रियों ने इस पहल के लिए आभार जताते हुए कहा कि संसदीय क्षेत्र से ऐसे धार्मिक अभियानों का संचालन एक प्रेरणादायक कदम है, जिससे समाज में अध्यात्म के साथ एकता और सकारात्मकता का संदेश जाता है.

### अवैध कनेक्शनधारियों पर हुआ कार्रवाई, चार पर मामला दर्ज

**लोहरदगा ।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र स्थित पतरा टोली विधुत विभाग द्वारा जिले के विभिन्न जगहों पर बिजली चोरी मामले में सेन्हा थाने में चार के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है. इस मामले पर सहायक विद्युत अभियंता लोहरदगा और कर्मियों द्वारा अभियान चलाते हुए चार के विरुद्ध सेन्हा थाना में मामल दर्ज कराया है. इधर अभियान के दौरान लोहरदगा जिला के कंडरा बूटी रोड सुगंबर सोनी का पुत्र नवीन सोनी पर 15 हजार 652 रूपये, कोराम्बे निवासी गोवर्धन नाथ पांडे की पत्नी कविता पांडे पर 27 हजार 390 रूपये, अशोक नायक की पत्नी लक्ष्मी देवी पर 19 हजार 564 रूपये और शंकर नायक का पुत्र सूरज नायक पर 15 हजार 652 रूपये का अवैध बिजली चोरी मामले को लेकर फाइन लगाया गया है. साथ ही ऊर्जा चोरी में उपयोग किए जाने वाले तार को कुछ दूरी तक काट कर जप्त किया गया. इधर इस संदर्भ में भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135/137 के तहत सहायक विद्युत अभियंता के लिखित बयान पर सेन्हा थाना में चारों व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है. मामले पर एसडीओ अज्जू कच्छप ने बताया कि अवैध विद्युत चोरी करने वाले लोगों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि जो भी लोग अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पकड़े जाएंगे उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी.

## हंटरगंज के रामनारायण 10+ टू स्कूल में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर

# जिप अध्यक्ष ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**शुभम संदेश ।चतरा**



**हंटरगंज (चतरा) :** रामनारायण टेन प्लस टू उच्च विद्यालय कार्यालय में शिक्षक, अभिभावक और जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी ने की. संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनूप कुमार ने किया. बैठक में प्रधानाध्यापक ने बच्चों की घटती उपस्थिति पर चिंता व्यक्त की. विद्यालय में कुल नामांकन 2835 है, लेकिन औसतन मात्र 600-700 विद्यार्थी ही नियमित उपस्थित होते हैं. विद्यालय प्रशासन लगातार अभिभावकों से संपर्क कर उपस्थिति सुधारने का प्रयास कर रहा है, लेकिन परिणाम संतोषजनक नहीं है.

जिप अध्यक्ष ममता कुमारी ने कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूकता अभी भी कम है, जो चिंता का विषय है. उन्होंने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को हर मंच पर उठाएंगी और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहेंगी. उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें ताकि बच्चों का उज्जवल भविष्य सुनिश्चित किया जा सके. साथ ही उन्होंने विद्यालय के विकास में सहयोग का भरोसा भी दिया.

बैठक के बाद जिप अध्यक्ष ने विद्यालय का निरीक्षण किया और शैक्षणिक व्यवस्था तथा अनुशासन की समीक्षा की. उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी सकारात्मक प्रतिक्रिया ली. ममता कुमारी ने कहा कि विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनूप कुमार के कुशल नेतृत्व में दो छात्रों ने राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. इसके अलावा, जिला एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भी यहाँ के छात्र अपनी पहचान बना रहे हैं.

इस अवसर पर उप्रमुख राहुल गुप्ता, बेचन पासवान, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक यादव, सीआरपी विनय गुप्ता, सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्णनंदन, डॉ. पुरुषोतम कुमार सिंह सहित कई अभिभावक और शिक्षक मौजूद थे.


# लावालौंग में फिर नक्सली हमला कई वाहनों को जलाकर किया खाक

**संवाददाता ।लावालौंग**



लावालौंग थाना क्षेत्र में तीन वर्षों की शांति के बाद एक बार फिर नक्सलियों ने दहशत फैला दी है. बुधवार रात भाकपा माओवादियों ने कोलकोले पंचायत के लेम्बोडीह बिशनपुर गांव में सतन गंझू की तलाश की, जो घर पर नहीं मिला. आक्रोशित माओवादी सतन के परिजनों को घर से बाहर निकाला और घर पर ताला जड़ दिया. साथ ही, घर के बाहर खड़े एक ट्रैक्टर और एक सवारी गाड़ी को आग लगा कर जलाकर खाक कर दिया. घटना में मनोहर गंझू के दस्ते का हाथ बताया जा रहा है. सूत्रों के अनुसार, शाम करीब पांच बजे लगभग पंद्रह माओवादी बिशनपुर नदी के किनारे नजर आए थे, जबकि छह माओवादियों ने आगजनी की. लगभग बीस माओवादी गांव में घूम रहे थे और ग्रामीणों पर नजर बनाए हुए थे. बताया गया कि गांव का एक युवक, जो अफीम मामले में हाल ही में जेल से छूटा है, पुलिस मुखबिरी के आरोप में माओवादियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम देने में शामिल था. घटना के बाद सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में नक्सल विरोधी अभियान तेज कर दिया गया है. लावालौंग थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि जांच जारी है और अभी तक स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है. क्षेत्र में सीआरपीएफ के जाने के बाद नक्सली गतिविधियां फिर बढ़ने लगी हैं, जिससे स्थानीय जनता में डर का माहौल बन गया है.

# कुड़ू में यूरिया की किल्लत कालाबाजारी, किसान परेशान



**शुभम संदेश ।कुड़ू (लोहरदगा)**

कुड़ थाना क्षेत्र के किसानों को इन दिनों यूरिया खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है. किसानों का आरोप है कि क्षेत्र की कई खाद-उर्वरक दुकानों में खुलेआम यूरिया की कालाबाजारी हो रही है. दर्जनों किसानों ने बताया कि दुकानदार 15 रुपये प्रति किलो की दर से यूरिया बेच रहे हैं, जो सरकारी दर से काफी अधिक है. रकारी आंकड़ों के अनुसार, झारखंड में यूरिया की निर्धारित कीमत 45 किलो की बोरी के लिए 266.50 रुपये और 50 किलो की बोरी के लिए 268 रुपये तय की गई है. इसके बावजूद, बाजार में किसानों को ऊंचे दामों पर यूरिया खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनकी लागत बढ़ रही है और मुनाफा घट रहा है. किसानों ने इस समस्या को लेकर प्रखंड प्रशासन और कृषि विभाग से हस्तक्षेप करने की मांग की है. इस पर कृषि विभाग की ओर से कहा गया है कि यदि कहीं पर भी यूरिया या अन्य उर्वरक की कालाबाजारी, जमाखोरी या निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री हो रही है तो किसान तुरंत इसकी शिकायत कर सकते हैं. शिकायत के लिए कृषि विभाग ने टोल-फ्री नंबर 1800-123-116 जारी किया है. साथ ही, किसान चाहें तो प्रखंड कार्यालय में सीधे शिकायत दर्ज करा सकते हैं. किसानों का कहना है कि यदि जल्द इस समस्या का समाधान नहीं हुआ.

## अभियान

## हंटरगंज में शुरू हुआ सशक्त पंचायत नेत्री प्रशिक्षण अभियान

# महिला वार्ड सदस्यों को किया गया प्रशिक्षित

**संवाददाता । हंटरगंज (चतरा)**



हंटरगंज प्रखंड कार्यालय सभागार में सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत तीन दिवसीय निर्वाचित महिला वार्ड सदस्यों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुवात गुरुवार को हुआ. जिसका विधिवत उद्घाटन बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप ने किया.इस दौरान उपस्थित महिला वार्ड सदस्यों को उनके अधिकार व योजना से संबंधित जानकारी दी गयी. इस दौरान महिलाओं के अधिकार व कर्तव्य, योजना चयन की प्रक्रिया के साथ विभाग से संबंधित जानकारी दी गयी. प्रशिक्षण में सबसे पहले परिचय अधिकार और कर्तव्य को लेकर जानकारी दी गयी. मास्टर ट्रेनर सुप्रिया कुमारी और अनिता यादव ने जेंडर विषय पर समाज में इसकी अवधारणा और इसका महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी दी. उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में महिला वार्ड सदस्यों के जगह उनके पति कार्य करते हैं और वास्तविक सदस्य जो हैं वह वंचित रह जाते हैं इससे हम महिलाओं को आवेहलना महसूस होता है. आगे कहा गया कि यह प्रशिक्षण तीन दिनों तक चलेगा जिसमें वार्ड सदस्य महिलाओं को अपनी अधिकार और कर्तव्य के प्रति जागरूक करना है ताकि ओ खुद अपने कार्य को कर सकते वो अपने वार्ड के मुखिया है यह उन्हें समझने की जरूरत है. मौके पर प्रखंड के 139 महिला वार्ड सदस्य मौजूद थे.

# दुर्घटना में युवक की मौत ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई बाइक

**शुभम संदेश ।गुमला**

पालकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाइवे पर स्थित सेमरा जंगल के पास एक सड़क दुर्घटना में 28 वर्षीय युवक गौतम सिंह की दर्दनाक मौत हो गई. गौतम सेमरा गांव का निवासी था और अंबेराडीह में चाउमीन की दुकान चलाता था. बुधवार की शाम वह अपने दुकान से बाइक पर सवार होकर सेमरा गांव लौट रहा था.

रास्ते में सेमरा जंगल के समीप सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर की ट्रॉली से उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पीछे से जा टकराई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि गौतम गंभीर रूप से घायल हो गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई. दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में गौतम को गुमला सदर अस्पताल ले गए. वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.

गुरुवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने शव को परिवार के सदस्यों को सौंप दिया. इस दुर्घटना से गांव और आसपास के इलाके में शोक की लहर है. ग्रामीणों ने सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों को लेकर चिंता जताई है और प्रशासन से इस दिशा में उचित कदम उठाने की मांग की है. गौतम के असामयिक निधन से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है.

## एक नजर

### छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्रों को शिक्षकों ने दी बधाई



जैक द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए आयोजित राष्ट्रीय साधन सेवी सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुदाम कोठाटोली रायडीह के दो छात्र क्रमशः मुकेश महतो और प्रियांशु उरांव सफल हुए हैं. इन दोनों छात्रों को चार वर्षों तक बारह हजार रुपये प्रति वर्ष बतौर छात्रवृत्ति मिलेगा. इन छात्रों के सफलता पर शिक्षकों और स्कूली बच्चों एवं प्रबंध समिति के सदस्यों में हर्ष हैं. शिक्षकों ने बधाई दी है. ज्ञात हो कि विद्यालय भवन जर्जर है. शिक्षकों की कमी है. बारह वर्षों से गणित का शिक्षक नहीं है. विद्यालय में शैक्षणिक कार्य की समुचित सुविधा नहीं होने के बावजूद छात्रों ने अपने मेहनत से छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल हुए हैं. इसके लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमृत मेटे ने दोनों छात्रों को बधाई दी है. कहा कि विद्यालय में शिक्षकों की कमी को दूर किए जाने से बच्चों का शिक्षण अधिगम स्तर और बेहतर हो सकता है.

### गृह मंत्री के प्रस्तावित बिल का भाजपा नेता ने किया स्वागत



**गुमला ।** जिला भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष सुरेश सिंह ने लोकसभा में गृह मंत्री द्वारा प्रस्तावित बिल का स्वागत किया है. बिल में कहा गया है कि तीन दिन पुलिस अभिरक्षा में होने या जेल जाने की स्थिति में पीएम हो या सीएम या फिर अन्य मंत्री वे स्वतः पद से हट जाएंगे. सुरेश सिंह ने गृह मंत्री के इस प्रस्तावित बिल को केंद्र सरकार का बहुत बड़ा साहसिक कदम माना है. उनका मानना है कि राज नेताओं में अब पहले जैसी नैतिकता नजर नहीं आती है. उदाहरण में अरविंद केजरीवाल को पूरा देश देखा कि लंबे समय तक जेल जाने के बाद भी मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं थे. अब ऐसी स्थिति में उनको हटाने का एक ही रास्ता था कि ऐसे लोगों को पद से हटाने के लिए संवैधानिक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाए इस बिल से निश्चित ही एकबार राजनीतिक भूचाल आने की पूरी संभावना है. भ्रष्टाचार और अपराध में डूबे हुए राजनेता चाहे वह किसी भी दल से क्यों ना हो पूरे जोर-जोर से चीख पुकार मचाएंगे. लेकिन लोकतंत्र के शुद्धिकरण के लिए यह बिल एक मील का पत्थर साबित होगा.

### किसानों को यूरिया उपलब्ध कराने की मांग



**गुमला ।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटेलाल उरांव भगत ने गुरुवार को उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो को ज्ञापन सौंप कर किसानों को यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की है. कहा कि किसानों को समय पर यूरिया नहीं मिल रहा है. जिस कारण किसानों को परेशानी हो रही है. यूरिया की कमी किसानों के लिए एक गंभीर समस्या बन गई है. कहा कि एक तो किसानों को बीज समय पर उपलब्ध नहीं कराया गया. वर्षा भी कृषि कार्य को प्रभावित किया है. अब किसान उर्वरक से फसल को संतुलित करना चाह रहे हैं तो उन्हें उर्वरक नहीं मिल रहा है. उन्होंने खुले बाजार में अधिक मूल्य पर बिक रहे उर्वरक पर भी निगरानी रखने की मांग की है. कहा कि इस समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है. ज्ञापन सौंपने वालों में छोटेलाल उरांव भगत, आजसू के जिला सचिव निशांत रंजन गोलू, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह, गुमला ग्रामीण महामंत्री दिनेश चौधरी, हरिहर कुमार आदि उपस्थित थे.

### सिमडेगा में पुलिस निरीक्षक दिनेश कु प्रजापति को विदाई



**सिमडेगा ।** पुलिस अधीक्षक सिमडेगा की अध्यक्षता में सिमडेगा पुलिस परिवार की ओर से पुलिस निरीक्षक दिनेश कुमार प्रजापति के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने दिनेश कुमार को शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. दिनेश कुमार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में अंचल पुलिस निरीक्षक बानो, कुरडेग एवं थाना प्रभारी सिमडेगा के पदों पर कार्य किया. सिमडेगा में अपनी उत्कृष्ट सेवा के बाद वे अब एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB), झारखंड रांची में स्थानांतरित हो गए हैं. समारोह में वरीय पुलिस उपाधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत कई पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे. सभी ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रकट कीं.

### रांची के दो डॉक्टर 24 को लोहरदगा में देंगे योगदान

**लोहरदगा ।** जिले के मरीजों के लिए बड़ी खुशखबरी है. अब राजधानी रांची के दो नामचीन डॉक्टर लोहरदगा में अपनी चिकित्सा सेवा देंगे. अंजुमन अस्पताल लोहरदगा में आगामी रविवार 24 अगस्त को दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक मरीजों की जांच और उपचार किया जाएगा. इस दौरान डॉ. विभाष चन्द्र, हड्डी और नस रोग विशेषज्ञ एमएस, तथा डॉ. रंजीत कुमार, बच्चा रोग विशेषज्ञ (एमडी) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. अंजुमन इस्लामिया के नायब सदर सैयद आरीफ हुसैन बबलू ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि जिलेवासियों के लिए यह सुनहरा अवसर है. उन्होंने आम जनता से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस मौके का लाभ उठाएं और विशेषज्ञ डॉक्टरों से अपनी जांच एवं इलाज कराएं. जिले में पहली बार एक ही मंच पर राजधानी के इन दोनों विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति को लेकर मरीजों और परिजनों में उत्साह देखा जा रहा है.

### प्रगति में मनातू व पांडु सबसे पीछे, डीसी ने की कड़ी समीक्षा

**मेदिनीनगर ।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई. बैठक में ग्रामीण विकास, खाद्य, सार्वजनिक वितरण, श्रम, नियोजन, अनुसूचित जनजाति, महिला-बाल विकास, कृषि, पशुपालन, पंचायती राज, पेयजल एवं स्वच्छता सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई. प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पाया कि वित्तीय वर्ष 2016-22 के दौरान मनातू और हैदरनगर में सबसे कम आवास पूरे किए गए हैं. वहीं, अबुआ आवास योजना की प्रगति में भी मनातू और पांडु क्षेत्र काफी पीछे हैं. डीसी ने सभी विभागों को आवास संबंधित ग्रीवांस रेखांकित करने के निर्देश दिए ताकि समस्याओं का समाधान किया जा सके. बैठक में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास और अबुआ आवास के लाभुकों को निशुल्क बिजली कनेक्शन दिया जाएगा. इसके लिए सभी बीडीओ से लाभुकों की सूची मांगी गई है, जिससे बिजली कनेक्शन जल्द ही हर घर में दिया जा सके. डीसी ने विशेष रूप से पीवीटीजी परिवारों के घरों में बिजली कनेक्शन अनिवार्य करने पर जोर दिया.

मंथन

## क्या चुनाव आयोग राहुल को सजा देगा?

चुनाव आयोग का कार्य भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना है. इसका मुख्य उद्देश्य किसी भी राजनीतिक दल या नेता के खिलाफ निष्पक्ष जांच करना होता है, अगर वे चुनाव संहिता का उल्लंघन करते हैं. हाल ही में राहुल गांधी से संबंधित कुछ विवाद सामने आए हैं, जिसमें उन पर आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप लगे हैं. ऐसे में यह सवाल उठता है-क्या चुनाव आयोग उन्हें सजा देगा?राहुल गांधी एक वरिष्ठ राजनेता हैं और कांग्रेस पार्टी के प्रमुख चेहरे हैं. यदि उन्होंने चुनावी रैलियों या भाषणों में किसी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जो आदर्श चुनाव संहिता का उल्लंघन करती है, तो चुनाव आयोग के पास अधिकार है कि वह नोटिस जारी करे, स्पष्टीकरण मांगे और उचित कार्रवाई करे.हालांकि, ₹सजा₹ शब्द का उपयोग करते समय यह समझना जरूरी है कि चुनाव आयोग के पास सीमित अधिकार होते हैं. आयोग किसी नेता को जेल नहीं भेज सकता या कानूनी सजा नहीं दे सकता. वह केवल चेतावनी, प्रतिबंध या मामला संबंधित अदालत में भेज सकता है. यदि राहुल गांधी दोषी पाए जाते हैं, तो आयोग उन्हें कुछ समय के लिए प्रचार से रोक सकता है या उनके खिलाफ रिपोर्ट सरकार को सौंप सकता है.यह भी ध्यान देने योग्य है कि चुनाव आयोग को पूरी प्रक्रिया निष्पक्षता से करनी होती है. किसी भी राजनेता को केवल राजनीतिक दबाव के कारण सजा देना आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है.अंततः, क्या राहुल गांधी को सजा मिलेगी या नहीं, यह इस पर निर्भर करेगा कि उन्होंने वास्तव में चुनाव संहिता का उल्लंघन किया है या नहीं, और आयोग की जांच में क्या निष्कर्ष निकलते हैं.

नजरिया

## क्या रूस भारत को लेकर ट्रंप पर दबाव बना रहा है?

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक केंद्र बन चुका है. अमेरिका, रूस, चीन और यूरोपीय संघ जैसे शक्तिशाली देश भारत के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ करने की होड़ में लगे हैं. ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या रूस, भारत को लेकर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर दबाव बना रहा है?रूस और भारत के ऐतिहासिक संबंध दशकों पुराने हैं. शीतयुद्ध के समय से ही भारत ने रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) के साथ रक्षा, ऊर्जा और अंतरिक्ष के क्षेत्र में गहरे सहयोग बनाए रखा है. आज भी रूस भारत का एक प्रमुख रक्षा साझेदार है. दूसरी ओर, ट्रंप के राष्ट्रपति काल में अमेरिका ने भारत के साथ रणनीतिक और व्यापारिक संबंधों को मजबूत किया, खासकर चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए.हालांकि, हालिया वैश्विक घटनाओं, जैसे यूक्रेन युद्ध और रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों के चलते रूस भारत को अपने पक्ष में बनाए रखने की पूरी कोशिश कर रहा है. भारत की ₹रणनीतिक स्वायत्तता₹ की नीति के तहत वह रूस और अमेरिका दोनों के साथ संतुलन बनाए रखता है. इस परिप्रेक्ष्य में यह संभावना है कि रूस भारत को लेकर ट्रंप या अमेरिका पर कूटनीतिक दबाव बनाए, ताकि भारत पश्चिमी प्रतिबंधों से दूर रहे और रूस से व्यापार जारी रखे.हालांकि, प्रत्यक्ष रूप से कोई सार्वजनिक प्रमाण नहीं है कि रूस ने ट्रंप पर विशेष रूप से भारत को लेकर दबाव डाला हो. लेकिन भू-राजनीतिक हितों के तहत, बैकचैनल डिप्लोमेसी और रणनीतिक वार्ताओं के माध्यम से यह दबाव अप्रत्यक्ष रूप से अवश्य मौजूद हो सकता है.अतः कहा जा सकता है कि दबाव की संभावना है, लेकिन उसके प्रमाण सार्वजनिक रूप से सीमित हैं.

# सभ्यता के संकट का समाधान है जनजातीय जीवन

डॉ मयंक मुरारी

सभ्यता जिस तरह से विकसित हुई और आगे बढ़ रही है. वह सामाजिक विकास और सुधार की एक अनवरत कहानी रही है. मानव सभ्यता जिस मार्ग से विकास के माध्यम से आगे बढ़ी, उस यात्रा को स्वाभाविक और स्वतंत्र माना गया. अब 21 वीं सदी में विचारक यह प्रश्न उठा रहे है कि अगर यह विकास की यात्रा इतनी सफल और ऊर्ध्वगामी रहा, तो मानव इतिहास का हरेक पन्ना इतना दुखद और पीड़ादायी क्यों है ? क्यों आज सभ्यता ने मानव जीवन में जो बदलाव लाया है, वह मानवीय आवश्यकताओं को बेहतर तरीकें से पूरा नहीं कर पाए. अब विकास की परिभाषा और प्रक्रिया को जनजातीय जीवन के परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है. उनको आश्चर्य हो रहा है कि जंगल और वनप्रदेश में रहना वाला मानव समाज पूर्णता और स्वतंत्रता के साथ जीवन कैसे जीते थे और आज भी जी रहे हैं.

एंड्रयू बार्ड श्मूक्लर की पुस्तक, "द पैरेबल ऑफ द ट्राइब्स," में शक्ति और शोषण की समस्या पर विचार किया गया है. श्मूक्लर का मानना है कि पुराने समय में जंगल में रहनेवाले लोग पूर्णता और स्वतंत्रता का जीवन जीते थे जिसकी आधुनिक लोग कल्पना भी नहीं कर सकते. पुराने दिनों में, मानव समाज स्थिर था. उनका जीवन सरल और स्वभाविक रूप से गतिमान था, क्योंकि हमारा विकास आनुवंशिक विकास द्वारा निर्देशित था. आधुनिक समाजशास्त्री यह मानते है कि प्रकृति ने हमें पोषण प्रदान किया और उस प्रक्रिया में जनजातीय समाज ने केवल वही लिया जो उसे चाहिए था. आधुनिक समाज इस बात को भूल गया कि न तो हम दुनिया पर नियंत्रण नहीं कर सकते है और न ही प्रकृति पर हमारा कोई वश है. अगर मनुष्य यह मान लेता है कि हम प्रकृति का एक अभिन्न हिस्सा है तो हमारी विकास की यात्रा स्वाभाविक भी होती ओर उसमें कोई पीड़ा की अनुभूति भी नहीं रहती, जो आज है. ऐसे में जनजातीय जीवन का स्वरूप एक विकल्प के रूप में उभर कर आ रहा है.

आज जबकि सभ्यता के समक्ष संकट गहराता जा रहा है, तब जनजातीय प्रवृत्ति हमें दिखाती है कि सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए उनका उपयोग कैसे किया जाए. हौसले और उम्मीद से भरपूर, ट्राइबल हमारे मनोविज्ञान के सबसे गहरे रहस्यों को उजागर करते है. आदिवासी प्रवृत्तियाँ हमें ज्ञान और लक्ष्य को साझा करने और सांस्कृतिक ज्ञान के संचित निधि को अगली पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए एक समुदाय के रूप में काम करने में सक्षम बनाती हैं. विकास की यात्रा में



उनकी तर्कहीनता के लिए आदिवासी आवेगों का उपहास करने के बजाय, हम उन्हें शक्तिशाली समन्वयक और समाज निर्माण के उत्प्रेरक के रूप में पहचान सकते हैं, जो प्रदर्शन को समय और देशानुकूल करते हैं, दरारों को भरते हैं, और सांस्कृतिक परिवर्तन की शॉकवेव को समायोजित करते हैं.

दुनिया में आज इतना अलगाव, अत्याचार और विनाश की हवाएं क्यों है ? हर समाज पीड़ा और कष्ट से इतना घिरी क्यों है ? वर्तमान समय में आदिवासी जीवन की सहजता और सरलता में समावेशित निरंतरता का तत्व सामाजिक विकास का एक सर्वमान्य सिद्धांत है जो इन और ऐसे असंख्य संबंधित प्रश्नों के उत्तर प्रदान करता है. पृथ्वी पर जीवन की कहानी की व्यापक प्रतियोगिता के भीतर मानव नियति को देखते हुए अब दुनिया उस ओर देख रही है, जिसे विकास के लिए उजाड़ा गया, हटाया गया और प्रगति का नैरेटिव बनाया गया. जनजातियों का दृष्टांत बताता है कि जैसे ही लोगों ने सभ्यता की दहलीज पार की, वे एक ऐसी अराजकता में फंस गए जो पहले कभी नहीं थे. जब मनुष्य अपने जीवन के तरीके का आविष्कार करने वाले पहले प्राणी बन गए, तो उसका प्रभाव समाज पर पड़ा. समाज अपने जीवन के तरीके का आविष्कार खुद करने लगा. तब लोग अपनी इच्छानुसार विकसित होने के लिए स्वतंत्र हो गए.

अब यह स्वीकर किया जा रहा है, जिस और आदिवासी समाज सभ्यता के विकास के शुरूआती दौर से प्रश्न उठा रहा है, चाहे वह भारत में तिलका माझी, का आंदोलन हो, आस्ट्रेलिया में मुरा, अमेरिका के नार्थ केरोलिना में रेड इंडियन हो या अफ्रिका में किक्यू, एम्बू आदि जनजातीय विद्रोह हो. यह विद्रोह बताता है कि किसी भी एक समाज के लिए जो स्वतंत्रता होती है, उसे रोका जाता है तो समाजों की परस्पर क्रियाशील प्रणाली में अराजकता बढ़ती है. जनजातीय समाज और संस्कृति के विस्थापन के कारण जो विकास का चक्र चला, वह केवल शक्ति के तरीके से ही जीवित रह सकते थे और फैल सकते थे. इस कारण पृथ्वी एक ऐसी जगह बन गई जहाँ कोई शांति और स्वाभाविक तरीकें से नहीं रह सकता है. विकास की अपनी स्वतंत्र पथ के कारण आधुनिक समाज एक अंधकार में समाता चला गया, जहां चकाचैंध था, प्रगति थी लेकिन शांति और सहजता नहीं थी. तो दूसरी ओर जिस समाज में यह शांति और सहजतता थी, उसको भी हम अव्यवस्थित और अराजक स्थिति में पहुंचा दिया.

विकास की लंबी यात्रा के बाद अब यह माना जाने लगा है कि हमारी आधुनिक शिक्षा प्रणाली ने आधुनिक सभ्यता से पहले की लगभग हर चीज को नजरअंदाज करती है. यह प्रगति की एक पौराणिक कहानी है, जिसमें अत्यधिक बुद्धिमान मनुष्यों ने जानबूझकर चुनाव करके निरंतर प्रगति की, जिससे हम आधुनिक समय के तकनीकी-स्वप्नलोक में पहुँचे. जब सभ्यता विकास की सीमा पर खड़ा होकर देखता है, कटु सच्चाई से सामना होता है. यह माने जाने लगा है कि वर्तमान सभ्यता ने आम तौर पर मानवीय जरूरतों को पूरा करने में खराब काम किया है, अभिजात वर्ग को छोड़कर - और यह पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक बहुत बड़ी आपदा रही है. भौगोलिक खोज के साथ जैसे-जैसे सभ्यताएँ बढ़ीं, वे एक-दूसरे से टकराने लगीं, जिससे संघर्ष हुआ. फिर समाज में सत्ता, शक्ति और सरकार का आगमन हुआ. इसमें शक्ति ही एकमेव संप्रभु हो गया. जिसके पास शक्ति है, उसके पास सत्ता, और - केवल सत्ता ही सत्ता को रोक सकती है. अमेरिका के बर्कले विश्विद्यालय में ग्रेजुएट थियोलॉजिकल यूनियन में शोध हुआ तो बताया गया कि सत्ता के लिए चयन - प्राकृतिक चयन नहीं है. अब सभ्यता के समक्ष विस्तार के लिए कोई अन्य विकल्प नहीं होने के कारण अपनी सत्ता के को कायम रखने के चार विकल्प है- युद्ध, वापसी, आत्मसात और विनाश.

विकास की अनंत होड़ में हम अपने घर से इतने दूर हैं कि सरल रणनीतियाँ पर्याप्त नहीं हैं. औद्योगिक सभ्यता पतन के शुरुआती चरणों में है, और हम एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं जो स्थानीय और बाहुबल से संचालित होने वाला है. ऐसी स्थिति तब दुनिया को लगता है कि परोपकारी वैश्विक सभ्यता अकेले मानव स्वभाव और प्रकृति के सरल विन्यास पर संभव है. यह एक नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा, जिनमें से एक संधारणीय जीवन की ओर वापसी है. जैसा कि एंड्रयू बार्ड श्मूक्लर की पुस्तक, " द पैरेबल ऑफ द ट्राइब्स," में कहते हैं कि भविष्य अभी लिखा जाना बाकी है.

## आज का इतिहास

1320 : नसीरूद्दीन खुसरू को गाजी मलिक ने हराया

1639 : ईस्ट इंडिया कंपनी ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई (तत्कालीन मद्रास) की स्थापना की.

1848 : अमेरिका ने न्यू मैक्सिको पर क़ब्ज़ा किया.

1849 : इतिहास का पहला हवाई हमला- ऑस्ट्रिया ने इटली के शहर वेनिस में चालक रहित गुब्बारों से हमला किया.

1851 : ऑस्ट्रेलिया में सोने की खानों के इलाके की खोज हुई.

1894 : नेटाल भारतीय कांग्रेस की स्थापना महात्मा गाँधी द्वारा 22 अगस्त को की गई थी.

1910 : जापान ने पांच साल तक कोरिया का संरक्षण करने के बाद उस पर क़ब्ज़ा किया.

1914 : ब्रिटिश और जर्मन सैनिकों के बीच बेल्जियम में पहली मुठभेड़ हुई.

## अपनी पहचान से क्यों हो अनजान

चिंतन

कल सुहानी की गणित की परीक्षा है और उसे डर है कि वह परीक्षा में आए सवाल हल नहीं कर पाएगी. वैसे तो सुहानी गणित में बहुत होशियार थी, पर बीमार होने के कारण उसकी पिछली कुछ परीक्षाएँ अच्छी नहीं हुई. इसलिए उसे लगने लगा कि वो गणित में अच्छी नहीं है. वह उदास और चिंतित होकर अपने कमरे में बैठी थी और मदद के लिए अपने दोस्त नचिकेता को याद कर रही थी. तभी उसके कमरे में खिड़की से एक फ्लाइंग टॉय-कार आई. उस कार में नचिकेता बैठा हुआ था. नचिकेता ने अपना काला चश्मा निकालते हुए सुहानी से पूछा, "क्या बात है सुहानी, इतनी परेशान क्यों हो?" सुहानी ने अपनी परेशानी नचिकेता को बताई. चलो तुम्हारी चिंता दूर करने के लिए, तुम्हें एक कहानी सुनाता हूँ," नचिकेता ने कहा. तो बच्चों, आओ हम भी इस रोचक कहानी का मज़ा लें. एक दिन एक छोटी शेरनी की माँ उसे मांद में छोड़कर उसके लिए खाना लाने गई. खाना ढूंढने में उसे ज़रा देर हो गई. छोटी शेरनी को अपनी माँ की चिंता हुई और वह उसे ढूंढने मांद के बाहर चली गई. अँधेरे में शेरनी की बच्ची रास्ता भटक गई और भेड़ों के बाड़े में जा पहुँची. वहाँ बहुत सारी भेड़ें रहती थीं. शेरनी अब भेड़ों के साथ ही रहने लगी. वह भेड़ों की तरह ही बर्ताव करने लगी. वो ना तो शेरनी की तरह दहाड़ती, ना तेज़ दौड़ती और ना ही ऊँची छलाँग लगाती. भेड़ों के बीच रहकर वह खुद को एक भेड़ ही समझने लगी थी. एक बार वह दूसरी भेड़ों के साथ घास चरने गई तभी वहाँ शेरनी की माँ आ गई. सभी भेड़ें डर कर इधर-उधर भागने लगीं पर शेरनी वहीं खड़ी रही. उसने अपनी माँ को पहचान लिया और दौड़कर उसके गले लगी. शेरनी को याद आ गया कि वह कोई भेड़ नहीं, एक शेरनी है. शेरनी और उसकी माँ एक साथ दहाड़े. शेरनी को अपनी असली ताकत का एहसास हुआ. नचिकेता की कहानी सुन कर सुहानी का मनोबल बढ़ गया. उसने एक नई ऊर्जा का अनुभव किया और खुद को परीक्षा के लिए तैयार करने के लिए फिर से प्रेरित किया.

## X इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #TVKVettriMaanadu 95K
2. #RegulateDontBan
3. कल्याण सिंह 15K
4. #TVKMaduraiManaadu 38K
5. #LivingFullyWithDiabetes
6. पूर्व मुख्यमंत्री 15K
7. Frank Caprio 195K
8. SYZY 27K
9. कर्नल सोनाराम चौधरी
10. राष्ट्रीय महिला आयोग

बहुरंग



## 'जॉली एलएलबी 3' का पहला मस्ती भरा गाना 'भाई वकील है' रिलीज

फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का पहला गाना 'भाई वकील है' रिलीज हो गया है. इस गाने को अमन पंत और केडी देसीरॉक ने अपनी आवाज दी है. गाने में अक्षय कुमार और अरशद वारसी की एनर्जी से भरपूर जबरदस्त केमिस्ट्री और डांस मूव्स देखने को मिल रहे हैं. दोनों एक्टर्स की कॉमिक टाइमिंग और स्क्रीन प्रेज़ेंस ने गाने को और मजेदार बना दिया है. सोशल मीडिया पर गाना तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं. फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' की खासियत सिर्फ इसकी स्टारकास्ट ही नहीं है, बल्कि इसमें मौजूद शानदार सपोर्टिंग कास्ट भी है. फिल्म में सौरभ शुक्ला, अमृता राव, हुमा कुरैशी और अन्नू कपूर जैसे दिग्गज कलाकार अहम किरदार निभाते नजर आएंगे. कोर्टरूम ड्रामा और कॉमेडी के इस तगड़े कॉम्बिनेशन में यह सभी कलाकार अपनी भूमिकाओं से फिल्म को और ज्यादा रोचक बनाएंगे. फिल्म का निर्देशन और कहानी दोनों की जिम्मेदारी सुभाष कपूर ने संभाली है, जिन्होंने इससे पहले 'जॉली एलएलबी 3' और 'जॉली एलएलबी 2' जैसी सुपरहिट फिल्में दी हैं. दर्शकों को उम्मीद है कि इस बार भी फिल्म न्याय और हास्य के बीच की रोचक जंग को और ज्यादा बड़े स्तर पर पेश करेगी. 'जॉली एलएलबी 3' को 19 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा. रिलीज डेट के ऐलान के बाद से ही दर्शक बेसब्री से इस दिन का इंतजार कर रहे हैं. टीजर और पहले गाने की झलक से साफ है कि फिल्म हंसी, मनोरंजन और दमदार परफॉर्मेंस से भरपूर होगी. इस वक्त सोशल मीडिया पर फिल्म का जबरदस्त क्रेज है और ट्रेड एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार ओपनिंग कर सकती है.

## फिल्म 'मेहर' का ट्रेलर रिलीज, राज के साथ एक्ट्रेस गीता नजर आएंगी




अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और बिजनेसमैन राज कुंद्रा एक बार फिर सुर्खियों में हैं. साल 2023 में उन्होंने फिल्म 'यूटी 69' से एक्टिंग डेब्यू किया था, लेकिन वह बॉक्स ऑफिस पर कोई खास असर नहीं छोड़ पाई. अब कुंद्रा ने एक नया कदम उठाते हुए पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री कर ली है. उनकी पहली पंजाबी फिल्म 'मेहर' का ट्रेलर आखिरकार रिलीज कर दिया गया है, जिसे लेकर दर्शकों में अच्छी खासी चर्चा है. 'मेहर' में राज कुंद्रा के साथ एक्ट्रेस गीता बसरा नजर आएंगी. इसके अलावा फिल्म में आशीष दुग्गल, हॉबी धालीवाल, बनिंदर बन्नी, रूपिंदर रूपी, मनप्रीत मणि, कुलवीर सोनी, अंकित सागर, नेहा ध्याल और सविता भट्टी जैसे कई कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे. फिल्म का निर्देशन और कहानी दोनों राकेश मेहता ने तैयार की है. यह फिल्म 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. ट्रेलर सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया है.

राज कुंद्रा की इस नई पारी पर उनकी पत्नी शिल्पा शेट्टी ने भी अपना प्यार और समर्थन जताया है. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, वाह ! पंजाबी फिल्मों को एक नया हीरो मिल गया है, लेकिन मेरे लिए तो वो हमेशा से हीरो रहे हैं. फिल्मों में आपका स्वागत है राज. आपको और 'मेहर' की पूरी टीम को ढेर सारी शुभकामनाएं. निर्देशक राकेश मेहता पाजी, फिल्म के गाने और अब ट्रेलर कमाल के हैं. फिल्म देखने का इंतजार है. पिक्चर अभी बाकी है दोस्तों 5 सितंबर को मिलते हैं सिनेमाघरों में.

## बड़े पर्दे के बाद ओटीटी पर उतरी पवन कल्याण की 'हरि हर वीर मल्लू'

साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीर मल्लू' इस साल 24 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी. भव्य सेट, शानदार विज़ुअल्स और दमदार कलाकारों की वजह से इस फिल्म से दर्शकों और मेकर्स दोनों को काफी उम्मीदें थीं. हालांकि, लगभग 300 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत में बनी यह फिल्म सिनेमाघरों में वैसा धमाल नहीं मचा पाई, जैसा अनुमान लगाया गया था. रिलीज के बाद फिल्म ने दुनियाभर से लगभग 116.82 करोड़ रुपये की कमाई की.

बॉक्स ऑफिस पर अपेक्षित सफलता न मिलने के बाद अब फिल्म डिजिटल माध्यम पर अपनी नई पारी शुरू कर चुकी है. 'हरि हर वीर मल्लू' को अब दर्शक सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेज़न प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं. ऐसे में जिन दर्शकों ने सिनेमाघरों में यह फिल्म मिस कर दी थी, उनके लिए अब घर बैठे इस पीरियड ड्रामा को देखने का सुनहरा मौका है. अमेज़न प्राइम वीडियो ने फिल्म की रिलीज की घोषणा करते हुए लिखा, ₹शहर में एक नया रॉबिनहुड आया है, नाम है 'हरि हर वीरा मल्लू.'₹ इस लाइन ने फैंस का



उत्साह और भी बढ़ा दिया है. फिल्म की कहानी एक काल्पनिक योद्धा वीरा मल्लू के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे जनता का 'रॉबिनहुड' कहा जाता है. पवन कल्याण ने इस दमदार किरदार को जीवंत किया है. उनके साथ फिल्म में बॉबी देओल और निधि अग्रवाल भी अहम भूमिकाओं में नज़र आते हैं. बॉबी देओल का ग्रे-शेड वाला किरदार फिल्म की खासियत रहा, वहीं निधि अग्रवाल ने अपनी मासूमियत और अभिनय से प्रभावित किया. इस मेगा-प्रोजेक्ट का निर्देशन कृष जगरलामुदी और एएम ज्योति कृष्णा ने मिलकर किया है.




**मेष :** शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी. प्रेमभाव बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. शुभांक-3-5-6

**वृष :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें. व्यापार में वृद्घि होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है. स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें. शुभांक-1-3-5

**मिथुन :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. यात्रा का योग बनेगा. शुभांक-5-7-8

**कर्क :** आध्यात्मिक रुचि बनेगी. प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. मनोरथ सिद्घि का योग है. प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. शुभांक-3-5-7

**सिंह :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. वाहन चालन में सावधानी बरतें. शुभांक-5-7-9

**कन्या :** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा. जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें. शुभांक-2-4-6

**तुला :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं. सुख-आनंद कारक समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा. शुभांक-3-5-6


**वृश्चिक :** मनोविनोद बढ़ेगे. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. शुभांक-6-8-9

**धनु :** किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. शुभांक-7-8-9

**मकर :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. अर्थपक्ष मजबूत रहेगा. इच्छित कार्य सफल होंगें. शुभांक-2-5-7

**कुंभ :** मौसमी बीमारियों से बचाव आवश्यक है. परीक्षा व प्रतियोगिता आदि में सफलता प्राप्त होगी. आय में वृद्धि होगी. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. शारीरिक कष्ट की आशंका प्रबल है. शुभांक-5-7-9

**मीन :** मायूस न हो समय चक्र है. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें. शुभांक-1-3-5




# हायर एजुकेशन के लिए 10 लाख रुपये तक की मदद करती है ये स्कॉलरशिप

जे.एन. टाटा एंडोमेंट लोन स्कॉलरशिप भारतीय नागरिकों को हायर एजुकेशन के लिए प्रदान की जाने वाली एक स्कॉलरशिप है। हायर एजुकेशन की इच्छा रखने वाले उम्मीदवार इस स्कॉलरशिप की मदद से अपना सपना पूरा कर सकते हैं। स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए उम्मीदवार www.jntataendowment.org पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

## क्या है जे.एन. टाटा एंडोमेंट स्कॉलरशिप?

जे.एन. टाटा एंडोमेंट स्कॉलरशिप हायर एजुकेशन करने वाले भारतीय नागरिकों को प्रदान की जाती है। यह स्कॉलरशिप उन छात्रों को लोन प्रदान करती है जो विदेश में पोस्ट ग्रेजुएशन/पीएचडी/पोस्ट डॉक्टोरल/रिसर्च फेलोशिप की पढ़ाई के लिए एकेडमिक वर्ष के लिए अध्ययन कर रहे हैं। यह स्कॉलरशिप एक फंडिंग स्कॉलरशिप है जो लोन स्कॉलरशिप के रूप में काम करती है।

## योग्यता

इस स्कॉलरशिप की योग्यता के अनुसार उम्मीदवार भारतीय होना चाहिए और उसकी उम्र 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए और कम से कम एक ग्रेजुएशन की डिग्री पूरी की हो या जो भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / कॉलेज / संस्थान में किसी भी ग्रेजुएशन कार्यक्रम के अंतिम वर्ष में हो। इसके साथ ही उम्मीदवार जो फर्स्ट ईयर के अंत में है और अपने विदेशी अध्ययन के दूसरे वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। यह तभी लागू होता है जब पाठ्यक्रम की न्यूनतम अवधि 2 वर्ष हो और लोन स्कॉलरशिप प्रदान करने के समय पूरा करने के लिए कम से कम एक पूर्ण शैक्षणिक वर्ष शेष हो। उम्मीदवारों को अपने ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन अध्ययन में औसतन कम से कम 60% अंक प्राप्त करने चाहिए।

## जे.एन. टाटा स्कॉलरशिप के लिए ये डॉक्यूमेंट है जरूरी

टाटा स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने से पहले छात्रों के पास कुछ जरूरी डॉक्यूमेंट होने चाहिए। जेएन टाटा एंडोमेंट लोन स्कॉलरशिप दस्तावेज जेएन टाटा एंडोमेंट स्कॉलरशिप चयन प्रक्रिया के दौरान आवश्यक हैं। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करते समय एसओपी (उद्देश्य का विवरण) और एलओआर (सिफारिश पत्र) केवल आवश्यक दस्तावेज हैं।
जेएन टाटा एंडोमेंट स्कॉलरशिप छात्रों को 1,00,000 रुपये और 10,00,000 रुपये के बीच स्कॉलरशिप के रूप में लोन मिलेगा। उम्मीदवार को अधिकतम रु. 7,50,000/- की ट्रेवल असिस्टेंस प्रदान की जाएगी और लोन स्कॉलरशिप में रु. 50,000 ट्रेवल ग्रांट के रूप में दिया जा सकता है।





क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी एक ऐसा क्षेत्र है जो आईवीएफ यानी इन विट्रो फर्टिलाइजेशन तकनीक से जुड़ा है. इसमें महिला के एग और पुरुष के स्पर्म को लैब में मिलाकर भ्रूण तैयार किया जाता है. इस पूरी प्रक्रिया में क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजिस्ट की खास भूमिका होती है. यह कोर्स करके आप आईवीएफ लैब में विशेषज्ञ के रूप में काम कर सकते हैं और इनफर्टिलिटी ट्रीटमेंट में योगदान दे सकते हैं.

# आईवीएफ टेक्नोलॉजी में बनाएं करियर

## करें क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी कोर्स

आईवीएफ टेक्नोलॉजी यानी इन विट्रो फर्टिलाइजेशन एक ऐसी तकनीक है, जिसकी मदद से बच्चे नहीं होने की समस्या का इलाज किया जाता है. इसमें महिला के एग और पुरुष के स्पर्म को लैब मे मिलाकर भ्रूण बनाया जाता है. इस प्रकिया में क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजिस्ट की अहम भूमिका होती है. क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी कोर्स करके आप आईवीएफ लैब मे काम करने वाले एक्सपर्ट बन सकते हैं. यह कोर्स AIIMS जैसे संस्थानों में काफी लोकप्रिय है. आजकल इसकी डिमांड तेजी से बढ़ रही है क्योंकि इनफर्टिलिटी के मामलो मे बढ़ोतरी हो रही है. यह एक बेहतरीन करियर विकल्प बनता जा रहा है. आइए इस कोर्स के बारे मे विस्तार से जानते हैं.

### क्या है क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी?

AIIMS से MBBS के बाद अगर आप आईवीएफ तकनीक और बच्चे पैदा करने से जुड़ी साइंस (Reproductive Science) के क्षेत्र में अच्छा करियर बनाना चाहते हैं तो Diploma in Clinical Embryology एक अच्छा विकल्प है. यह कोर्स आपको एम्ब्रियोलॉजी आईवीएफ से जुड़े काम लैब में होने वाले तरीके अंडाणु और शुक्राणु को संभालने जैसी खास तकनीकें सिखाता है. इस डिप्लोमा से आप इनफर्टिलिटी का इलाज और असिस्टेंट रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी में माहिर बन सकते हैं जो आज की हेल्थकेयर फील्ड में तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है.

### करियर स्कोप

भारत में एम्ब्रियोलॉजी का स्कोप बहुत अच्छा है क्योंकि आईवीएफ और टेस्ट ट्यूब बेबी तकनीक की मांग लगातार बढ़ रही है. आईवीएफ क्लिनिक, फर्टिलिटी सेंटर, हॉस्पिटल, मेडिकल रिसर्च और टीचिंग क्षेत्रों में एम्ब्रायोलॉजिस्ट की जरूरत रहती है. अनुभव के साथ सैलरी 4-6 लाख सालाना से शुरू होकर 10-20 लाख सालाना तक जा सकती है. रिसर्च और विदेशों में भी एम्ब्रियोलॉजिस्ट के लिए अच्छे अवसर मौजूद हैं.

### कौन कर सकता है ये कोर्स?

डिप्लोमा इन क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी में एडमिशन के लिए उम्मीदवार को जीव विज्ञान विषय के साथ 12वीं पास होना जरूरी है. कुछ संस्थान ग्रेजुएशन डिग्री की भी मांग करते हैं. 12वीं या ग्रेजुएशन में कम से कम 50% अंक होने चाहिए और उम्र कम से कम 17 वर्ष होनी चाहिए. एडमिशन कुछ कॉलेज मेरिट के आधार पर देते हैं जबकि कुछ जगह एंट्रेंस एग्जाम या इंटरव्यू लिया जाता है.

### एंट्रेंस एग्जाम

डिप्लोमा इन क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी में एडमिशन के लिए अलग-अलग कॉलेज अपने-अपने एंट्रेंस एग्जाम लेते हैं. कुछ कॉलेज NEET PG या AIIMS PG Entrance Exam जैसे मेडिकल एग्जाम के स्कोर पर भी एडमिशन देते हैं. इसके अलावा, कई प्राइवेट यूनिवर्सिटीज अपने खुद के एंट्रेंस टेस्ट भी कराती हैं.

### क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी करियर ऑप्शन

**आईवीएफ क्लिनिक में एम्ब्रियोलॉजिस्ट**
लैब में भ्रूण (एंब्रियो) से जुड़ा काम करने वाले एक्सपर्ट

**फर्टिलिटी सेंटर में लैब टेक्नीशियन**
टेस्ट और प्रोसेस मे डॉक्टर की मदद करने वाले प्रोफेशनल

**एंड्रोलॉजी लैब्स में काम**
पुरुषों की फर्टिलिटी से जुड़े टेस्ट करने का मौका

**एम्ब्रियोलॉजी रिसर्चर**
नई तकनीकों और उपचारों पर रिसर्च करने वाला विशेषज्ञ

**स्टेम सेल बैंकिंग स्पेशलिस्ट**
स्टेम सेल को सुरक्षित रखने और संभालने वाला प्रोफेशनल

**टीचिंग / एकेडमिक्स**
कॉलेज या इंस्टीट्यूट में पढ़ाने और ट्रेनिंग देने का अवसर

**फार्मा और बायोटेक कंपनियों में नौकरी**
रिसर्च, डेवलपमेंट या प्रोडक्ट डिजाइन में करियर

**क्रायोप्रिजर्वेशन एक्सपर्ट**
अंडाणु, शुक्राणु या भ्रूण को फ्रीज कर सुरक्षित रखने वाले विशेषज्ञ

**विदेशों में करियर के मौके**
आईवीएफ, रिसर्च और हेल्थकेयर फील्ड में इंटरनेशनल जॉब्स

### MBBS के बाद कर सकते हैं कोर्स

MBBS के बाद आप Clinical Embryology में कोर्स करके आईवीएफ और फर्टिलिटी ट्रीटमेंट के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं. इसके लिए आप MSc in Clinical Embryology (2 साल), Post Graduate Diploma (1 साल) या Fellowship Programs (6-12 महीने) कर सकते हैं. इन कोर्स में आईवीएफ तकनीक, अंडाणु और शुक्राणु की तैयारी, भ्रूण का विकास और फ्रीजिंग जैसी प्रक्रियाएं सिखाई जाती हैं. कोर्स पूरा करने के बाद आप आईवीएफ क्लिनिक, फर्टिलिटी सेंटर्स या बड़े अस्पतालों मे Embryologist के रूप में काम कर सकते हैं और इस फील्ड में अच्छा वेतन व विदेशों में काम करने के अवसर मिलते हैं.







# डिजिटल मार्केटिंग में नहीं होगी नौकरियों की कमी

डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट्स की डिमांड हर साल 25 से 30 फीसदी की दर से बढ़ रही है। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए डिजिटल मार्केटिंग एक बहुत ही अच्छा विकल्प साबित हो सकता है। अगर आप भी नौकरी की तलाश कर रहे हैं तो सफलता के बेसिक डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की मदद ले सकते हैं।

नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए डिजिटल मार्केटिंग एक बहुत ही अच्छा विकल्प साबित हो सकता है। भारत समेत पूरी दुनिया में अभी डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट्स की काफी डिमांड है। आज बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियों से लेकर हजारों छोटी बड़ी कंपनियां ऑनलाइन अपना व्यापार बढ़ाने के लिए बड़े संख्या में डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट्स को हायर कर रही हैं। देश विदेश में डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट्स की बढ़ती हुई डिमांड को देखते हुए देश की जानी-मानी ऐडटेक कंपनी सफलता डॉट कॉम ने अब देश के युवाओं को डिजिटल मार्केटिंग में दक्ष बनाने के लिए एक खास कोर्स की शुरुआत की है।

### आने वाले कई सालों तक नहीं होगी नौकरियों की कमी

भारत में इंटरनेट यूजर्स की संख्या 95 करोड़ से भी अधिक है। इंटरनेट यूजर्स की बढ़ती हुई संख्या से इस फील्ड में और भी कस्टमर तैयार होंगे। इससे डिजिटल मार्केटिंग की दुनिया और भी बढ़ेगी और भविष्य में इसमें रोजगार के और भी अवसर उत्पन्न होंगे। साथ ही डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट्स की डिमांड हर साल 25 से 30 फीसदी की दर से बढ़ रही है। इसलिए यह उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले कई सालों तक इस फील्ड में नौकरियों की कमी नहीं होगी।

### इस कोर्स में क्या है खास

- 50+ लाइव और रिकॉर्डेड क्लासेस
- गूगल सर्टिफाइड एक्सपीरिएंस्ड फैकल्टी
- पीडीएफ क्लास नोट्स
- रेज्यूम बिल्डिंग
- इंटरेक्टिव सेशन
- इंडस्ट्री एक्सपर्ट द्वारा मास्टर क्लास सेशन
- वीकली मॉक टेस्ट और असाइनमेंट्स

### सफलता के साथ करें करियर प्लान

अगर आप भी 12वीं या ग्रेजुएशन कर चुके हैं लेकिन अपने करियर को लेकर तमाम तरह की चिंताओं से घिरे हैं तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। देश की जानी-मानी ऐडटेक कंपनी सफलता ने युवाओं की मदद के लिए कई प्रोफेशनल और स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट और लॉन्ग टर्म कोर्सेस की शुरुआत की है जहां से आप घर बैठे खुद को एक किसी फील्ड का प्रोफेशनल बना सकते हैं। यहां ग्राफिक डिजाइनिंग और डिजिटल मार्केटिंग के अलावा भी कई कोर्स मौजूद हैं। इतना ही नहीं सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए भी सफलता पर लगभग सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोर्सेज हैं। यहां से पढ़कर सैकड़ों युवाओं ने सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में शानदार नौकरियां हासिल की हैं। अगर आप भी प्राइवेट या सरकारी नौकरी की तलाश में हैं तो आप एक बार सफलता डॉट कॉम पर विजिट जरूर करें और अपनी पसंद के मुताबिक कोर्स में एडमिशन लीजिए जिसके बाद आपको सफलता की फैकल्टी ना केवल आपको प्रोफेशनल बनने के लिए तैयार करेगी बल्कि वो आपका सही करियर चुनने में मार्गदर्शन भी करेगी।





# भारतीय हॉकी टीम घोषित, सलीमा के हाथों में होगी कमान

## महिला एशिया कप

एजेंसियां । नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को हांगझोउ (चीन) में 5 से 14 सितंबर तक होने वाले महिला एशिया कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी. यह टूर्नामेंट बेहद अहम है क्योंकि इसके विजेता को सीधे एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 का टिकट मिलेगा.

भारत को पूल-बी में जगह मिली है, जहां उसका मुकाबला जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा. टीम अपना पहला मैच 5 सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ खेलेगी. इसके बाद 6 सितंबर को जापान से और 8 सितंबर को सिंगापुर से भिड़ेगी. टीम की कमान सलीमा टेटे को सौंपी गई है.

मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, "हमने जिस टीम का चयन किया है, उसमें अनुभव और युवा खिलाड़ियों का संतुलन है. खिलाड़ी आक्रामक और अनुशासित हॉकी खेलने के लिए तैयार हैं. एशिया कप सिर्फ एक प्रतिष्ठित खिताबी टूर्नामेंट ही नहीं बल्कि विश्व कप क्वालिफिकेशन का भी मौका है. हर मैच हमारे धैर्य, फिटनेस और रणनीति की परीक्षा होगा और हमें विश्वास है कि यह टीम भारत को गर्व महसूस कराएगी."

**भारतीय टीम इस प्रकार है :** गोलकीपर- बनसारी सोलंकी बिचु देवी खरिबाम.
**डिफेंडर-** निक्की प्रधान, उदिता, मनीषा चौहान, ज्योति, सुमन देवी थौदम और ईशिका चौधरी.
**मिडफील्डर-** सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा,लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनेलि ता टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के.
**फॉरवर्ड्स-** नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज़ खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुताजा ददासो पिसाल.

# 'खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025' में उतरेगा देश का युवा जोश, मप्र के खिलाड़ी भी ले रहे भाग

एजेंसियां । भोपाल

## डल झील बनेगी रोमांच और खेल का संगम





जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर की शान मानी जाने वाली डल झील अगले तीन दिनों तक खेल और उत्सव के रंगों में रंगी रहेगी. इस ऐतिहासिक और खूबसूरत झील में आज गुरुवार से शुरू हुआ पहला "खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल-2025" न केवल खिलाड़ियों के हुनर की परीक्षा है, बल्कि जल क्रीड़ाओं को नई पहचान देने का भी प्रयास है. तीन दिवसीय इस आयोजन में देश के कोने-कोने से आए करीब 400 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं. रोइंग, क्याकिंग-केनोइंग, वॉटर स्कीइंग, ड्रैगन बोट रेस और शिकारा स्प्रिंट जैसी स्पर्धाएं झील की लहरों पर खिलाड़ियों की ताकत और संतुलन की कहानी लिखेंगी. शिकारा स्प्रिंट को डेमो खेल के रूप में रखा गया है, जो कश्मीर की सांस्कृतिक पहचान को खेल के मंच पर भी प्रदर्शित करेगा.

**मध्य प्रदेश का 54 सदस्यीय दल शामिल :** इस आयोजन में मध्य प्रदेश का 54 सदस्यीय दल भी शामिल है, जिसमें 44 खिलाड़ी और 10 सहयोगी स्टाफ हैं. प्रदेश के खिलाड़ी इस राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में रोइंग और क्याकिंग-केनोइंग स्पर्धाओं में राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. दल का नेतृत्व वॉटर स्पोर्ट्स रोइंग अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक दलबीर सिंह कर रहे हैं. खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मप्र के खिलाड़ियों को लेकर कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाएँगे.

**खेल और पर्यटन का अनोखा संगम**

डल झील का नाम सुनते ही पर्यटकों की आंखों के सामने शिकारे और हाउसबोट की तस्वीर उभर आती है. झील की यही पहचान अब खेलों के नए इतिहास से जुड़ रही है. इस आयोजन से जहां खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं जैसा अनुभव मिलेगा, वहीं पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा. आयोजकों का कहना है कि झील का शांत और आकर्षक वातावरण खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा और दर्शकों के लिए यह खेल किसी उत्सव से कम नहीं होगा.

पांच खेलों की स्पर्धाएं, डेमो खेल भी शामिल. इस फेस्टिवल में कुल 5 खेलों का आयोजन किया जा रहा है. इनमें रोइंग, क्याकिंग-केनोइंग (पदकीय स्पर्धा), वॉटर स्कीइंग, ड्रैगन बोट रेस और शिकारा स्प्रिंट (डेमो खेल) शामिल हैं. आयोजन में देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं. डल झील की प्राकृतिक खूबसूरती और पर्यावरणीय महत्व को देखते हुए इस आयोजन को पर्यटन और खेलों का संगम माना जा रहा है. आयोजन समिति का मानना है कि इससे न केवल जल क्रीड़ाओं को नई पहचान मिलेगी बल्कि स्थानीय स्तर पर भी खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा.

**नए सपनों की उड़ान :** उल्लेखनीय है कि 'खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल-2025' केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, यह उन युवा खिलाड़ियों के लिए मंच है जो मेहनत और समर्पण से अपने भविष्य को आकार दे रहे हैं. झील पर हर चप्पू का स्ट्रोक, हर नाव की रफ्तार और हर खिलाड़ी का संतुलन इस बात की गवाही देगा कि भारत में जल क्रीड़ाओं का भविष्य उज्ज्वल है.

# ओलंपिक चैम्पियन इमान खलीफ ने संन्यास की खबरों का किया खंडन

एजेसियां । नई दिल्ली



.अल्जीरियाई मुक्केबाज़ और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता इमान खलीफ ने बुधवार को अपने पूर्व मैनेजर द्वारा किए गए दावे को खारिज कर दिया कि वह बॉक्सिंग से संन्यास ले रही हैं.

पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 66 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण जीतने वाली खलीफ ने सोशल मीडिया पर लिखा, "मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि मेरे संन्यास की खबरें पूरी तरह झूठी हैं."

26 वर्षीय खलीफ ने अपने पूर्व मैनेजर नासिर यस्फाह पर भरोसा तोड़ने और झूठे बयान देने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा, "यह व्यक्ति अब किसी भी रूप में मेरा प्रतिनिधित्व नहीं करता. मैंने कभी संन्यास की घोषणा नहीं की. मैं अपने खेल करियर के प्रति पूरी तरह समर्पित हूं. अल्जीरिया और क़तर में नियमित अभ्यास कर रही हूं और आने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रही हूं."

- मैंने कभी संन्यास की घोषणा नहीं की. मैं अपने खेल करियर के प्रति पूरी तरह समर्पित हूं. अल्जीरिया और क़तर में नियमित अभ्यास कर रही हूं और आने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रही हूं.

गौरतलब है कि फ्रांसीसी अख़बार नाइस मातिन ने बुधवार को उनके पूर्व मैनेजर के हवाले से दावा किया था कि खलीफ ने बॉक्सिंग छोड़ दी है. विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप 4 से 14 सितंबर तक लिवरपूल में आयोजित की जानी है, जिसके लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि सोमवार तक है.

# महिल द हंड्रेड: सुपरचार्जर्स ने लंदन स्पिरिट को 8 विकेट से हराया

एजेंसियां । लॉर्ड्स



महिला द हंड्रेड टूर्नामेंट में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में फीबी लिचफील्ड की तूफानी अर्धशतकीय पारी और एनेबल सदरलैंड के ऑलराउंड प्रदर्शन (3/20 और नाबाद 29 रन) की बदौलत नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स ने लंदन स्पिरिट को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी. इस जीत के साथ सुपरचार्जर्स ने इस सीजन में अपनी चौथी जीत दर्ज करते हुए अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया. पहले बल्लेबाजी का फैसला करने उतरी लंदन स्पिरिट की शुरुआत खराब रही. केट क्रॉस और ग्रेस बैलिंजर ने शुरुआती झटके दिए. जॉर्जिया रेडमेन (21 रन) ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल पाया. निकोल कैरी और एनेबल सदरलैंड ने मिलकर पांच विकेट चटकाए, वहीं बैलिंजर ने भी दो विकेट झटके. हालांकि, इज़ी वोंग (24 रन) और चार्ली डीन ने 33 रन की अहम साझेदारी की, लेकिन दोनों धीमी गति से खेलते हुए टीम को केवल 90/8 तक ही पहुंचा पाईं. लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरचार्जर्स को शुरुआत में झटका जरूर लगा जब रेबेका टायसन ने दोनों ओपनरों को सस्ते में पवेलियन भेजा. लेकिन इसके बाद लिचफील्ड और सदरलैंड ने कोई और मौका नहीं दिया. लिचफील्ड ने वोंग के एक ओवर में लगातार तीन चौके जमाकर लय पकड़ी और फिर आक्रामक खेल जारी रखा. सदरलैंड ने संयमित पारी खेलते हुए बीच-बीच में बड़े शॉट लगाए और वोंग की गेंद पर शानदार छक्का भी लगाया.

आखिरकार, लिचफील्ड (नाबाद 55 रन) ने 66वीं गेंद पर चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई.

**संक्षिप्त स्कोरकार्ड**

लंदन स्पिरिट – 90/8 (100 गेंदों में) – जॉर्जिया रेडमेन 21, इज़ी वोंग 24; एनेबल सदरलैंड 3/20, ग्रेस बैलिंजर 2/12.

नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स – 93/2 (66 गेंदों में) – फीबी लिचफील्ड 55*, एनेबल सदरलैंड 29*; रेबेका टायसन 2/6

नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स 8 विकेट से विजयी

# पीकेएल 12 : दबंग दिल्ली केसी के कप्तान बने आशु मलिक



**नई दिल्ली ।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीज़न 12 में दबंग दिल्ली केसी एक बार फिर नई ऊर्जा के साथ उतरने को तैयार है. टीम ने पिछले सीज़न की तरह इस बार भी युवा रेडर आशु मलिक को कप्तान बनाए रखने की घोषणा की है. आशु सीज़न 11 में टॉप स्कोरर थे. सिर्फ 22 साल की उम्र में ही आशु ने लगातार शानदार प्रदर्शन और परिपक्व नेतृत्व क्षमता दिखाई है. दिल्ली की टीम पिछले छह सीज़नों से लगातार प्लेऑफ़ तक पहुंची है और इस बार भी आशु की अगुवाई में खिताब जीतने की उम्मीद कर रही है. टीम के सीईओ प्रशांत मिश्रा ने कहा, "यह सीज़न हमारे लिए बेहद अहम है. लगातार छह बार प्लेऑफ़ तक पहुंचने के बाद अब हमारा लक्ष्य खिताब जीतना है. इसके लिए मजबूत नेतृत्व की जरूरत होती है और आशु ने खुद को इस भूमिका के लिए साबित किया है. हमें पूरा विश्वास है कि वह टीम को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे."

# उप्र राज्य स्तरीय रोल बाल प्रतियोगिता के लिए मुरादाबाद की अंडर 11 व 17 की टीम चयनित



एजेंसियां । मुरादाबाद

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद में आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी कांठ रोड में गुरुवार को जिला स्तरीय रोल बॉल की अंडर 11 और 17 टीम का चयन किया गया. जिसमें जिले के 10 से अधिक स्कूलों के 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया.

जिला रोल बाल सचिव शाहवेज अली ने बताया कि अंडर 11 बालक वर्ग में अविराज सिंह, सक्षम, पुरु भटनागर, अगस्त्या सिंह, यशिमत, युग अग्रवाल का चयन हुआ. वहीं अंडर 17 बालक वर्ग में विवान अग्रवाल, विहान अग्रवाल, सिद्धांत कुमार, आयुष वर्मा, राघव विश्नोई, शुभ सिंघल, वैकुंठ यादव, वेदांग यादव, पर्व, दिव्यांश, प्रीत चौधरी का चयन हुआ. अंडर 17 बालिका वर्ग वैष्णवी कश्यप, प्रभुश्री, चारु, पीहू सिंघल, कृतिका पाल का चयन हुआ. चयन प्रक्रिया कोच शाहवेज अली, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सचिन सैनी व राष्ट्रीय रेफरी तरुण यादव ने किया.

जिला सचिव ने बताया कि 16वीं मिनी व 18वीं जूनियर बालक एवं बालिका उत्तर प्रदेश रोल बॉल प्रतियोगिता आने वाली 30 अगस्त से 1 सितम्बर 2025 तक लखनऊ चौक स्टेडियम में आयोजित होगी. जिसमें उत्तर प्रदेश के लगभग 20 जिलों की 40 टीमें हिस्सा लेंगी.

इस अवसर पर आरएसडी एकेडमी के निदेशक डा. विनोद कुमार, डा. जी कुमार, डा अजय शर्मा, डा. गरिमा शर्मा, डा. गौरव कुमार आदि ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं व उनका मनोबल बढ़ाया.

# लीग्स कप 2025: सुआरेज के दो गोलों से इंटर मियामी की जीत

एजेंसियां । मियामी



21 अगस्त (हि.स.). इंटर मियामी ने अपने स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज के दम पर लीग्स कप क्वार्टर फाइनल में टाइग्रेस यूएएनएल को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली. 38 वर्षीय उरुग्वे स्ट्राइकर ने दोनों हाफ में पेनल्टी पर गोल दागे और लियोनेल मेसी की गैरमौजूदगी में टीम के लिए हीरो बने.

मेसी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस मुकाबले से बाहर रहे. हालांकि, वे 2 अगस्त को चोटिल होने के बाद पिछले हफ्ते लॉस एंजिलिस गैलेक्सी के खिलाफ लौटे थे और सब्सटीट्यूट के रूप में उतरकर गोल भी किया था. लेकिन क्वार्टर फाइनल में कोच ने उन्हें आराम देने का फैसला किया.

मैच का पहला गोल 20वें मिनट में आया जब टाइग्रेस डिफेंडर जेवियर एक्विनो के हैंडबॉल पर रेफरी ने पेनल्टी दी और सुआरेज ने इसे गोल में बदल दिया. इसके बाद मैदान पर गरमा-गरमी भी देखने को मिली, लेकिन सुआरेज ने साथी खिलाड़ियों को शांत किया. हाफटाइम पर इंटर मियामी के कोच जेवियर माशेरानो को रेफरी से बहस करने पर लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया.

67वें मिनट में एंजेल कोरिया ने दो डिफेंडरों को छकाते हुए गोल दागकर टाइग्रेस को बराबरी दिलाई. लेकिन 87वें मिनट में एक बार फिर एक्विनो के हाथ से गेंद लगने पर पेनल्टी मिली और सुरेज ने गोलकीपर नहुएल गुजमान को धोखा देते हुए दूसरा गोल कर जीत पक्की कर दी.

इंटर मियामी ने 2023 में मेसी के पहले MLS सीजन में लीग्स कप जीता था और अब टीम खिताब दोबारा हासिल करने की राह पर है.

लीग्स कप के इस दौर के अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में टोलुका बनाम ऑरलैंडो सिटी, एलए गैलेक्सी बनाम पाचुका और सिएटल साउंडर्स बनाम प्यूब्ला के मैच खेले जाने हैं.

ट्रॉफी के अलावा इस टूर्नामेंट से कॉनकाकाफ चैंपियंस कप का टिकट भी दांव पर है. दोनों फाइनलिस्ट और तीसरे स्थान का विजेता इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करेंगे, जबकि लीग्स कप चैंपियन सीधे चैंपियंस कप के राउंड ऑफ 16 में प्रवेश पाएगा.

**ब्रीफ न्यूज**

### एके-47 मामले को लेकर एनआईए की छापेमारी

**पटना।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार सुबह वैशाली जिले के हाजीपुर में एके-47 बरामदगी मामले की जांच के सिलसिले में बड़ी कार्रवाई की. हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के डाक बंगला चौक स्थित बस स्टैंड संचालक राजू राय के घर पर सुबह 4:30 बजे एनआईए की टीम ने छापेमारी की.इस दौरान स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद था और पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा रहा. एनआईए टीम ने राजू राय के घर की गहन तलाशी ली और उनसे पूछताछ की. यह कार्रवाई 2024 में मुजफ्फरपुर में हुई एके-47 बरामदगी मामले से जुड़ी जांच का हिस्सा बताई जा रही है.

### ट्रैक्टर पलटने से दो युवक जिंदा जले

**पटना।** मुजफ्फरपुर के सकरा थाना क्षेत्र के सकरा वाजिद गांव में देर रात एक दर्दनाक हादसे ने दो परिवारों को हमेशा के लिए उजाड़ दिया. तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गया, जिससे पूरे वाहन में करंट दौड़ गया और कुछ ही सेकंड में आग की लपटों ने ट्रैक्टर को अपनी चपेट में ले लिया.भठंडी गांव के रहने वाले दो युवक ट्रैक्टर पर सवार थे, जो करंट और आग के बीच फंसकर जिंदा जल गए. हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई और गांव के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी.पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है.

### जर्जर सामुदायिक भवन की छत ढही, एक की मौत

**नवादा।** बिहार के नवादा जिले में भारी बारिश के बीच एक दर्दनाक हादसा हुआ है. जिले के एक 40 साल पुराने जर्जर सामुदायिक भवन की छत अचानक गिर गई, जिसमें रामलगन मांझी मलबे के नीचे दब गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई.जानकारी के अनुसार, रामलगन अपने पोते को बालू लाने के लिए सामुदायिक भवन गए थे. उसी दौरान छत गिरने से वे मलबे में दब गए. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने मलबे से शव बाहर निकाला और अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया.

बिहार को पहला सिक्स लेन गंगा पुल

## मोदी 22 अगस्त को करेंगे औंटा-सिमरिया ब्रिज का उद्घाटन

**संवाददाता. पटना**



बिहार के विकास को एक नई रफ्तार देने वाला ऐतिहासिक औंटा-सिमरिया सिक्स लेन पुल अब लोकार्पण के लिए तैयार है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 अगस्त को अपने बिहार दौरे के दौरान इस पुल का उद्घाटन करेंगे. यह राज्य का पहला छह लेन पुल है जो गंगा नदी पर बना है और उत्तर एवं दक्षिण बिहार को आपस में जोड़ता है. प्रधानमंत्री मोदी पटना, गया और बेगूसराय का दौरा करेंगे. इसी क्रम में वे बेगूसराय जिले में गंगा पर बने अत्याधुनिक औंटा-सिमरिया पुल का लोकार्पण करेंगे.

सुरक्षा के मद्देनज़र एनटीपीसी से औंटा तक के मार्ग को 'रेड ज़ोन' घोषित किया गया है. पटना-मोकामा से बेगूसराय तथा बेगूसराय से पटना आने-जाने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं. साथ ही पटना एयरपोर्ट और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थलों के पांच किलोमीटर के दायरे को 'टेंपररी रेड ज़ोन' घोषित किया गया है. इस क्षेत्र में ड्रोन, हॉट एयर बैलून, पारा मोटर, पारा ग्लाइडिंग जैसी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा. पुलिस मुख्यालय ने इसके उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है.क्या है पुल की विशेषता?औंटा-सिमरिया पुल का निर्माण कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में शुरू होकर पूरा हुआ है. यह पुल न केवल बिहार, बल्कि पूर्वोत्तर भारत के लिए भी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है. पुल की कुल लंबाई 8.15 किलोमीटर है, जिसमें 1.865 किमी मुख्य पुल और 6.285 किमी अप्रोच रोड शामिल है. पुल को अत्याधुनिक एक्स्ट्रा-डोसेड तकनीक से तैयार किया गया है, जो इसे बेहद मजबूत और टिकाऊ बनाती है. इस पुल के निर्माण में कुल 1,871 करोड़ रुपये की लागत आई है और इसे पूरा करने में लगभग 7 साल लगे. पुल मोकामा के औंट घाट और बेगूसराय के सिमरिया को जोड़ता है.

यह नया पुल पुराने दो लेन वाले राजेंद्र सेतु के समानांतर बनाया गया है.राजेंद्र सेतु की जगह लेगा आधुनिक ब्रिजराजेंद्र सेतु, जो 1959 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा उद्घाटित किया गया था, अब जर्जर हो चुका है और भारी वाहनों की आवाजाही के लिए अनुपयुक्त है. ऐसे में नया छह लेन पुल यातायात के दबाव को कम करेगा और उद्योग, व्यापार एवं परिवहन को नई दिशा देगा.

बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बुधवार को पुल का निरीक्षण किया और कहा कि यह पुल पूर्वोत्तर राज्यों से संपर्क को सशक्त बनाएगा. वहीं बेगूसराय के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि एनटीपीसी, रिफाइनरी, फर्टिलाइजर के बाद यह पुल क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा. यह पुल न केवल भौगोलिक रूप से, बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से भी बिहार के लिए एक नई उम्मीद और विकास की धारा लेकर आया है.

### फर्जी पीएमसीएच कर्मी बनकर महिला ने लिया 49 लाख का लोन

**संवाददाता। पटना**

राजधानी पटना में बैंक लोन से जुड़ा एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है, जिसमें एक महिला ने खुद को पीएमसीएच की क्लर्क बताकर बैंक ऑफ बड़ौदा से 49.70 लाख रुपये का लोन ले लिया.बहादुरपुर निवासी नूतन कुमारी ने सात मार्च 2023 को एजी कॉलोनी स्थित शाखा में फर्जी सैलरी स्लिप, पैन, आधार और नौकरी से संबंधित नकली दस्तावेज जमा कर लोन मंजूर कराया था. रकम उसके खाते में भेज दी गई थी.लेकिन जब बैंक ने 31 नवंबर 2024 को दस्तावेजों की जांच की तो पूरा मामला फर्जी निकला. बैंक अधिकारियों ने तुरंत खाता खंगाला तो पाया कि उसमें कभी सैलरी जमा ही नहीं हुई.

**बैंक से ठगी का खुलासा**

बैंक के उप महाप्रबंधक नलिन कुमार ने शास्त्रीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है. इस मामले में नूतन के साथ डायरेक्ट सेलिंग एजेंट (डीएसए) गौतम गंभीर को भी आरोपी बनाया गया है.महिला ने गोपालपुर के बैरिया इलाके में मकान निर्माण के नाम पर यह लोन लिया था. जांच में लोन के लिए आवेदन करने वाली अन्य महिलाओं के दस्तावेज भी फर्जी पाए गए हैं. पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है.

**न्यूज अपडेट**

### तेजस्वी यादव ने रजौली विधायक का काटा टिकट

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारी जोरों पर है और इसी बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का एक बयान राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बन गया है. महागठबंधन की 'वोट अधिकार यात्रा' के दौरान नवादा जिले के रजौली विधानसभा क्षेत्र में तेजस्वी यादव ने खुले मंच से एक विधायक का टिकट काटने की घोषणा कर दी.घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है कि तेजस्वी यादव खुली जीप में सवार होकर लोगों का अभिवादन कर रहे थे, तभी भीड़ में से एक शख्स जोर से आवाज लगाता है— "तेजस्वी भैया, प्रकाश वीर को हटाना होगा आपको."तेजस्वी यादव उस शख्स की बात सुनते ही मुस्कुराते हुए जवाब देते हैं— "हट गया." शख्स फिर दोहराता है— "हट गया न?" तेजस्वी दोबारा कहते हैं— "हट गया."इस छोटे से संवाद ने साफ संकेत दे दिया कि रजौली विधायक प्रकाश वीर को अगली बार टिकट नहीं मिलेगा. समर्थकों ने तेजस्वी के इस बयान का जोरदार स्वागत किया. हालांकि पार्टी की ओर से अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इस बयान ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है.

### छह दिन के भीतर दो महिलाओं से चेन छिनतई

**अररिया।** फारबिसगंज नगर परिषद क्षेत्र में महिलाओं से दिनदहाड़े चेन छिनतई की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. बीते छह दिनों के भीतर दो महिलाओं से बाइक सवार बदमाशों द्वारा सोने की चेन छीन ली गई, जिससे शहर में दहशत का माहौल है और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं.पहली घटना छह दिन पहले शनिवार को सुभाष चौक पर हुई थी, जहां ऑटो में सवार सेवानिवृत्त कर्मचारी पद्मानंद सिंह की पत्नी से बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर चेन छीन ली थी. वहीं दूसरी घटना गुरुवार दोपहर को हुई जब भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के कर्मचारी रंजीत कुमार की पत्नी पूजा कुमारी से दो बाइक सवार बदमाशों ने गले से सोने की चेन छीन ली.पूजा कुमारी अपने बच्चे को आरबी पब्लिक स्कूल से लेकर लौट रही थीं. जैसे ही वह दूरसंचार केंद्र के पास वाली गली में पहुंचीं, पीछे से बाइक सवार दो बदमाशों में से एक उतरा और दौड़कर उनके गले से चेन छीनकर वापस बाइक पर सवार होकर फरार हो गया.

### चुनाव को लेकर डीएम ने की तैयारियों की समीक्षा बैठक

**नालंदा।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई.बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन से संबंधित डाटा की एंट्री ₹इलेक्शन सॉफ्टवेयर₹ में अद्यतन की जाए. डीएम ने बताया कि जिले में कुल 2765 मतदान केंद्र और 1721 मतदान भवन हैं. सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, बिजली, रैंप, साइनेज जैसी बुनियादी सुविधाओं को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया.साथ ही, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को स्ट्रॉन्ग रूम, डिस्पैच सेंटर, रूट मरम्मत व सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थलीय निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा गया.

### बिम्स पावापुरी में चतुर्थवर्गीय पदों पर चयनित 96 अभ्यर्थियों की सूची जारी, 25 अगस्त को दस्तावेज़ सत्यापन

**नालंदा।** भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान (बिम्स), पावापुरी, नालंदा में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संवर्ग के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए चयनित कुल 96 अभ्यर्थियों की आरक्षण कोटिवार सूची गुरुवार को प्रकाशित कर दी गई. इनमें कार्यालय परिचारी एवं परिचारी (विशिष्ट) के पदों पर नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थियों के नाम शामिल हैं.प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित स्थापना चयन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई है. समिति द्वारा कुल 17 अनुशंसित एवं चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पूर्व शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक कागजातों के सत्यापन का निर्देश दिया गया है. यह प्रक्रिया राज्य के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत की जाएगी.सत्यापन प्रक्रिया 25 अगस्त 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे संस्थान के प्रशासनिक भवन स्थित कॉलेज काउंसिल कक्ष में आयोजित की जाएगी. प्राचार्य ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि वे निर्धारित तिथि को अनिवार्य रूप से अपने मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी छायाप्रति के साथ उपस्थित हों.

## राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी

भागलपुर में दिखा जोश

**संवाददाता। भागलपुर**



कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अशोक सिंह ने गुरुवार को कहा कि राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा 22 अगस्त को भागलपुर पहुंचेगी और यह यात्रा ऐतिहासिक साबित होगी. इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा भी गया में हो रही है, लेकिन बिहार की जनता का उत्साह राहुल गांधी की यात्रा को लेकर कहीं अधिक दिखाई दे रहा है.अशोक सिंह ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य संविधान की रक्षा और वोटरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है. उन्होंने कहा कि मोदी जी घोषणाओं की बाढ़ लाते हैं, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं होता. वहीं, राहुल गांधी की यात्रा आम जन से सीधे जुड़ने का प्रयास है.यात्रा में राहुल गांधी के साथ तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी शामिल होंगे. राहुल गांधी नवगछिया में रात्रि विश्राम करेंगे और उन वोटरों से भी मुलाकात करेंगे जिन्हें गलत तरीके से मृत घोषित कर दिया गया है. अशोक सिंह ने बताया कि राहुल गांधी बिहार का 70% हिस्सा कवर करेंगे और आगे चलकर प्रियंका गांधी भी यात्रा में शामिल होंगी.

## वर्ष 2005 से पहले मुस्लिम समुदाय के लिए नहीं हुआ कोई कार्य : सीएम नीतीश कुमार

**संवाददाता। पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित बापू सभागार में बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के शताब्दी समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पहले की सरकारों ने मुस्लिम समुदाय के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया था. नयी सरकार के गठन के बाद से इस समुदाय के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं.

उन्होंने कहा वर्ष 2006 से राज्य में कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू करायी गयी ताकि हिन्दू-मुस्लिम विवाद न हों. आज राज्य में अधिकांश कब्रिस्तानों की घेराबंदी हो चुकी है और शांति बनी हुई है. उन्होंने बताया कि पहले मदरसों की स्थिति बेहद खराब थी, न वेतन था न मान्यता. वर्ष 2006 से मदरसों का निबंधन कर उन्हें सरकारी मान्यता दी गई और शिक्षकों को सरकारी शिक्षकों के बराबर वेतन देना शुरू किया गया.नीतीश कुमार ने कहा कि भागलपुर दंगे की सही तरीके से जांच 2005 में उनकी सरकार बनने के बाद ही कराई गई. दोषियों पर कार्रवाई हुई और पीड़ितों को मुआवजा और पेंशन दी गई. साथ ही मुस्लिम तलाकशुदा महिलाओं को 2007 से आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिसे अब 10 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुस्लिम छात्रों की पढ़ाई और रोजगार के लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं. उन्होंने बताया कि विभाग का बजट 2004-05 में मात्र 3.54 करोड़ था, जो अब बढ़कर 1080 करोड़ रुपये हो गया है. सभी वर्गों के समावेशी विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है.

**कारोबार**

### डॉक्यू-सीरीज़ 'एक था राजा विद अकुल त्रिपाठी' की घोषणा

**नई दिल्ली ।** भारत को हमलावरों से बचाया 'वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी एक नयी इंडियन ओरिजिनल डॉक्यू-सीरीज़ 'एक था राजा विद अकुल त्रिपाठी' लॉन्च करने जा रहा है, जो प्रतिदिन रात 9 बजे डिस्कवरी चैनल और डिस्कवरी+ पर विशेष रूप से प्रसारित होगी. यह शो दिलचस्प कहानी कहने के अंदाज़ को समृद्ध ऐतिहासिक किस्सों के साथ जोड़ता है और भारत के मशहूर और गुमनाम राजाओं-रानियों की बहादुरी और हिम्मत को फिर से ज़िंदा करता है. इसमें गोरिल्ला युद्ध रणनीति बनाने वाले योद्धाओं, नौसेना के जांबाज़ सिपाहियों और साम्राज्य बनाने वालों की कहानियाँ शामिल हैं.

### सोना-चांदी की कीमतों में उछाल, सर्राफा बाजार में लौटी रौनक

**नई दिल्ली।** लंबे समय से गिरावट का सामना कर रहे घरेलू सर्राफा बाजार में आज मजबूती देखने को मिली है. सोना और चांदी दोनों की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया है. 24 कैरेट सोने की कीमत में 500 से 600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की बढ़ोतरी हुई है, जबकि चांदी में 900 रुपये प्रति किलोग्राम का उछाल देखा गया है. दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,00,900 रुपये और 22 कैरेट सोना 92,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है.

### दूसरे दिन फिसला रुपया, डॉलर के मुकाबले 18 पैसे की गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और डॉलर इंडेक्स के मजबूत होने का सीधा असर आज भारतीय मुद्रा बाजार पर पड़ा. डॉलर की बढ़ती मांग और वैश्विक दबावों के चलते रुपया आज लगातार दूसरे दिन कमजोर हुआ और 18 पैसे की गिरावट के साथ 87.26 रुपये प्रति डॉलर (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ. आज के कारोबार की शुरुआत रुपया 5 पैसे की मजबूती के साथ 87.03 रुपये प्रति डॉलर के स्तर से हुई थी. शुरुआती कारोबार में यह 86.92 तक मजबूत हुआ, लेकिन इसके बाद डॉलर की मांग में तेज वृद्धि के चलते बाजार का रुख नकारात्मक हो गया.

सेबी अध्यक्ष ने दिए संकेत

## आईपीओ से पहले भी शेयरों की हो सकेगी खरीद-बिक्री

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**



शेयर बाजार नियामक नियामक सेबी जल्द ही एक विनियमित प्लेटफॉर्म लॉन्च कर सकता है, जहां प्री-आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक पेशकश से पहले) कंपनियां कुछ खुलासे करने के बाद कारोबार कर सकेंगी. नियामक के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने गुरुवार को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि यह पहल पायलट आधार पर होगी.

फिक्की की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए पांडे ने कहा कि निवेशकों के लिए निवेश निर्णय लेने के लिए कंपनियों की लिस्टिंग से पहले अक्सर पर्याप्त नहीं होती है. सेबी प्रमुख ने संकेत दिया कि हम पायलट आधार पर एक ऐसा प्लेटफॉर्म ला सकते हैं, जहां आईपीओ से पहले कंपनियां कुछ खुलासे कर व्यापार करने का विकल्प चुन सकती हैं. सेबी प्रमुख ने कहा कि इस पहल के अनावश्यक प्रक्रियाओं और समस्याओं के दूर करने की उम्मीद है. यह धन जुटाने, प्रकटीकरण और निवेशक को शामिल करने में अनावश्यक परेशानी पैदा करती हैं. इसके अलावे यह प्लेटफॉर्म उन उभरते क्षेत्रों, उत्पादों और परिसंपत्ति वर्गों का पता लगाएगी जो पूंजी की मांग और आपूर्ति दोनों का सृजन करते हैं. जब उनसे पूछा गया कि क्या प्री-आईपीओ ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर डिपॉजिटरीज के साथ कोई चर्चा हुई है, तो उन्होंने कहा, ₹यह केवल सिद्धांत रूप में है, जो मैं कह रहा हूं. यह नया प्लेटफॉर्म निवेशकों को आईपीओ आवंटन और लिस्टिंग के बीच तीन दिनों की अवधि में विनियमित तरीके से शेयरों का व्यापार करने की अनुमति दे सकता है.

### सेबी इक्विटी उत्पादों की अवधि और परिपक्वता में सुधार की योजना बना रहा- तुहिन कांत पांडे

बाजार नियामक सेबी इक्विटी डेरिवेटिव उत्पादों की अवधि और परिपक्वता में सुधार लाने पर विचार कर रहा है. इसके अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने गुरुवार को यह बात कही. उन्होंने कहा कि नकदी बाजार में कारोबार तेजी से बढ़ा है और तीन साल की अवधि में दैनिक कारोबार दोगुना हो गया है. पांडे ने फिक्की कैपिटल मार्केट कॉन्फ्रेंस 2025 में कहा, ₹हम डेरिवेटिव उत्पादों की परिपक्वता प्रोफाइल में सुधार के तरीकों पर हितधारकों के साथ परामर्श करेंगे, ताकि वे हेजिंग और दीर्घकालिक निवेश के लिए बेहतर साबित हो सकें. ₹ उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इक्विटी डेरिवेटिव्स पूंजी निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन नियामक को गुणवत्ता और संतुलन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है. नियामक नकदी इक्विटी बाजारों को गहरा करने के तरीकों की तलाश कर रहा है, साथ ही लंबी अवधि के उत्पादों के माध्यम से डेरिवेटिव की गुणवत्ता को भी बढ़ा रहा है. पिछले महीने, सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने अल्ट्रा-शॉर्ट-टर्म डेरिवेटिव ट्रेडिंग के बढ़ते प्रभुत्व पर चिंता व्यक्त की थी और चेतावनी दी थी कि इस तरह के रुझान भारत के पूंजी बाजारों की सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं.

अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात में चीन से आगे निकला भारत

## मेड इन इंडिया की हिस्सेदारी बढ़कर 44 फीसदी हुई

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है. शोध फर्म कैनालिस ने यह दावा किया है. रिपोर्ट के अनुसार मेक इन इंडिया और उत्पदान से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) जैसी योजनाओं ने इलेक्टॉनिक्स क्षेत्र को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

**मेड इन इंडिया फोन की हिस्सेदारी बढ़कर 44 प्रतिशत हो गई:** इसमें कहा गया कि इस कैलेंडर वर्ष की दूसरी तिमाही यानी अप्रैल से जून में भारत ने चीन से ज्यादा अमेरिका को स्मार्टफोन का निर्यात किया. अमेरिकी निर्यात में मेड इन इंडिया स्मार्टफोन की हिस्सेदारी अप्रैल-जून 2025 के दौरान बढ़कर 44 प्रतिशत हो गई. यह 2024 की इसी तिमाही के 13 प्रतिशत से तेज वृद्धि है. वहीं इसी अवधि में चीन की हिस्सेदारी एक साल पहले 61 प्रतिशत से घटकर महज 25 प्रतिशत रह गई.

**इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में पिछले एक दशक में हुए कई बदलाव:** कैनालिस के अनुसार स्मार्टफोन निर्यात में यह वृद्धि भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में एक दशक से चल रहे बदलाव का परिणाम है. पिछले महीने, इलेक्टॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस विज्ञप्ति में विकास की विस्तृत जानकारी दी थी.

इसमें बताया गया था कि 2014-15 और 2024-25 के बीच, भारत के इल्केट्रॉनिक्स और मोबाइल विनिर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव आया है. इस अवधि के दौरान निर्यात 38,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 3.27 लाख करोड़ रुपये हो गया.

सरकार के बिल ने उड़ाई नींद, बड़े-बड़े निवशकों का लगा है पैसा

## दो दिन में 22% गिरा गेमिंग कंपनी का शेयर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

लूडो क्लासिक जैसी ऑनलाइन गेम्स की कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीस के शेयर गुरुवार को शुरुआती कारोबार में बीएसई पर 11 फीसदी लुढ़क गए. कंपनी के शेयरों में यह गिरावट सरकार की तरफ से ऑनलाइन गेमिंग बिल पास करने के बाद आई है. लोक सभा में बुधवार को ऑनलाइन खेल प्रोमोशन और रेगुलेशन बिल पारित किया गया. बिल में भारत में किसी भी तरह के रियम मनी गेम (आरएमजी) और उनसे जुड़े विज्ञापनों पर प्रतिबंध का प्रावधान किया गया है. इसके अलावा, भारत में आरएमजी की पेशकश करने वाले किसी भी शख्स के लिए तीन वर्षों की जेल और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माना की भी सिफारिश की गई है. साथ ही, बैंकिंग संस्थानों को भी ऐसी आरएमजी कंपनियों के साथ काम करने पर प्रतिबंध का प्रावधान किया गया है.

नजारा टेक के शेयर 1,219.40 रुपये के पिछले बंद भाव के मुकाबले 1,178 रुपये पर खुले और 11 प्रतिशत गिरकर 1,085 रुपये के इंट्रा-डे लो पर आ गए. सुबह 11 बजे के आसपास मधुसूदन केला और जेरोढा के निखिल कामथ जैसे प्रमुख निवेशकों के पास मौजूद इस शेयर का भाव 7.81 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1126.20 रुपये पर कारोबार कर रहा था. पिछले दो ट्रेडिंग सेशन में ओनलाइंग गेमिंग के शेयर में 22.5 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है.

बता दें कि नजारा टेक का रियल मनी गेम्स से इनडायरेक्ट लेना-देना है. यह ऐसे क्योंकि उसके पास मूनशाइन टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड में 46.07 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जो पोकरबाजी चलाने वाली कंपनी है. हालांकि, नजारा टेक के पास नियंत्रित हिस्सेदारी नहीं है और न ही इसमें उसकी कोई मेजोरिटी स्टेक है. लेकिन कंपनी ने कैश और स्टॉक के रूप में मूनशाइन में 805 करोड़ रुपये का निवेश किया है साथ ही 255 करोड़ रुपये के कन्वर्टिबल शेयर है, जिन्हें बाद में इक्विटी में बदला जा सकता है.

जारा टेक का मूनशाइन टेक्नोलॉजी में महत्वपूर्ण निवेश चिंता का कारण बना हुआ है. इसी वजह से ब्रोकरेज फर्म आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने स्टॉक की रेटिंग एड से घटाकर रिडयूस कर दी है. साथ ही टारगेट प्राइस भी 1,500 रुपये से घटाकर 1,100 रुपये कर दिया गया है.

ब्रोकरेज ने कहा कि लोकसभा ने एक बिल पास किया है. इसका उद्देश्य ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर को रेगुलेट करना है. उनके अनुसार, इस बिल के लागू होने से भारत में रियल मनी गेमिंग लगभग असंभव हो जाएगी. भले ही इस सेक्टर की ज़्यादातर कंपनियां अनलिस्टेड हैं, लेकिन नजारा टेक का मूनशाइन टेक्नोलॉजी के जरिये इस क्षेत्र में बड़ा निवेश है. आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने पहले अपनी सम ऑफ द पार्ट्स वैल्यूएशन में मूनशाइन को 400 रुपये का वैल्यू दिया था. अब रियल मनी गेम्स पर बैन को देखते हुए इसे शून्य कर दिया गया है.

### महाराष्ट्र के कई जिलों के लिए जीएसटीआर-3बी की समय सीमा 27 अगस्त तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने मुंबई, ठाणे, रायगढ़ समेत महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में जुलाई के लिए जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा 27 अगस्त, 2025 तक बढ़ा दिया है. पहले यह 20 अगस्त थी. वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि सीबीआईसी ने 20 अगस्त, 2025 की अधिसूचना संख्या 12/2025-केंद्रीय कर जारी की है, जिसके तहत जुलाई 2025 के लिए फॉर्म जीएसटीआर-3बी दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गयी है. पहले यह समय सीमा 20 अगस्त थी. बोर्ड ने मुंबई क्षेत्र के कुछ हिस्सों में लगातार बारिश और जन-जीवन में व्यवधान को देखते हुए, उन पंजीकृत करदाताओं के लिए दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त 2025 तक बढ़ा दी है जिनका मुख्य व्यवसाय स्थान निम्नलिखित जिलों में स्थित है.

## सीसीपीए ने भ्रामक विज्ञापनों के लिए रैपिडो पर लगाया 10 लाख रुपये का जुर्माना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक विज्ञापनों के लिए ऑनलाइन कंपनी रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड(रैपिडो) पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है. मंत्रालय के मुताबिक इस तरह के विज्ञापन अक्सर झूठे, भ्रामक और उपभोक्ताओं के प्रति अनुचित होते हैं. नियामक ने रैपिडो को तत्काल प्रभाव से भ्रामक विज्ञापन बंद करने का भी निर्देश दिया है. उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मुताबिक सीसीपीए ने उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण की दिशा में एक और कार्रवाई करते हुए रैपिडो को भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने और अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए 10 लाख रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया है. सीसीपीए ने रैपिडो को उन ग्राहकों को बिना किसी देरी के पैसे वापस देने का निर्देश भी दिया है, जिन्होंने कंपनी के 'पांच मिनट में ऑटो या फिर पाएं 50 रुपये' ऑफर का इस्तेमाल किया था, लेकिन उन्हें यह राशि मिली नहीं. राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल, 2023 से मई, 2024 के बीच रैपिडो के खिलाफ 575 शिकायतें और जून, 2024 से जुलाई, 2025 के बीच 1,224 शिकायतें प्राप्त हुई हैं. पिछले दो वर्षों में एनसीएच को रैपिडो के खिलाफ उपभोक्ताओं की शिकायतों की संख्या में वृद्धि हुई है. सीसीपीए ने उपभोक्ताओं से ऐसे विज्ञापनों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह करते हुए कहा कि यदि भ्रामक विज्ञापनों या अनुचित व्यापार प्रथाओं से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है, तो वे निम्न कार्रवाई कर सकते हैं.

## न्यूज अपडेट

### मदुरै तेवागा सम्मेलन में भीषण गर्मी से महिला समेत चार बेहोश

**मदुरै।** तमिलनाडु वेत्री खगम सम्मेलन में गुरुवार को भाग लेने पहुंचे चार स्वयंसेवक भीषण गर्मी के कारण सम्मेलन स्थल पर बेहोश हो गए. इनमें एक महिला और 3 पुरुष हैं, इसके बाद वहां अफरातफरा का माहौल बन गया. सभी को प्राथमिक उपचार के लिए एम्बुलेंस से मेडिकल कैंप ले जाया गया. मदुरै में गुरुवार को दूसरा तेवागा राज्य सम्मेलन परापथी गांव में आयोजित हो रहा है, जहां स्वयंसेवकों की भारी भीड़ उमड़ रही है. फिल्म अभिनेता और पार्टी नेता विजय और तेवागा स्वयंसेवकों के प्रशंसक बुधवार रात से ही सम्मेलन स्थल पर जुटने लगे थे. चूंकि इस सम्मेलन में लाखों लोग भाग लेने वाले हैं, इसलिए पार्टी पदाधिकारी इसके लिए व्यवस्था करने में व्यस्त हैं.

### दोपहिया वाहनों के लिए कोई टोल नहीं लगेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने स्पष्ट किया है कि देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे पर स्थित टोल प्लाजा पर दोपहिया वाहनों से कोई उपयोगकर्ता शुल्क नहीं लिया जाता है. यह स्पष्टीकरण टोल प्लाजा पर दोपहिया वाहनों से टोल वसूली के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही फर्जी खबरों के संदर्भ में आया है. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर उपयोगकर्ता शुल्क राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) नियम, 2008 के अनुसार वसूला जाता है. दोपहिया वाहनों से टोल शुल्क लेने का कोई प्रस्ताव नहीं है. नियमों के अनुसार, टोल प्लाजा पर उपयोगकर्ता शुल्क चार या अधिक पहिया वाहनों से लिया जाता है, जिनमें कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन जैसी श्रेणियां शामिल हैं.

### सांबा के जटवाल में बस दुर्घटनाग्रस्त एक की मौत, 40 अन्य घायल

**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस गुरुवार सुबह सांबा जिले के जटवाल इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 40 अन्य घायल हो गए. अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश से कटरा जा रही बस में दुर्घटना के समय लगभग 70 लोग सवार थे. यह दुर्घटना सांबा जिले के जटवाल गाँव में हुई. अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह 3.20 बजे हुई जब बस (यूपी81बीटी 7688) घगवाल तहसील के हाई स्कूल जटवाल के पास टायर फटने के कारण पलट गई..

### अमेरिका में उड़ते विमान के पंख का हिस्सा टूटा, यात्री व चालक दल सुरक्षित

**ऑरलैंडो (फ्लोरिडा)।** ऑरलैंडो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ऑस्टिन-बर्गस्ट्रॉम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरने वाले डेल्टा एयरलाइंस के विमान के पिछले हिस्से का एक टुकड़ा टूटने से हड़कंप मच गया. बाद में विमान को सुरक्षित उतार किया गया.विमान में सवार 62 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सकुशल हैं. संघीय उड्डयन प्रशासन इस घटना की जांच कर रहा है. सीएनएन की खबर के अनुसार मंगलवार को डेल्टा एयरलाइंस की उड़ान संख्या 1893 ने ऑरलैंडो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ऑस्टिन-बर्गस्ट्रॉम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरी थी. अचानक विमान हिलने लगा, तब पता चला कि पंख के पिछले हिस्से का (पंख का फ्लैप) टुकड़ा आंशिक रूप से टूट गया है.

### अमेरिकी युद्धपोत 12 घंटे तक घिरा रहा आग की लपटों में, दो झुलसे

**ओकिनावा (नाहा) जापान।** ओकिनावा तट पर लंगर डाले खड़े अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत यूएसएस न्यू ऑरलियन्स में 12 घंटे तक आग लगी रही. इससे दो सदस्य झुलस गए. इस जहाज में बुधवार को स्थानीय समयानुसार शाम लगभग चार बजे आग लगी और गुरुवार तड़के बुझा दी गई. अमेरिकी समाचार चैनल सीएनएन की खबर के अनुसार आग बुझाने में मदद करने वाले जापान तटरक्षक बल के एक बयान में कहा गया है कि स्थानीय समयानुसार सुबह 9 बजे के बाद आग बुझाने का काम बंद हुआ. अब यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि आग पूरी तरह बुझी या नहीं. अमेरिकी नौसेना ने कहा कि उसके दो नाविक सदस्य मामूली रूप से झुलस गए. उनका इलाज पोत पर ही किया गया. यह युद्धपोत जापानी द्वीप के पूर्वी तट पर व्हाइट बीच नौसेना सुविधा केंद्र के पास लंगर डाले हुए था.

### अमेरिकी सांसद से मिले भारतीय राजदूत क्वात्रा

**नयी दिल्ली।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने बुधवार को अमेरिकी सांसद वॉरेन डेविडसन से मुलाकात की। क्वात्रा ने उन्हें भारत-अमेरिका साझेदारी के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी और हालिया व्यापार व ऊर्जा से जुड़े विकासों पर चर्चा की।हाल के घटनाक्रमों और व्यापार पर भारत के दृष्टिकोण के बारे में दी जानकारी डेविडसन अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की नेशनल सिक्योरिटी, इलिसिट फाइनेंस और इंटरनेशनल फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशंस पर बनी सब-कमिटी के अध्यक्ष हैं। इससे पहले उन्होंने कांग्रेस के सदस्य पीट सेशंस से भी बातचीत की। क्वात्रा ने ऊर्जा सुरक्षा और हाइड्रोकार्बन सहयोग को भविष्य की साझेदारी का अहम आधार बताया.




पशु प्रेमियों ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के खिलाफ नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें दिल्ली-एनसीआर के अधिकारियों को सड़कों से सभी आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया था.

## यूक्रेन पर रूस ने किया साल का सबसे बड़ा हमला

# 574 ड्रोंस और 40 मिसाइलों के साथ यूक्रेन पर बरपाया कहर

एजेंसी।कीव

यूक्रेन से संघर्ष विराम को लेकर जारी पश्चिमी देशों की कवायद के बीच रूस ने यूक्रेन पर इस साल का सबसे बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया है. यूक्रेनी वायु सेना ने इस हमले के बारे में बताते हुए कहा कि रूसी सेना ने देश के पश्चिमी इलाकों को निशाना बनाकर ज्यादातर हमले किए. यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि रूस ने उन पर 574 ड्रोन्स और 40 मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए. इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए. वहीं, यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने भी इन हमलों को लेकर बयान जारी किया. उन्होंने कहा कि रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक प्रमुख अमेरिकी इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता संस्था पर हमला किया है.

### अमेरिका समेत पश्चिमी देश संघर्षविराम की कवायद में जुटे

रूस का ये हमला तब हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत पश्चिमी देश रूस-यूक्रेन संघर्ष को रुकवाने की कोशिश में जुटे हैं. बीते हफ्ते अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के बाद सोमवार को ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक की थी. ट्रंप ने इस बैठक के दौरान साफ किया कि वे किसी तरह के संघर्ष विराम को लागू करने की जगह सीधा शांति समझौते की तरफ जाना चाहते हैं. हालांकि, इस दौरान उनकी और यूरोपीय नेताओं में इस बात पर सहमति रही कि यूक्रेन को शांति समझौते के एवज में भविष्य के खतरों से निपटने के लिए कुछ सुरक्षा गारंटी दी जा सकती हैं.



### जेलेंस्की बोले- 10 दिन में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटियों को लेकर करेंगे मंथन

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बाद में कहा कि अगले 10 दिन में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटियों को लेकर मंथन किया जाएगा और रूस के साथ वार्ता पर आगे चर्चा होगी. इस चर्चा में यूरोपीय देश के नेताओं के साथ-साथ अमेरिकी प्रशासन भी रहेगा. यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का जिम्मा ट्रंप प्रशासन की तरफ से अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो को सौंपा गया है.

### रूसी हमले बढ़े, खतरे में हैं नागरिक

रूस अब लगातार शाहिद ड्रोन, क्रूज मिसाइलों और ग्लाइड बमों का उपयोग कर यूक्रेनी शहरों पर हमला कर रहा है. इससे यूक्रेन की एयर डिफेंस व्यवस्था पर भारी दबाव है. हाल ही में राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन में अब कहीं भी शांति नहीं है. पिछले कुछ वक्त से राजधानी कीव और अन्य क्षेत्रों पर ड्रोन हमले तेज हुए हैं.

## न्यूज अपडेट

### इस्राइल के विरोध में दूतावास के अधिकारी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन ने उत्तर-पश्चिम सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के एक वरिष्ठ सदस्य को गिरफ्तार किया है। बुधवार को चलाए गए इस अभियान की पुष्टि सीरियाई मीडिया और एक युद्ध निगरानी संगठन ने की। अधिकारियों ने पहचान का खुलासा नहीं किया है, ऐसे में अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पकड़ा गया शख्स आईएस का सर्वोच्च नेता है या कोई आम सदस्य। सूत्रों के अनुसार, इराकी नागरिक और आईएस कमांडर अबू हाफिज अल-कुरैशी को तुर्किये की सीमा के पास आतमेह कस्बे में हेलीकॉप्टर से उतरे सैनिकों ने पकड़ा। ब्रिटेन की संस्था- सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के मुताबिक, इस अभियान के दौरान एक अन्य इराकी नागरिक मारा गया.

### इस्राइल में वेस्ट बैंक सेटलमेंट परियोजना को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** इस्राइल ने अपने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में एक बस्ती बसाने की विवादास्पद परियोजना को अंतिम मंजूरी दे दी है। परियोजना लागू होने के बाद वेस्ट बैंक दो हिस्सों में बंट सकता है। इस मामले में फलस्तीनी और मानवाधिकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में स्वतंत्र फलस्तीनी की संभावना लगभग समाप्त हो जाएगी। बुधवार को वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने इस मंजूरी को पश्चिमी देशों के को इस्राइल का करारा जवाब बताया। स्मोट्रिच ने कहा, स्वतंत्र फलस्तीन अब नारेबाजी से नहीं बल्कि ठोस कदमों से मिटाया जा रहा है। हर बस्ती, हर मोहल्ला और हर मकान इस खतरनाक विचार के ताबूत में एक और कील है। इस्राइल के इस निर्णय को क्षेत्र में तनाव बढ़ाने और शांति प्रक्रिया के लिए गंभीर झटका माना जा रहा है.

### कांगो और एम23 विद्रोहियों के बीच शांति समझौते की कोशिश

**नयी दिल्ली।** कांगो सरकार और रवांडा समर्थित विद्रोही संगठन एम23 के बीच एक शांति समझौते का मसौदा तैयार हुआ है। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य-उन इलाकों पर फिर से सरकारी नियंत्रण लाना है, जिन पर फिलहाल एम23 का कब्जा है। यह समझौता कतर की पहल पर तैयार किया गया है और इसमें शांति कायम करने के लिए तीन चरणों वाली प्रक्रिया का जिक्र है। आने वाले दिनों में दोनों पक्ष कतर की राजधानी दोहा में बैठकर इस मसौदे पर चर्चा करेंगे। कांगो के राष्ट्रपति फेलिक्स त्सेसीकेदी अभी इस मसौदे से संतुष्ट नहीं हैं। वहीं, बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रीवोट ने कहा कि राष्ट्रपति का मानना है कि मसौदा अभी अधूरा और असंतोषजनक है। वहीं, एम23 के नेता बर्ट्रेंड बिसिमवा ने इस मसौदे पर कोई सीधी टिप्पणी नहीं की.

### सैन्य विमानों पर 1.6 अरब डॉलर खर्च करेगा न्यूजीलैंड

**नयी दिल्ली।** न्यूजीलैंड सरकार ने अपना रक्षा बजट दोगुना करने का फैसला किया है, इसके तहत गुरुवार को न्यूजीलैंड की सेना ने अपने पुराने विमानों को बदलने के लिए 2.7 अरब न्यूज़ीलैंड डॉलर (1.6 अरब अमेरिकी डॉलर) के नए सैन्य खर्च की घोषणा की। वरिष्ठ अधिकारियों ने तेजी से बढ़ते वैश्विक तनाव और बिगड़ते सुरक्षा माहौल का हवाला देते हुए इस पैकेज का एलान किया। न्यूजीलैंड ने अगले दशक में अपने रक्षा खर्च को जीडीपी के 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 2 प्रतिशत करने का फैसला किया है। इस खरीद में मौजूदा समुद्री बेड़े के स्थान पर पांच एमएच-60आर सीहॉक हेलीकॉप्टर और दो एयरबस ए321एक्सएलआर विमान शामिल हैं। जिससे 30 वर्ष से अधिक पुराने और खरीदे जाने के समय सेकेण्ड-हैंड बोइंग 757 विमानों को हटाया जा सकेगा।

## इजराइल गाजा शहर पर हमले को तैयार

# सैनिकों का बाहरी इलाके में जमावड़ा

एजेंसी।तेल अवीव (इजराइल)

इजराइल गाजा शहर पर हमले के लिए तैयार है. इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) के सैनिक बाहरी इलाके में पहंच चुके हैं. इजराइली अधिकारियों ने कल कहा कि सेना गाजा शहर पर कब्जा करने की योजना पर आगे बढ़ रही है. लगभग दो साल के युद्ध के बाद भी शहर और उसके आसपास के इलाके आतंकवादी समूह हमास का गढ़ बने हुए हैं. द न्यूयॉर्क टाइम्स ने इजराइल के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के हवाले से कहा कि सैनिक शहर के बाहरी इलाके में पहुंच चुके हैं. सैन्य अभियान शुरू होने के बाद विस्थापित होने वाले लोगों के लिए दक्षिणी गाजा में तंबू लगाए जा रहे हैं. योजना में शहर को घेरने, आबादी को आतंकवादियों से मुक्त कराने, हमास



लड़ाकों को पकड़ने के लिए सैनिक चौकियों से होते हुए दक्षिण की ओर बलपूर्वक बढ़ेंगे. गाजा शहर में भेजे गए सैनिकों की मदद के लिए लगभग 60,000 आरक्षित सैनिकों को तैयार रखा गया है. इस समय 20,000 सैनिकों को आगे बढ़ने का आदेश दिया गया है.

यह तैयारी तब शुरू हुई जब प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के युद्धविराम प्रस्ताव पर सहमत होने पर विचार किया है. इजराइल में बंधकों के परिवार चिंतित हैं. परिवारों का मानना है कि हमास हमले के जवाब में उन्हें मार डालेगा. इस बीच कट्टर दक्षिणपंथी नेताओं ने धमकी दी है कि अगर नेतन्याहू युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं तो वे सरकार छोड़ देंगे.

इस बीच आईडीएफ ने एक्स पोस्ट में सैन्य तैयारी की पुष्टि की है. आईडीएफ ने कहा कि सैनिकों ने गाजा के लगभग 75 फीसद से अधिक हिस्से पर परिचालन नियंत्रण कर लिया है. हमास के आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर प्रहार कर उसकी कमान शक्ति को कमजोर कर दिया गया है.आईडीएफ अपने अभियान को विस्तार देने के लिए पूरी तरह तैयार है.



बुधवार को हुई जानलेवा हमले के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल, मनोज तिवारी और बांसुरी स्वराज बैठक करतीं.

## पाकिस्तान में भारी बारिश से तबाही

# सिंधु नदी में आई बाढ़ ने हजारों को किया बेघर

एजेंसी।इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पंजाब में भारी बारिश से सिंधु नदी में आई बाढ़ ने तबाही मचा दी है। हजारों लोग बेघर हो गए और कपास, तिल व मूंग जैसी फसलें बर्बाद हो गईं। कई गांवों में घर ढह गए और लोग पशुओं को बचाने में संघर्ष कर रहे हैं। पीडीएमए ने रेड अलर्ट जारी किया है। यह आपदा जलवायु संकट को लेकर पाकिस्तान की स्थिति को एक बार फिर उजागर करती है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भारी बारिश ने भयंकर बाढ़ का रूप ले लिया है। सिंधु नदी में पानी का स्तर बढ़ने से हजारों गांववाले अपने घर छोड़ने को मजबूर हो गए। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, लेय्या-तौंसा ब्रिज को बचाने के लिए बनाए गए सभी सुरक्षात्मक बांध और तटबंध बह गए। इससे निचले इलाकों में बसे ग्रामीणों के घर और खेत पूरी तरह तबाह हो गए हैं।

घरों और फसलों का नुकसान : भारी बाढ़ ने कच्चे घरों को मलबे में बदल दिया। कई गांवों में लोग बेघर हो गए और उनके पास अब न तो छत है और न ही रोज़गार का कोई साधन। हजारों एकड़ में फैली फसलें पानी में डूबकर नष्ट हो गईं। जिन फसलों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है उनमें कपास, तिल और मूंग शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने सरकार की नाकामी पर नाराजगी जताई और कहा कि समय रहते रोकथाम के उपाय नहीं किए गए।

बारिश का रिकॉर्ड और प्रभावित इलाके : पिछले 24 घंटे में सरगोधा में 54 मिमी और फैसलाबाद में 31 मिमी बारिश दर्ज की गई। लाहौर, गुजरांवाला और रावलपिंडी जैसे शहरों में भी भारी बारिश हुई.




### बोलीविया में चुना जाएगा नया राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली।** बोलीविया में नया राष्ट्रपति चुना जाएगा। यह चुनाव देश में लगभग 20 साल से चल रही समाजवादी सरकार से बदलाव की ओर इशारा करता है। लेकिन आदिवासी समुदायों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं को भरोसा नहीं है कि इससे अमेजन जंगलों की कटाई, आग या प्रदूषण जैसी समस्याएं रुकेंगी। 19 अक्तूबर को होने वाले चुनाव में दो नेता मध्यमार्गी रोड्रिगो पाज और दक्षिणपंथी जॉर्ज टूटो क्विरोगा आमने-सामने हैं। दोनों बदलाव का वादा कर रहे हैं, लेकिन उनका आर्थिक मॉडल वही है, जिसने अब तक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है। अमेजन जंगल नौ देशों में फैला हुआ है और यह दुनिया की जलवायु और कार्बन संतुलन के लिए बहुत अहम है। इसका 8% हिस्सा बोलीविया में है.

# लखपति दीदियों की जिंदगी पहले से बेहतर हुआ है : शिवराज चौहान

एजेंसी।नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लखपति दीदियों की असाधारण उपलब्धियां, ग्रामीण सड़कें और आवास ने लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव किया है. शिवराज ने गुरुवार को यहां के पूसा में वृहदकर्मचारी संकल्प सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में हरेक दिन, हर क्षण महत्वपूर्ण है और अपनी जनता की जिंदगी को बेहतर बनाने में सभी अपना-अपना योगदान दें. हमारा काम राष्ट्र निर्माण का, सभी इस भावना से काम करें कि आत्मनिर्भर भारत बनाने में एक ईंट मेरी भी लगेगी. उन्होंने कहा कि कृषि विभाग, आईसीएआर और ग्रामीण विकास मंत्रालय की देश के विकास में अहम भूमिका है. आज अन्न के भंडार भरे हुए हैं, चुनौतियों का मुकाबला करते हुए हम दृढ़ निश्चय से और आगे बढ़ेंगे. हम सभी कृषि उत्पादों में पूरी मेहनत से किसानों और राज्य सरकारों के साथ मिलकर आत्मनिर्भर हों.



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर कहा- ₹सरकार फाइल में नहीं, जनता की लाइफ में दिखना चाहिए₹, हम इसी दिशा में संकल्पित होकर आगे बढ़ें. उन्होंने कहा नकली खाद-बीज व कीटनाशक के नाम पर किसान लुटते रहे और हम देखते रहे, अब ऐसा बिल्कुल नहीं होगा.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.